जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

रांची, औरंगाबाद एवं आरा से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.sonvarshavani.com

● रांची ● वर्ष -04 ● अंक - 352 ● शुक्रवार 07 फरवरी 2025 ● रजि नं. - JHAHIN/2022/82776 ● पृष्ठ -12 ● मूल्य : 2 रुपये

## मणिपुर में भाजपा की सरकार पर संकट के आसार !

● विधायकों संग सीएम बीरेन की दिल्ली दौड़, गवर्नर भी रवाना

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में बीरेन सिंह के नेतृत्व में भाजपा सरकार में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। भाजपा के कई विधायक सीएम बीरेन से नाखुश हैं। कुछ विधायकों में असंतोष की खबरों के बीच मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह मंत्रियों और आठ अन्य विधायकों के साथ दिल्ली रवाना हुए।



उनकी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात हो सकती है। सूत्रों का कहना है कि सात विधायक और चार भाजपा पदाधिकारी भी मुख्यमंत्री के निकलने के तुरंत बाद एक चार्टर्ड फ्लाइट से दिल्ली की ओर निकल गए। मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला भी दिल्ली रवाना हो गए हैं, लेकिन उनकी यात्रा के कारणों की पुष्टि नहीं हो पाई है। दिल्ली जाने वाले तीन कैबिनेट मंत्रियों थोंगम बिश्वजीत सिंह, कोंथोजम गोविंदास और एल. सुसिंद्रो मैतेई शामिल हैं। इनके अलावा चार विधायक खोंगबंताबम इबोमचा सिंह, सापम कुंजाकेशोर सिंह, करम श्याम सिंह और एस. प्रेमचंद्र भी निकले हैं। इसके अतिरिक्त चार अन्य भाजपा पदाधिकारी रॉबर्टसन एसेम, नगासेपम रामचंद्र, एस. डोनिल शर्मा और ए. मुनिंद्रजीत सिंह भी दिल्ली रवाना हुए।

## भारत को 2025 में मिलेगी एस-400 की चौथी स्क्वाड्रन

### रूस से 5 की डील, 3 मिल चुके, 400 किमी तक है रेंज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत को एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम का चौथा स्क्वाड्रन साल 2025 के अंत तक मिल सकता है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, दिसंबर तक एस-400 स्क्वाड्रन भारत आ जाए। वहीं पांचवां और अंतिम स्क्वाड्रन 2026 में मिलने की उम्मीद है। भारत और रूस के बीच 2018 में एस-400 के पांच स्क्वाड्रन के लिए 35 हजार करोड़ की डील फाइनल हुई थी। इसमें से 3 स्क्वाड्रन चीन और पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात हैं। 2 का



आना बाकी है। एस-400 स्क्वाड्रन में 16 व्हीकल शामिल होते हैं, जिनमें लॉन्चर, रडार, कंट्रोल सेंटर और सहायक वाहन शामिल हैं। यह 600 किमी दूर टारगेट को ट्रैक कर लेता है और टारगेट हिट करने की रेंज 400 किमी है। भारतीय सेना ने जुलाई 2024 में मिसाइल की प्रैक्टिस की थी, 80 फीसदी टारगेट सटीक रहे इंडियन एयरफोर्स ने जुलाई 2024 में एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की वॉर प्रैक्टिस की थी। जिसमें एस-400 ने दुश्मन के 80त्न लड़ाकू विमानों को मार गिराया था। इस दौरान सेना के बाकी फाइटर प्लेन पीछे हटने पर मजबूर हो गए।

## ओडिशा के स्कूलों का दौरा करेंगे आईएएस अधिकारी

### मिड-डे मील चखने का आदेश, आदिवासी लड़कियों से बातचीत भी

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** कार्यभार संभालने के लगभग सात महीने बाद, ओडिशा की मोहन माझी सरकार ने सभी विभागीय सचिवों को कम से कम एक ग्राम पंचायत का दौरा करने और उस विशेष ग्राम पंचायत में बुनियादी सुविधाओं का आंकलन करने के लिए कहा है। साथ ही उनसे स्कूलों में मिड-डे मील को भी चखने के लिए कहा गया है। विकास आयुक्त अनु गर्ग ने सभी विभागीय सचिवों को लिखे पत्र में कहा, अधिकारियों को भोजन की गुणवत्ता और माहौल की



जांच करने के लिए एसटी/एससी छात्रावास या स्कूलों में या आहार केंद्र या अनाथालय में या तो कम से कम एक बार भोजन (भुगतान के आधार पर) करना चाहिए और विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन की बारीकी से निगरानी करने के लिए उप-मंडल स्तर पर एक रात बितानी चाहिए। वे छात्रों/निवासियों के साथ बातचीत करने और सुरक्षा, सुविधाओं, उनके साथ किए जाने वाले व्यवहार आदि जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रतिक्रिया प्राप्त करने के अवसर का उपयोग कर सकते हैं। अधिकारियों को विभिन्न क्षेत्रों के लोगों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों, आंगनवाड़ी केंद्रों में लाभार्थियों और स्कूलों और छात्रावासों में आदिवासी लड़कियों से बातचीत करेंगे।

## परीक्षा पे चर्चा 10 फरवरी को, 8 एपिसोड में होगा इवेंट

### दीपिका पादुकोण, विक्रांत मेसी समेत 12 सेलिब्रिटी भी होंगे शामिल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 फरवरी सुबह 11 बजे परीक्षा पे चर्चा 2025 के 8वें संस्करण में स्टूडेंट्स, टीचर्स और पेरेंट्स से बातचीत करेंगे। इस साल यह इवेंट एक नए इंटरेक्टिव फॉर्मेट में होगा। इस बार इवेंट में पीएम मोदी के साथ कई सेलिब्रिटीज भी हिस्सा लेंगे। पूरा इवेंट 8 एपिसोड में बांटा जाएगा। इनमें अलग-अलग फील्ड की कुल 12 हस्तियां बच्चों के सवालों के जवाब देंगी। 3.30 करोड़ से ज्यादा रजिस्ट्रेशन परीक्षा पे चर्चा 2025 में इस साल भारत और विदेशों से 3.30 करोड़ से ज्यादा स्टूडेंट्स, टीचर्स और पेरेंट्स ने रजिस्ट्रेशन किया है। पीपीसी 2025 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 14 दिसंबर 2024 को शुरू हुआ था और 14 जनवरी 2025 को बंद हुआ। कार्यक्रम 10 फरवरी 2025 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में टाउन हॉल फॉर्मेट में आयोजित किया जाएगा। 2018 में शुरू हुआ यह इवेंट हर साल कक्षा 6 से 12 तक के स्टूडेंट्स को परीक्षा के तनाव और दबाव से निपटने में मदद करने के लिए आयोजित किया जाता है। इस इंटरेक्टिव इवेंट में बच्चों को प्रधानमंत्री से सवाल पूछने का मौका मिलता है और चयनित सवाल कार्यक्रम में शामिल किए जाते हैं। पीपीसी में शामिल होने के लिए देशभर के स्कूलों में 12 से 23 जनवरी 2025 के बीच कई इवेंट्स का आयोजन किया गया।

## कांग्रेस मॉडल में फैमिली फर्स्ट, हमारे लिए नेशन फर्स्ट

● राज्यसभा में मोदी ने कहा-कांग्रेस पार्टी रंग बदलने में है माहिर ● कांग्रेस से सबका साथ-सबका विकास पर अपेक्षा करना गलती ● राज्यसभा में पीएम बोले-इसके मॉडल में एक ही परिवार सब कुछ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दिया। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति ने विस्तार से चर्चा की है, देश को आगे की दिशा भी दिखाई है। राष्ट्रपति जी का अभिभाषण प्रेरक भी था, प्रभावी भी था और हम सबके लिए भविष्य के काम पर मार्गदर्शक भी था। इसे जिसने जैसा समझा, वैसे समझाया। उन्होंने कहा, सबका साथ, सबका विकास पर यहां बहुत कुछ कहा गया। इसमें कठिनाई क्या है। ये तो हम सबका दायित्व है। जहां तक कांग्रेस का सवाल है, उनसे इसके लिए कोई अपेक्षा करना बहुत बड़ी गलती हो जाएगी। ये उनकी सोच, समझ के बाहर है और रोडमैप में भी सूट नहीं करता। इतना बड़ा दल एक परिवार के लिए समर्पित हो गया है। उसके लिए ये संभव ही नहीं है। मोदी ने कहा, कांग्रेस के मॉडल में फैमिली फर्स्ट सर्वोपरि रहा है। देश की जनता ने हमें तीसरी बार लगातार सेवा का मौका दिया। ये बताता है कि देश की जनता ने हमारे विकास के मॉडल



को परखा है, समझा है और समर्थन दिया है। हमारा ये मॉडल एक शब्द में कहना हो तो कहूंगा- नेशन फर्स्ट। इसी उम्दा भावना के साथ वाणी-वर्तन, नीतियों में इसी एक बात को मानदंड मानकर सेवा करने का प्रयास किया है। हमारे देश में दिव्यांगों की कभी सुनवाई नहीं हुई। दिव्यांग जन भी सबका साथ सबका विकास के मंत्र से आरक्षण पा सके। हमने उनकी सुविधाओं के लिए मिशन मोड पर काम किया। योजनाएं बनाईं और लागू भी किया। ट्रांसजेंडर के अधिकारों के लिए प्रमाणिक काम किया। सबका साथ और सबका विकास को हम जीते हैं। हमारे देश में जब-जब आरक्षण का विषय आया है तो समस्या का समाधान करने का प्रयास नहीं हुआ। तनाव और दुश्मनी पैदा करने के तरीके अपनाए गए। पहली बार हमारी सरकार ने ऐसा मॉडल दिया, जिसमें समाधान ढूंढ़ा गया। हमने सामान्य वर्ग के गरीब को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया।

## जयपुर में भीषण सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत

**जयपुर (एजेंसी)।** जयपुर के दूदू में टायर फटने से बेकाबू हुई रोडवेज बस ने कार को टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। 6 लोग घायल हो गए। हादसा जयपुर-अजमेर हाईवे पर मौखमपुरा में गुरुवार दोपहर करीब 3.45 बजे हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसपी आनंद कुमार शर्मा ने बताया- रोडवेज बस जयपुर से अजमेर जा रही थी। ईको कार अजमेर से जयपुर की ओर आ रही थी। इसी दौरान अचानक रोडवेज बस का टायर फट गया। इससे बस बेकाबू हो गई। उसने डिवाइडर कूदकर दूसरी तरफ से आ रही कार को टक्कर मार दी। हादसे में ईको कार बुरी तरह पिचक गई। उसके अंदर बैठे सभी आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

## शिवपुरी में एयर फोर्स का लड़ाकू विमान हो गया क्रैश

● जलकर हुआ खाक, दोनों पायलटों ने खुद को कर लिया था इजेक्ट

**शिवपुरी (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश में शिवपुरी के पास गुरुवार को सेना का एक ट्विन-सीटर मिराज 2000 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के वक्त यह नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था और इसमें दो पायलट सवार थे। विमान के क्रैश होने से पहले दोनों पायलटों ने खुद को विमान से इजेक्ट (झटके से बाहर निकलना) कर लिया था। जिसकी



वजह से दोनों पायलट सुरक्षित हैं और मामूली रूप से घायल बताए जा रहे हैं। उन्हें ले जाने के लिए मौके पर एयरफोर्स का हेलीकॉप्टर पहुंचा, जिसके बाद दोनों को ग्वालियर ले जाया गया। विमान एक खेत में क्रैश हुआ, जिसके बाद उसमें आग लग गई और वो जलकर खाक हो गया। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घायल पायलटों को सुरक्षित दूर करते हुए अस्पताल पहुंचाने में मदद की। इस बारे में जानकारी देते हुए रक्षा अधिकारी ने कहा कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए आदेश दिया जा रहा है।

## यूजीसी के बहाने अपना विचार थोपना चाहता है संघ

### राहुल बोले-इनका इरादा राज्यों के इतिहास और संस्कृति को खत्म करना, देश इसे स्वीकार नहीं करेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (जीसी) के नए मसौदा नियमों का विरोध किया। उन्होंने कहा कि भाजपा देशभर में संघ का एजेंडा चलाना चाहती है। वे एक विचार, एक इतिहास और एक भाषा थोपना चाहते हैं। राहुल ने कहा, आरएसएस का मकसद देश की अलग-अलग संस्कृतियों और इतिहासों को खत्म करना है। वे संविधान पर हमला करके अपने विचार को थोपना चाहते हैं। राहुल ने कहा कि हर राज्य की अपनी भाषा, संस्कृति और इतिहास है। इन्हीं से मिलकर भारत बना है। तमिल लोगों का अपना इतिहास और परंपरा है। ऐसे नियम लाना तमिल समेत हर राज्य का अपमान



है, जहां आरएसएस अपनी हुकूमत चलाना चाहता है। कांग्रेस ने जीसी के नए नियमों को तानाशाही और संविधान विरोधी बताया और इन्हें तुरंत वापस लेने की मांग की। दरअसल, इंडिया ने दिल्ली के जंतर मंतर पर यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में राहुल गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी नेता शामिल हुए। अखिलेश यादव ने कहाकि संघ और भाजपा राज्य सरकारों की ताकत छीनना चाहते हैं। वे राजनेताओं को उद्योगपतियों का सेवक बनाना चाहते हैं। मैं नई शिक्षा नीति का विरोध करता हूं। जयराम रमेश बोले संविधान का संघवाद का सिद्धांत पवित्र है और शिक्षा की क्वालिटी को बेहतर बनाना केंद्र के शिक्षा मंत्रालय का मकसद होना चाहिए, लेकिन वे अपने विचार देश में थोपना चाहते हैं। 6 राज्यों ने जताया विरोधः गैर-भाजपा सरकारों वाले राज्य यूजीसी के नए ड्रॉफ्ट का विरोध कर रहे हैं। इनमें कर्नाटक, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, केरल और तमिलनाडु शामिल हैं।

## मीणा-समाज में गोद-भराई की रस्म बंद, बर्थडे सेलीब्रेशन पर पाबंदी

● नहीं माना तो 1 लाख का जुर्माना, महापंचायत का निर्णय-पंच-पटेल सुनाएंगे सजा

**दौसा (एजेंसी)।** राजस्थान के मीणा समाज ने अपने लिए नए सामाजिक नियमों का ऐलान किया है। महापंचायत में जुटे हजारों लोगों ने तय किया कि अब किसी घर में गोद-भराई की रस्म नहीं होगी। दहेज की जानकारी भी सार्वजनिक नहीं की जाएगी। महापंचायत ने भैया दूज भी नहीं मनाने सहित 17 बड़े डिसीजन लिए हैं। नियमों का पालन के लिए पंच-पटेल जिम्मेदार होंगे और जुर्माना भी लगेगा। दरअसल, 18 जनवरी 2025 को करौली जिले में गोद-भराई की रस्म नहीं करने पर विवाद समाने आया था। इसके बाद महापंचायत ने लड़की के परिवार पर 11 लाख का जुर्माना लगा दिया था। इस घटना के बाद सामाजिक व शादी-समारोह की परंपराओं पर सुधार की बात उठने लगी थी। इसी को लेकर 5 फरवरी 2025 को दौसा में मीणा सेवा संघ की महापंचायत हुई।

## अमेरिका से भारतीयों की बेदखली पहली बार नहीं

### जयशंकर बोले-16 सालों में 15,652 लोगों को वापस भेजा

### कांग्रेस का आरोप-नागरिकों से आतंकवादियों जैसा बर्ताव किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अवैध प्रवासियों के भारत लौटने के बाद पहली बार विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अवैध रूप से रह रहे नागरिकों को वापस लेना देशों की 'जिम्मेदारी' बताया है।



बुधवार को ही पंजाब के अमृतसर में 100 से ज्यादा ऐसे भारतीय लौटे हैं, जिन्हें अमेरिका में अवैध प्रवासी करार दे दिया गया था। भारत वापस लौटने के तरीकों को लेकर विपक्ष भी जमकर विरोध जता रहा है। राज्यसभा में एस जयशंकर ने कहा, ...यह सभी देशों की जिम्मेदारी है कि अगर उनके नागरिक विदेश में अवैध रूप से रहते पाए जाते हैं, तो उन्हें वापस लिया जाए...। उन्होंने यह भी कहा है कि डिपोर्टेशन की प्रक्रिया नई नहीं है। अमेरिका से सेना के विमान के जरिए 104 भारतीय वापस लौटे हैं। विमान बुधवार को श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लैंड हुआ था। विदेश मंत्री ने कहा, अमेरिका की तरफ से किए जा रहे डिपोर्टेशन का काम इमीग्रेशन एंड कस्टम एन्फोर्समेंट की तरफ से किया जा रहा है। यूएसए जिन मुद्दों पर काम करता है वह साल 2012 से प्रभावी है। उसमें बांधे जाने की बात कही गई है। हमें एजेंसी ने बताया है कि महिलाओं और बच्चों को बांधा नहीं गया था।

## भारतीयों के साथ अपराधियों जैसा बर्ताव कर रहा यूएस

### प्रवासियों की सुरक्षा के लिए नया कानून ला सकता है भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका से निकाले जा रहे अवैध भारतीयों के मुद्दे पर घमासान मचा हुआ है। विपक्ष लगातार केंद्र पर हमलावर है। अब इस मुद्दे पर केंद्र सरकार एक बड़ा कदम उठा सकती है। दरअसल केंद्र सरकार विदेशी रोजगार के लिए सुरक्षित, सुव्यवस्थित और नियमित प्रवासन को बढ़ावा देने के लिए एक नए कानून को लाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। यह कदम ऐसे समय में उठाया जा सकता है जब एक अमेरिकी सैन्य विमान बुधवार को 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर अमृतसर पहुंचा। अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई के तहत डोनाल्ड ट्रंप सरकार द्वारा निर्वासित भारतीयों का यह पहला जत्था है। निर्वासित लोगों ने दावा किया कि पूरी यात्रा के दौरान उनके हाथ-पैरों में हथकड़ी लगी रही और अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरने के बाद ही उन्हें खोला गया।

लोकसभा में सोमवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली संसदीय स्थायी समिति (विदेश मामलों) द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट में 'ओवरसीज मोबिलिटी (सुविधा और कल्याण) विधेयक, 2024' का प्रस्ताव रखा गया। इस विधेयक का उद्देश्य



विदेशों में रोजगार के लिए जाने वाले भारतीय नागरिकों के प्रवासन को सुरक्षित और संगठित बनाना है।

यह विधेयक, संसदीय स्थायी समिति ऑन एक्सटर्नल अफेयर्स की रिपोर्ट में सामने आया था। इस समिति के अध्यक्ष कांग्रेस सांसद शशि थरूर हैं। थरूर की अध्यक्षता वाली इस समिति की रिपोर्ट में कहा गया है, वैश्विक प्रवासन की बदलती प्रवृत्तियों और भारतीय नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, समिति ने बार-बार 1983 के प्रवासन अधिनियम में व्यापक सुधार की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है। लंबे विलंब के बाद, मंत्रालय अब गंभीरता से एक नए कानून को लागू करने पर विचार कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल ने स्वर कोकिला लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**एजेंसी । रांची।** प्रदेश के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने स्वर कोकिला और भारत रत्न लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।राज्यपाल ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर पर लिखा, ''संगीत की दुनिया में 'स्वर कोकिला' के नाम से प्रख्यात 'भारत रत्न' लता मंगेशकर जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि''।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सीखे भाजपा : सुप्रियो



**एजेंसी । रांची:** झामुमो केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि भाजपा को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपने लोगों की सुरक्षा के बारे में सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में मुख्यामंत्री हेमंत सोरेन देश के कई इलाकों में फंसे लोगों को विशेष विमान भेजकर सकुशल लाया। उन्होंने कहा कि पांच फरवरी को अमृतसर हवाई अडडे पर अमेरिका की ओर 103 भारतीयों को बेडियों में जकड़ कर लाया गया जो हम सभी के लिए खेदजनक स्थिति है। भट्टाचार्य गुरुवार को झामुमो के कायार्लय में संवाददाता संम्मेलन को संबोधित कर रहे थे । मौके पर उन्होंने केंद्र सरकार के हार्ले डेविडसन इंजन पर सीमा शुल्क घटाने की नीतियों की भी आलोचना की। सुप्रियो ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के कार्यकाल में जहां एक डॉलर चार रुपए 87 पैसे का था वह अब बढ़कर 87 रूपये 75 पैसे का हो गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पूर्व के पंचशील समझौते को ताक पर रख दिया है।

### रांची विवि के खेल दीक्षांत समारोह में 11 को गोल्ड



**एजेंसी । रांची।** रांची विश्वविद्यालय का पहला स्पोर्ट्स और सांस्कृातिक दीक्षांत समारोह गुरुवार को आर्यभट्ट सभागार में धूमधम से संपन्न हुआ। दीक्षांत समारोह में 11 अभ्यर्थियों को गोल्ड, 82 को रजत तथा 63 कांस्य पदक समेत कुल 120 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह में हॉकी, क्रिकेट, फुटबॉल , वुशू जैसे खेल तथा गीत, संगीत, योग और कला जैसे विषयों में राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफल छात्रों और खिलाड़ियों को मंच पर कुलाधिपति संतोष गंगवार और कुलपति अजित कुमार सिन्हा ने सम्मानित किया। इस दौरान 156 छात्रों और खिलाड़ियों को पदक तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वूडबॉल, रीले दौड़, फुटबॉल, तीरदांजी, हॉकी, एथलेटिक्स जैसे खेलों तथा वोकल सोलो, क्लेस मॉडलिंग , इंस्टालेयान में विजेता छात्रों और खिलाड़ियों को इस दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया गया। इनको मिला गोल्डस मेडल वूडबॉल् टीम इवेंट में आशुतोष कुमार, सौरभ कुमार, रोशन लिंडा, शुभम कुमार शर्मा, प्रियांशू किस्पोडट्टा, नितिश सुरीन, रितिक उरांव, वूडबॉल इंडिविजुअल और मिक्सा इवेंट में वर्षा खलखो, उमेश मंडल, वेस्टर्न वोकल सोलो गायन में यामिमा कच्छप, क्लेम मॉडलिंग तथा में गौरव पाल, शूटिंग चैंपियनशिप में अजय नाग और निशांत सिंह को स्वर्ण पदक और यह दोनों खिलाड़ी को वर्ल्ड मास्टर गेम 2025, ताइवान के लिए भी चयनित किया गया है। मौके पर वीसी प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि विश्वविद्यालय में युवाओं के लिये शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही स्पो्ट्र्स तथा सांस्कृलतिक गतिविधियों को भी सिंचित करना रांची विश्वविद्यालय का लक्ष्य है। हम इसके लिये कृतसंकल्पि हैं। इसलिये हमने पूर्वी जोन में पहली बार इस तरह के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया है। हम अपने खिलाड़ियों तथा युवा कलाकारों को इस मंच पर सम्मानित कर रहे हैं ।साथ ही अब इन्हें कोंचिंग ट्रेनिंग, कैंप और अन्य सभी सुविधायें भी निरंतर उपलब्ध करायेंगे।

### विधायक ने टंडवा प्रखंड कार्यालय में समीक्षात्मक बैठक की

**एजेंसी । चतरा।** टंडवा प्रखंड सभागार भवन में सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल दास ने गुरुवार को समीक्षात्मक बैठक में भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव एवं संचालन भाजपा नेता ईश्वर दयाल पांडे ने किया। इस अवसर पर प्रखंड और अंचल संबंधित, शिक्षा विभाग, पेयजल विभाग, वन प्रक्षेत्र विभाग, चिकित्सा और विभाग के कर्मियों के साथ बैठक कर जानकारी ली। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, मनरेगा, अबुआ आवास, पीएचईडी विभाग और अतिक्रमण से जुड़ी कई मामले प्रकाश में आया। विधायक ने कई अनुपस्थित पदाधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रखंड के पदाधिकारी एवं जनता के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को समस्याओं के शीघ्र निष्पादन के लिए चेताते हुए कहा कि टंडवा को विकसित प्रखंड के रूप में हम सभी को मिलकर बनाना है। यह बड़ी संकल्प को एक सपने के रूप में सभी को साथ मिलकर मदद करने की बात कही। वही कई मामलों को विधानसभा में उठाने की बात कही। उन्होंने शहीद चौक गाड़ीलौंग के रास्ते अविलंब कोल और फ्लाई ऐश वाहन को आवागमन पर पुलिस प्रशासन को प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। इस बैठक के गाड़ीलौंग में खाता संख्या 161 जिसका रकवा 34 एकड़ है। उसे अतिक्रमण से मुक्त कराने का मामला गहमागहमी में रहा।

# खेल और संस्कृति शिक्षा का अभिन्न अंग: राज्यपाल

एजेंसी । रांची






राज्यपाल-सह-कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियां शिक्षा का अभिन्न अंग हैं। ये विद्यार्थियों में अनुशासन, आपसी सहयोग, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करने का कार्य करती हैं। राज्यपाल गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय के प्रथम खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम हैं। मैं इस पहल के लिए संपूर्ण रांची विश्वविद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि झारखंड अपनी अद्वितीय सांस्कृतिक विविधता और खेल प्रतिभाओं के लिए प्रसिद्ध है। यह राज्य न केवल अपनी समृद्ध जनजातीय परंपराओं और लोक कलाओं के लिए जाना जाता है, बल्कि खेलों में भी इसकी विशेष पहचान है। यहां की धरती ने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को जन्म दिया है, जिन्होंने देश का मान बढ़ाया है। तीरंदाजी, हॉकी, फुटबॉल, वुशु और एथलेटिक्स जैसे खेलों में झारखंड के युवा अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। इसी प्रकार, संगीत, नृत्य, नाटक और लोककला में भी यहाँ की प्रतिभाएँ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी छाप छोड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश की युवा शक्ति केवल ज्ञान अर्जन तक सीमित न रहकर खेल, संस्कृति और नवाचार के क्षेत्रों में भी अपनी पहचान बना रहे है। एक स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और यह आवश्यक है कि वे अपने कौशल का उपयोग राष्ट्र की उन्नति के लिए करें। उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय झारखंड की गौरवशाली शैक्षणिक संस्थाओं में से एक है और यह विश्वविद्यालय निरंतर शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को भी ऊंचाइयों तक ले जाने में संघर्षरत रहा है। यहां के विद्यार्थी न केवल शिक्षा में बल्कि खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अपनी विशिष्ट पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह दीक्षांत समारोह खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की उत्कृष्टता का प्रतीक है। रांची विश्वविद्यालय प्रत्येक वर्ष खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता है और श्रेष्ठ एवं प्रतिभावान छात्रों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करता है। हर्ष का विषय है कि पुरुष एवं महिला दोनों को समान अवसर प्रदान किए जाते हैं। राज्यपाल ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय ने कई श्रेष्ठ एवं प्रतिभावान रत्न देश को दिए हैं। योग के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का दूसरा स्थान है। महिला हॉकी में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाली विश्व स्तर की खिलाड़ी हैं, जिनमें सलीमा टेटे, निक्की प्रधान और संगीता कुमारी शामिल हैं। सलीमा टेटे भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान हैं और उन्हें वर्ष 2024 के लिए अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया गया। निक्की प्रधान झारखंड की पहली महिला हॉकी खिलाड़ी थीं जिन्होंने ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। यह झारखंड की बेटियां देश का गौरव हैं और अन्य युवतियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। रांची विश्वविद्यालय की महिला हॉकी टीम भी ईस्ट जोन अंतर विश्वविद्यालय टूर्नामेंट की उपविजेता रही है। उन्होंने कहा कि खेलों के समानांतर सांस्कृतिक गतिविधियां भी हमें इतिहास और संस्कृति से जोड़ती हैं। रांची विश्वविद्यालय इस दिशा में भी कटिबद्ध है। विश्वविद्यालय का 'जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग' राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत खेल और संस्कृति के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। 'खेलो इंडिया' जैसी पहल युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित कर रही है। यह योजना न केवल प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध करा रही है, बल्कि जमीनी स्तर से खेल संस्कृति को सशक्त कर रही है। इसी तरह, 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' और 'आजादी का अमृत महोत्सव' जैसे कार्यक्रम देश की सांस्कृतिक विविधता को संरक्षित और प्रोत्साहित करने का कार्य कर रहे हैं।

## कर्मियों ने घेरा शिक्षा परियोजना का कार्यालय

एजेंसी । रांची



झारखंड राज्य आउटसोर्सिंग विज्ञान लैब फैसिलिटेटर संघ के बैनर तले शिक्षा विभाग के कर्मियों ने गुरुवार को देवेन्द्र नाथ महतो के नेतृत्व में झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय का घेराव किया। कर्मियों ने लगभग पांच घंटों तक शिक्षा परियोजना परिषद के कार्यालय गेट को जाम कर दिया और सभी कर्मियों को बंधक बना लिया। घेराव कार्यक्रम में राज्य के सभी जिलों के सरकारी विद्यालय, 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट स्कूलों के कर्मी, आदर्श और मॉडल विद्यालयों में कार्यरत सफाई कर्मी, माली, सुरक्षा प्रहरी, लैब फैसिलिटेटर सहित अन्य कर्मी शामिल हुए। मौके पर संघ के देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि एक वर्ष पूर्व सभी कर्मियों की पेमेंट स्लिप, साप्ताहिक छुट्टी, सम्पूर्ण पीएफ और ईएसआई देने का लिखित आश्वासन विभाग की ओर से मिला था, लेकिन अभी तक एक भी मांग पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि नियमानुसार 12 प्रतिशत पीएफ मिलना चाहिए, जो नहीं मिल रहा है। सुरक्षा प्रहरी को पूर्व में 1739 रुपए मिलता था जो अब घटाकर 759 रुपये कर दिया गया। वहीं सुरक्षा प्रहरी की साप्ताहिक छुट्टी, मेडिकल छुट्टी, मातृत्व अवकाश नहीं दिया जा रहा है जो श्रम कानून का उलंघन है। देवेन्द्र नाथ महतो ने जेईपीसी के अधिकारियों पर आक्रोश जताते हुए कहा कि यहां के अधिकारी खुद को नवाब समझकर झारखंडियों का शोषण कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि कर्मियों की मांगों को तत्काल पूरा किया जाय अन्यथा कर्मी आगे उग्र आंदोलन करेंगे।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से एसएम ग्रुप के चेयरमैन ने की मुलाकात, झारखंड में करेंगे निवेश

एजेंसी । रांची



झारखंड में एसएम ग्रुप ऑफ कंपनी बड़ा निवेश करने की तैयारी में है। इस सिलसिले में कंपनी के चेयरमैन मनीष खेमका और सहयोगी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से कोलकाता में आयोजित दो दिवसीय बंगाल ग्लोबल समिट में गुरुवार को मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान खेमका ने मुख्यमंत्री से राज्य में बिजनेस की संभावनाओं और निवेश की आकांक्षाओं के साथ एसएम ग्रुप कंपनी की तीन नई परियोजना जानकारी साझा की, जिसके अन्तर्गत 14 हजार करोड़ का निवेश कर रही है। इस निवेश से राज्य में 10 हजार से अधिक रोजगार सृजित होंगे। झारखंड में परियोजनाओं में नीमडीह सरायकेला खरसावां में 1.2 एमटीपीए एकीकृत क्षमता वाले इस्पात संयंत्र की स्थापना होगी। वहीं नीमडीह सरायकेला खरसावां में 1.2 एमटीपीए क्षमता वाले रोलिंग मिल की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा सीएफबीसी आधारित 491 मेगावाट क्षमता के स्वतंत्र विद्युत संयंत्र बरवाडीह लातेहार की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री ने उनकी प्रस्तावित परियोजनाओं की स्थापना के लिए कंपनी को राज्य से सहयोग का आश्वासन दिया है। इसके लिए संबंधित विभाग शीघ्र ही परियोजना प्रस्तावक और राज्य के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कराने की तैयारी में है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, उद्योग सचिव जितेंद्र कुमार, उद्योग निदेशक सुशांत गौरव, उद्योग संयुक्त निदेशक प्रणव पाल भी मौजूद थे।

## आम जनता के लिए खुला रांची राजभवन का उद्यान, 12 फरवरी तक खुला रहेगा प्रवेश

एजेंसी । रांची



रांची का राजभवन गुरुवार को आम नागरिकों के लिए खोला गया, जहां पहले ही दिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और इसकी भव्यता का आनंद लिया। बच्चों, बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं ने राजभवन के आकर्षक गुलाब, झूले, फव्वारे, झरने और औषधीय पौधों के बीच सेल्फी और तस्वीरें खिंचवाईं। इस दौरान राजभवन उद्यान प्रभारी रबुल अंसारी ने बताया कि हर साल हमारे उद्यान की खासियत गुलाब के फुल होते हैं, लेकिन इस बार जैसी बहार गुलाबों में है, वैसी पहले कभी नहीं देखी गई। करीब 30 वेराइटी के 30 हजार से ज्यादा गुलाब इस बार खिले हैं। जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उन्होंने बताया कि राजभवन में कई पेड़ ऐसे हैं जो 200 साल पुराने हैं। उन्होंने बताया कि अशोक सुखवा एवं सेमल का पेड़ 200 साल पुराने हैं। इसके साथ ही लकड़ी का पुल और उसके नीचे कमल, विशाल फव्वारा, बच्चों के लिए कई प्रकार के झूले के साथ पेड़ों पर ट्राइबल पेंटिंग इस बार खास है। वहीं दूसरी ओर सहायक उद्यान प्रभारी नीलेश रासकर ने बताया कि देश विदेश के हजारों सीजन फूल लगाए गए हैं। इनमें डहेलिया, लुपिंस, स्वर्ण पॉपी, चेरी गोल्ड, गेंदा, सपनेरिया, एवरलास्टिंग, स्वीट एलिसम, बरबिना, स्टॉक, पिटुनिया, कैलेंडुला, डेंथस, एमपिसन, भरबीना, मैजिक कार्पेट, डॉग फ्लावर, सिनेरिया, पेंटस, सालविया, प्लोक्स, गजेनिया, एंटरहिनम शामिल है। वहीं दूसरी ओर राजभवन के अंदर सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम किए गए है। मजिस्ट्रेट के साथ लगभग 100 जवानों की तैनाती की गई है। मेटल डिटेक्टर से जांच के बाद ही लोगों को राजभवन के अंदर जाने दिया जा रहा था। उल्लेखनीय है कि राजभवन आम नागरिकों के भ्रमण के लिए छह फरवरी से 12 फरवरी तक खोला गया है। उद्यान भ्रमण का समय पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक है। उद्यान में प्रवेश राज भवन के गेट न. 2 से जांच के बाद एक बजे अपराह्न तक दिया जायेगा। राज्यपाल के निर्देश पर राज भवन उद्यान आम नागरिकों के भ्रमण और परिदर्शन के लिए खोला गया है।

## एसडीओ ने किया कस्तूरबा विद्यालय का निरीक्षण



एजेंसी । चतरा

सिमरिया एसडीओ सन्नी राज ने आज पत्थलगडा में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में बीडीओ कलिंदर साहू, सीओ उदल राम भी शामिल थे। एसडीओ कस्तूरबा बालिका विद्यालय में परिसर में निर्माणाधीन योजनाओं की जांच की। उन्होंने निरीक्षण के बाद संबंधित लोगों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय के शिक्षिकाओं और छात्राओं से भी विद्यालय व्यवस्था को लेकर जानकारी ली। विद्यालय परिसर से गंदगी हटाने का निर्देश दिया। यहां पेयजल संकट को देखते हुए पीएचडी विभाग के अभियंता को फोन से पेयजल समस्या को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। वे विद्यालय की समस्याओं से अवगत हुए और इसका शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया है। एसडीओ नावाडीह पंचायत में एक विवादित भूखंड में भी पहुंचे और संबंधित लोगों से जानकारी ली।

## डीजीपी नियुक्ति में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी, व्यक्तिगत टिप्पणी छोड़कर मुद्दों पर बात करे सरकार : भाजपा

एजेंसी । रांची




भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने डीजीपी अनुराग गुप्ता के समर्थन में झामुमो के दिए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि झामुमो के प्रवक्ता मूल मुद्दों पर जवाब देने के बजाय केवल बाबूलाल मरांडी पर व्यक्तिगत कटाक्ष कर रहे हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि झामुमो भी इस सच्चाई को स्वीकार कर चुका है कि अनुराग गुप्ता की झारखंड के डीजीपी के रूप में नियुक्ति पूरी तरह असंवैधानिक है। अजय साह ने यह बात गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए कही। उन्होंने कहा कि डीजीपी की नियुक्ति प्रक्रिया में यूपीएससी की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि यह एक संवैधानिक संस्था है और सुप्रीम कोर्ट ने इसे डीजीपी चयन प्रक्रिया के लिए अधिकृत किया है। उन्होंने कहा कि यूपीएससी के सदस्य को चयन पैनल में शामिल किए बिना डीजीपी की नियुक्ति करना संविधान का सीधा उल्लंघन है। प्रकाश सिंह केस के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि डीजीपी की नियुक्ति केवल यूपीएससी पैनल की सिफारिशों के आधार पर ही होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस संवैधानिक उल्लंघन को छिपाने के लिए गोल-मोल बातें कर रही है, जबकि यह एक गंभीर मामला है और इस पर पारदर्शी जवाब दिया जाना चाहिए। अजय साह ने कहा कि डीजीपी पद पर नियुक्ति के लिए सेवा विस्तार या सेवानिवृत्ति आयु को बढ़ाने की पूरी शक्ति केंद्र सरकार के पास होती है। हालांकि, झामुमो प्रवक्ता ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वे केवल तथ्यों को तोड़-मरोड़कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा शासित मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड में हाल ही में डीजीपी की नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों के अनुरूप यूपीएससी पैनल के माध्यम से की गई है। उन्होंने कहा कि झामुमो प्रवक्ता को उत्तर प्रदेश का ठीक से अध्ययन करना चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार ने नियम विरुद्ध जाकर डीजीपी की ऐसी कोई भी नियुक्ति नहीं की है। झारखंड सरकार लगातार संवैधानिक प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि हेमंत सरकार खुद को संविधान और सर्वोच्च न्यायालय से ऊपर मान रही है और अपने फैसलों में कानूनी प्रक्रियाओं को पूरी तरह दरकिनार कर रही है।

## दस दिवसीय इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का आयोजन

एजेंसी । रांची




दस दिवसीय इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का आयोजन शुक्रवार से आरंभ हो रहा है। सात से 17 फरवरी तक मोरहाबादी मैदान में चलनेवाले ट्रेड फेयर में आठ अंतर्राष्ट्रीय देश और झारखंड समेत 15 राज्य शामिल हो रहे हैं। ट्रेड फेयर की तैयारियों को लेकर गुरुवार को चैंबर भवन में झारखण्ड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स के जरिये संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। मौके पर चैंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि ट्रेड फेयर में रियल एस्टेट, होम एंड डेकॉर, फाइनेंस, लाइफस्टाइल, फर्नीचर एंड इंटीरियर, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रोसेस्ड फूड, हेल्थकेयर, हैंडीक्राफ्ट्स समेत 35 हजार से अधिक प्रोडक्ट्स की प्रदर्शनी लगायी जायेगी। प्रोजेक्ट चेयरमेन अमित शर्मा और शैलेश अग्रवाल ने बताया कि ट्रेड फेयर का विधिवत् उद्घाटन 8 फरवरी को शाम 4 बजे होगा। ट्रेड फेयर स्थल पर रोजाना नई-नई एक्टिविटी की जायेगी। स्टैंडअप कॉमेडी, कवि सम्मेलन, डॉग शो, आईआईएम द्वारा ड्रम सर्किल का आयोजन, फैंसी ड्रेस कॉम्पटीशन, निःशक्त बच्चों के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। ट्रेड फेयर के माध्यम से स्टार्टअप्स को भी प्रमोट करने की कोशिश की गई है, जिस क्रम में न्यूनतम दर पर स्टॉल्स उपलब्ध कराये गये हैं। मेला परिसर में प्रत्येक दिन आगंतुकों का आगमन होगा। राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल्स के रूप में ट्रेड फेयर को सफल बनाने में सहयोग करने के लिए उपाध्यक्ष राहुल साबू और ज्योति कुमारी ने संयुक्त रूप से राज्य सरकार के प्रति आभार जताया। सह सचिव नवजोत अलंग ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय देशों के स्टॉल्स की सहभागिता से यह ट्रेड फेयर लगातार लोकप्रिय हो रहा है। उन्होंने शहरवासियों से अपने परिवार और मित्रों के साथ अधिकाधिक संख्या में ट्रेड फेयर में शामिल होने की अपील की। जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स के अमिताभ घोष और अचिंत्य घोराई ने बताया कि रोजाना सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक ट्रेड फेयर चलेगा, जिसका प्रवेश शुल्क 30 रुपये निर्धारित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

# नवोदय विद्यालय परिसर में छात्र का शव बरामद

**एजेंसी । गिरिडीह ।** जिले के गाण्डेय क्षेत्र में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के परिसर में गुरुवार को पुलिस ने 11 वीं कक्षा के एक छात्र का शव संदेहास्पद स्थिति में पेड़ से झूलता हुआ बरामद किया । स्कूल परिसर में छात्र का शव मिलने के बाद कई प्रकार की चर्चा है । मृतक छात्र की पहचान राम कुमार यादव के रूप में की गई है जो जिले के धनवार थाना इलाके के भरोना गांव का रहने वाला है। सुबह लोगों को खबर मिली कि 11वीं के एक छात्र रामकुमार यादव का शव पेड़ से झूल रहा है जिसके बाद आसपास के लोग स्कूल परिसर पहुंचे, इस खबर की जानकारी स्कूल के प्रिंसिपल ने गांडेय थाना प्रभारी आनंद सिंह को दी। इसके बाद मौके पर गांडेय थाना पुलिस पहुंची । हालांकि अबतक इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है कि मृतक छात्र ने फंदे से लटकर खुदकुशी की है या उसकी हत्या की गई है। इस पूरे मामले में हर बिन्दु पर पुलिस जांच- पड़ताल कर रही है । गांडेय थाना प्रभारी आनंद सिंह ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। उन्होंने बताया कि मृतक छात्र राजकुमार यादव के शरीर पर किसी तरह की कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मामला स्पष्ट हो सकता है। परिजनों के आवेदन दिए जाने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई जाएगी।

## लाखों का अवैध स्टोन जब्त, दो गिरफ्तार

**एजेंसी । कोडरमा ।** गिरिडीह डीएफओ मनीष तिवारी ने जिले के गांवा थाना इलाके के चरही गांव में अमृत राय के घर छापेमारी कर भारी मात्रा में बेरिल पत्थर का स्टोक जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जब्त पत्थरों की बाजार कीमत करीब दस लाख है । बताया गया कि बेरिल स्टोन का इस्तेमाल सोने और चांदी के जेवरात -अंतरिक्ष में परमाणु रियेक्टरों में होता है। डीएफओ ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी जिसके आधार पर बुधवार की रात कार्रवाई की गई। इस दौरान डीएफओ के निर्देश पर सरजू सिंह और जॉली पांडे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बताते चलें कि जिले के तिसरी और गांवा इलाके में एक प्रमार के रत्नों मे शुमार बेरिल पत्थर की खदान है और बड़े पैमाने पर इसका अवैध कारोबार भी होता रहा है।

## झामुमो का सदस्यता अभियान सात से




**एजेंसी । खूंटीः** झामुमो के ज़िला कार्यालय मे खूंटी प्रखण्ड संयोजक मण्डली की बैठक गुरुवार को पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष शंकर सिंह मुंडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी संयोजक मंडली के सदस्यों को कम से कम एक सदस्यता रसीद ले कर अपने-अपने क्षेत्रों में नये लोगों को सदस्य बनाने, तीन दिनों के अंदर पंचायत स्तर पर संयोजक मंडली बना कर पंचायत कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया है कि सात फरवरी को 11 बजे से खूंटी के तमाड़ मोड़ स्थित जयपाल सिंह मुंडा चौक से झामुमो के सदस्यता अभियान की शुरूआत की जाएगी। बैठक में ज़िला संयोजक मण्डली सदस्य मगन मंजीत तिड़ू, स्नेहलता कंडुलना, ऊषा धान, असगरी ख़ातून, रिया लुगून, विजय संगा, मो शमीम अंसारी, मागू होरो, कमलेश महतो, प्रकाश नाग मुंडा आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री और विधायक ने कालीघाट शक्तिपीठ मंदिर में की पूजा अर्चना



**एजेंसी । रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गुरुवार को अपनी धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन संग कोलकाता स्थित कालीघाट शक्तिपीठ मंदिर (कालीघाट काली मन्दिर) का दर्शन और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान झारखंड राज्य की उन्नति, सुख-समृद्धि-शांति तथा खुशहाली की कामना की।

## मौसम में अभी होगा उतार चढाव

**एजेंसी । रांची।** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम में उतार चढाव होगा। आनेवालों दिनों में अभी हल्की ठंड रहेगी। अगले दो-तीन दिनों में तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस गिरावट होगी। इसके बाद तापमान में दो से तीन डिग्री की बढोतरी होगी। यह जानकारी मौसम विज्ञान केंद्र ने गुरुवार को दी। रांची और इसके आसपास के इलाकों में आंशिक बादल छाया रहा। इसके बाद धीरे-धीरे मौसम साफ हो गया। दोपहर में लोगों को हल्कों गर्मी का भी एहसास हुआ।गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से लगभग चार डिग्री अधिक है। वहीं पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 35.4 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान गुमला में 12.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# घर में प्रवेश करते ही लाभुकों की आंखों में छलके खुशी के आंसू

### अबुआ आवास योजना के 600 लाभुकों को कराया गया गृह प्रवेश

**एजेंसी । रामगढ़**




घर का सपना हर परिवार के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। हर इंसान अपने परिवार के लिए सिर पर दो कमरे का ही सही, एक अपना घर जरूर चाहता है। झारखंड सरकार की अबुआ आवास योजना से गरीबों का यह सपना साकार हो रहा है। जिला प्रशासन ने जब 600 गरीब परिवारों को एक साथ पक्के मकान में गृह प्रवेश कराया तो उनकी आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। जब अधिकारी और जनप्रतिनिधि घर में प्रवेश करने के लिए अनाज और चाबी दे रहे थे, उस समय सभी लाभुकों की आंखों में चमक साफ दिखाई दे रही थी। डीसी चंदन कुमार के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न अलग-अलग पंचायतों में उत्साह के साथ गृह प्रवेश कार्यक्रम का हुआ आयोजन। गुरुवार को डीडीसी रोबिन टोप्पो ने बताया कि 600 आवास लाभुकों को एक साथ गृह प्रवेश कराया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में रामगढ़ जिला को कुल 4236 आवास का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध लाभुकों का चयन कर 4236 आवास की स्वीकृति प्रदान किया गया। जिसके तहत प्रथम किस्त में 30 हजार, द्वितीय किस्त 50 हजार, तृतीया किस्त में एक लाख, चतुर्थ किस्त 20 हजार की राशि भुगतान किया गया। वित्तीय वर्ष 2023- 24 में लाभुकों को 50 करोड़ 1 लाख रुपए का भुगतान किया गया। डीडीसी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में रामगढ़ जिले को कुल 6763 आवास का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध योग्य लाभुकों का चयन कर 5780 आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है। गोला प्रखंड अंतर्गत बंदा पंचायत, चितरपुर प्रखंड अंतर्गत भूचुंगडीह पंचायत, दुलमी प्रखंड अंतर्गत सिकनी पंचायत, रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत बरलोंग पंचायत, मांडू प्रखंड मांडूडीह पंचायत, पतरातू प्रखंड के लबगा पंचायत में 600 लाभुकों को गृह प्रवेश कराया गया।

## मुखिया संघ ने मांगा पिस्टल का लाइसेंस




**एजेंसी । लोहरदगा**

जनता की सेवा के लिए जनता के जरिये चुने गए मुखिया को अब जान का खतरा महसूस होने लगा है। इन लोगों को अपनी जीवन रक्षा के लिए हथियार चाहिए। लोहरदगा जिला मुखिया संघ के जरिये लोहरदगा डीसी को गुरुवार को आवेदन देकर कहा गया है कि आए दिन मुखिया की हत्या हो रही है। इससे अपने क्षेत्र में कार्य करने में मुखिया को जान का भय सताने लगा है। वर्तमान में नामकुम प्रखंड के हाहपे पंचायत के मुखिया नन्हे कच्छप को 23 जनवरी 2025 को अपराधियों ने गोली मार दी थी। इससे अपने क्षेत्र में कार्य करने वाले मुखिया को सुरक्षा की दृष्टि से असहजता महसूस हो रही है। मुखिया संघ लोहरदगा ने आओदन देकर डीसी से कहा है कि उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए गन, पिस्टल का लाइसेंस दिया जाये। आवेदन देने वालों में मुखिया, ग्राम पंचायत गडरपो भंडरा, मुखिया, ग्राम पंचायत उदरंगी भंडरा, मुखिया, ग्राम पंचायत अरकोसा लोहरदगा, मुखिया, भड़गांव सेन्हा सहित अन्य के नाम शामिल हैं।

## हाइवा ने बाइक सवार दो को कुचला






**एजेंसी । रामगढ़**



रामगढ़-बोकारो राष्ट्रीय राजमार्ग 23 पर एक हाईवा ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। रजरप्पा थाना क्षेत्र के मुरुबंदा तालाब के पास हाईवा का टायर बाइक सवारों को ऐसे कुचला की उनका सिर ही धड़ से अलग हो गया। गुरुवार को हुए इस हादसे में दोनों बाइक सवारों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद हाईवा चालक गाड़ी छोड़कर ही फरार हो गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 23 को घंटों जाम रखा गया। मृतकों की पहचान गोला थाना क्षेत्र के डभातू गांव निवासी पवन कुमार दांगी और सिकंदर मुंडा के रूप में हुई है। दोनों युवक अपने हीरो होंडा बाइक (जेएच 02 एन 2916) से गोला से रामगढ़ आ रहे थे। इसी दौरान मुरुबंदा गांव के पास एक हाईवा ने उन्हें जोरदार टक्कर मारी, जिससे वह दोनों सड़क पर गिर गए। इसके बाद हाईवा चालक ने उनके सिर पर ही गाड़ी चढ़ा दी। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण और परिजनों ने सड़क जाम कर दिया। वे लोग मुआवजे की मांग करने लगे। बाद में रजरप्पा थाना प्रभारी और रामगढ़ थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से परिजनों से बात की और सड़क जाम को समाप्त कराया। पुलिस ने उस गाड़ी को जप्त कर लिया है, जिससे दुर्घटना हुई है। हालांकि अभी तक हाईवा का चालक फरार है, जिसे पुलिस तलाश रही है।

## बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और परिवार आधारित देखभाल को लेकर जागरूकता रथ रवाना



**एजेंसी । खूंटी**

बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और परिवार आधारित देखभाल को बढ़ावा देने के लिए ज़िला बाल संरक्षण इकाई, खूंटी और चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सिनी) संस्था के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को जागरूकता रथ अभियान की शुरुआत की गई। अभियान का शुभारंभ ज़िला बाल संरक्षण पदाधिकारी मोहम्मद अल्ताफ खान और ज़िला बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष तनुश्री सरकार ने हरी झंडी दिखाकर किया। जागरूकता रथ आगामी छह दिनों तक जिले के विभिन्न सुदूर क्षेत्रों में भ्रमण करेगा, जहां आमजन को बच्चों के अधिकारों, बाल संरक्षण और परिवार आधारित वैकल्पिक देखरेख की योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा। अभियान के दौरान, प्रायोजन, पालन-पोषण देखरेख और दत्तक ग्रहण से संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी पंपलेट वितरित कर लोगों तक पहुंचाई जाएगी, ताकि वे इन योजनाओं से जुड़कर लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर ज़िला बाल कल्याण समिति के सदस्यगण, ज़िला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी-कर्मचारी, चाइल्ड लाइन के प्रतिनिधि और सिनी संस्था की शिल्पा जयसवाल और अशोक कुमार उपस्थित थे।

# जोनल आईजी ने खुद संभाली अफीम की अवैध फसल को नष्ट करने की मुहिम

**एजेंसी । खूंटी**



जिला प्रशासन की ओर से अफीम की अवैध खेती के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को खूंटी जिले की मारंगहदा पंचायत के बिरडीह ग्राम क्षेत्र में सघन अभियान चलाया गया, जिसके तहत ट्रैक्टर एवं अन्य संसाधनों के माध्यम से अवैध अफीम फसलों को नष्ट किया गया। इस अभियान में स्वयं जोनल आइजी अखिलेश झा ने भाग लिया और मौके पर अवैध अफीम की फसल को नष्ट किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में गहन अभियान चलाकर पूरी तरह से अफीम की अवैध खेती को समाप्त किया जाए। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि अवैध अफीम की खेती के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध अफीम की खेती की सूचना मिले, तो वे तुरंत स्थानीय पुलिस या प्रशासन को सूचित करें। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अफीम की खेती छोड़कर वैकल्पिक खेती अपनाने का अपील की। मौके पर पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, पुलिस के जवान आदि उपस्थित थे।

## क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरी जिम्मेवारी: सुदीप गुड़िया



**एजेंसी । खूंटी**

तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया गुरुवार को बारकुली पंचायत के कजुरदाग गांव में आयोजित ग्रामसभा में शामिल हुए और ग्रामीणों की समस्या से अवगत हुए। ग्रामीणों ने विधायक को बिजली, पानी, सड़क, चिकित्सा, शिक्षा सहित अन्य समस्याओं की जानकारी दी और समस्याओं के निराकरण का आग्रह किया। सुदीप गुड़िया ने कहा कि आप लोगों के स्नेह और सहयोग से मैं विधायक बना हूं। आपने जिस विश्वास से मुझे वोट दिया था, मेरा प्रयास होगा कि आपके भरोसे पर खरा उतरूं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरी जिम्मेवारी है। विधायक ने कहा कि मैं आपका बेटा आपका भाई बनकर आपकी सेवा करूंगा। मौके पर अमृत हेमरोम, अरमान तोपनो, प्रदीप हेमरोम, रंजीत भेगरा, बिलकन हेमरोम, नमजन हेमरोम, रोशनी हेमरोम, मरियम हेमरोम, लुसिया कोनगाडी, कैलाश पाहन सहित अन्य उपस्थित थे।

# स्कूल से सामान चोरी के मामले में नौ गिरफ्तार

**एजेंसी । कोडरमा**




कोडरमा पुलिस ने सरकारी स्कूल से चोरी मामले में नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने दिलीप कुमार (20), पोखन कुमार उर्फ गणेश कुमार (24 ),विक्रम कुमार (18 ), अजय कुमार सिंह (20), विकास कुमार ( 22), अंकित कुमार शर्मा ( 30), अनिल कुमार वर्णवाल (34), देवनारायण कुमार (34 ) और अजीत कुमार पंडित (20) को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 12 पीस कंप्यूटर सिस्टम, चार पीस माउस, आठ पीस की बोर्ड, एक पीस सीपीयू और छह गैस सिलेंडर बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने गुरुवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि चोरी के मामले को लेकर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय के नेतृत्व में टीम का गठन किया था। इसी दौरान पांच फरवरी को चंदवारा थाना क्षेत्र के महुआदोहर से कांड में शामिल पांच आरोपित को चोरी के सामानों के साथ गिरफ्तार किया गया और उनके निशानदेही पर सामान खरीदने वाले चार आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में अंकित कुमार शर्मा के पास से 12 कंप्यूटर सिस्टम, अनिल कुमार वर्णवाल के पास से छह गैस सिलेंडर, देवनारायण कुमार के पास से फिंगर प्रिंट मशीन और अजीत कुमार पंडित के पास से बैटरी बरामद किया गया है। पुलिस के जरिये पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने बताया कि सभी सामान दिलीप कुमार के जरिये इन्हें बेचा गया था। इसके बाद पुलिस के जरिये दिलीप कुमार, पोखर कुमार उर्फ गणेश, अजय कुमार सिंह, विक्रम कुमार और विकास कुमार के जरिये 23 दिसंबर, 21 जनवरी, 23 जनवरी , 24 जनवरी को चौपारण थाना क्षेत्र के दनुआ स्कूल, रामपुर स्कूल, मध्य विद्यालय रामपुर एवं हाई स्कूल टोईया और 31 जनवरी को बरही थाना क्षेत्र के तेतरिया भंडारों स्कूल में चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार किया। आरोपितों ने बताया कि चोरी के सामान की बिक्री से प्राप्त राशि को पांचों ने आपस में बंटवारा कर लिया था। एसपी ने बताया कि उपरोक्त चोरों ने हज़ारीबाग जिले के चौपारण और बरही में भी पांच स्कूलों को अपना निशाना बनाया था। जिले के स्कूल के तिलैया डैम ओपी क्षेत्र के चरकी पहरी और कांको स्थित सरकारी स्कूल से अज्ञात चोरों ने स्कूल का कंप्यूटर, पंखा, गैस सिलेंडर, बर्तन आदि सामानों की चोरी कर ली थी।

# वाटर शेड यात्रा को सफल बनायें और ग्रामीणों को जागरूक करें : डीडीसी

**एजेंसी । खूंटी**




केंद्र सरकार की ओर से प्रायोजित जलछाजन विकास अवयव-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत परियोजना क्षेत्र में पांच फरवरी से शुरू हुई वाटरशेड यात्रा के सफल क्रियान्वयन को लेकर गुरुवार को खूंटी समाहरणालय के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने की। बैठक के दौरान संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे रनिया प्रखंड के परियोजना क्षेत्र में जल संरक्षण, जल पुनर्भरण और सतत कृषि विकास को बढ़ावा दिया जा सके। वाटरशेड यात्रा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदायों में जल प्रबंधन को लेकर जागरूकता बढ़ाना तथा योजना के प्रभावी कार्यान्वयन में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ, संबंधित विभागों के प्रतिनिधि, अभियान से जुड़े संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस दौरान योजना के लक्ष्यों, क्रियान्वयन रणनीति और विभिन्न चरणों की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना के तहत सभी गतिविधियों का समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जल संरक्षण और कृषि विकास के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

## कोयला लदा एक ट्रक व चिप्स लदा दो हाइवा जब्त

**पाकुड़:** खान निरीक्षक सुबोध कुमार सिंह ने गुरूवार की रात्री को छापेमारी कर कोयला लदे एक ट्रक व दो हाइवा को जब्त किया है। कोयला लदे ट्रक संख्या जेएच 02एटी/7009 को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के काशिला चेकनाका एवं चिप्स लदे हाइवा संख्या डब्लुबी 65डी/6179 एवं डब्लुबी 59डी/1258 को मालपहाड़ी थाना क्षेत्र के चेगाडांगा से जब्त कर संबंधित थाना को सौंप दिया है। खान निरीक्षक ने कहा कि कोयला लदा ट्रक चालाक के अनुसार कोयला इसीएल कंपनी से लोड किया गया था। कोयला को रामगढ़ से चार फरवरी को लोड कर पांच फरवरी की शाम तक मालदा पहुंचाना था। मामला आखिर क्या है जांच के बाद पता चलेगा। जांच की जा रही है। चालान फर्जी पाएं जाने से संबंधित ट्रक चालाक व मालिक पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। वही चिप्स लदे दोनों हाइवा की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। खान निरीक्षक के छापेमारी से वाहन मालिकों में हड़कंप है।

## निरीक्षण कर खाद्य सामग्री के नमुना किया संग्रह,जांच के लिए भेजा प्रयोगशाला



**पाकुड़:** खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी धनेश्वर हेम्ब्रम ने गुरूवार को नगर परिषद क्षेत्र के पान, राशन आदि दुकानों का निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने कहा कि विभागीय निर्देश के आलोक में पान मसाला बेचने वाले दुकानों का निरीक्षण कर पान मसाला के नमुना को संग्रह किया गया। साथ ही जांच के लिए नमुना को प्रयोगशाला भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि खाद्य सामग्री में मिलावट किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे दुकानदारों को चिहिंत कर उनके खिलाफ कड़ी कारवाई की जाएगी। दुकानों पर मिलावट वाली सामान बेचे जाने की सूचना पर जांच कर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। अगर कही मिलावट वाली सामान बेची जा रही है तो इसकी सूचना खाद्य सुरक्षा विभाग को दें। मामले की जांच कर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

**दस को 100 मोतियाबिंद मरीजों का होगा निःशुल्क आपरेशन ,पुराना सदर अस्पताल में नेत्र जांच शिविर आयोजित**

## जांच शिविर में 150 मरीजों के आंखों की हुई जांच, 100 मरीजों का हुआ चयन....



**पाकुड़ :** शहर के पुराना सदर अस्पताल परिसर में बीजीआर माइनिंग एंड इन्फ्रा लिमिटेड एवं रेड क्रोस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में गुरूवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांच शिविर में पश्चिम बंगाल के कोलकात्ता से आए डॉ सुनील सुराना ने अपने पांच सदस्य टीम के साथ मरीजों का बारी-बारी से नेत्र जांच किया। 150 मरीजों के आंखों की जांच की गई। जिसमें 100 मरीजों के आंखों में मोतियाबिंद का लक्ष्यण पाया गया । 10 फरवरी को चयनित मरीजों को पुराना सदर अस्पताल परिसर में आपरेशन किया जाएगा। शिविर में जिले के अमड़ापाड़, पाकुड़ सदर, हिरणपुर, लिट्टीपाड़ा, महेशपुर, पाकुड़िया के अलावे बरहरवा सहित अन्य जगहों से पहुंचे मरीजों ने अपने आखों की जांच कराया। रेड क्रोस सोसाइटी के सचिव डॉ कुणाल कुमार ने कहा कि आपरेशन के लिए जांच शिविर में 100 मरीजों पर मोतियाबिंद का लक्ष्यण मिला है। 10 फरवरी को मरीजों का निःशुल्क आपरेशन किया जाएगा। मौके पर उपाध्यक्ष डा श्याम प्रसाद भगत, बीजीआर के संजय बेसरा, निर्मल जैन, संजीव खत्री, विश्वनाथ भगत, प्रमोद डोकानिया, दिलीप शर्मा, बृजमोहन साह, सुशील शर्मा, बृजमोहन भगत, रितेश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत दो की स्थिति गंभीर

**घटना में 23 वर्षीय विमल हेंब्रम की मौत....**

संवाददाता - अंकित कुमार भगत



**महेशपुर :** महेशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर पाकुड़िया मुख्य पद पर बड़कियारी गांव में बस और स्कूटी के टक्कर में एक व्यक्ति की मौत दो गंभीर रूप से घायल तीनों व्यक्तिकी पहचान की जा चुकी है । विमल हेंब्रम उम्र 23 वर्ष पिता कालिदास हेंब्रम, अनंत हेम्ब्रम उम्र 19 वर्ष पिता जिशु हेंब्रम प्रदीप हेंब्रम लगभग 25 वर्ष, पिता भूमंडल मरांडी,मिली जानकारी के अनुसार एक स्कूटी मेंतीन व्यक्ति सवार होकर बड़कियारी की ओर जा रहे थे इस दौरान सीधे से आ रहा कृष्ण रजत का बस सेजोरदार टक्कर मार दिया । घटना में 23 वर्षीय विमल हेंब्रमका घटनास्थल पर ही मौत हो गया बहरहालग्रामीणों के सूचना के बादघायल दोनों व्यक्ति कोप्राथमिक उपचारके बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया । और एक व्यक्ति को डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया ।मौके पर थाना प्रभारी विकर्ण कुमार अपने पुलिस दल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर स्कूटी और बस को जप्त कर थाना लाया और मामले की छानबीन में जुट गए ।

## वेद व्यास आवास योजना के तहत 17 लाभुकों का हुआ चयन




**पाकुड़ :** जिला मत्स्य विभाग अंतर्गत वेद व्यास आवास योजना के लाभुकों के चयन को लेकर उपायुक्त श्री मनीष कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में वेद व्यास आवास योजना के तहत कुल 17 लाभुकों का चयन राज्यादेश के अनुरूप किया गया। वैसे लाभुकों का चयन किया गया जिनको अन्य कोई सरकारी आवास नहीं मिला है एवं जिनका कच्चा मकान है। बैठक में पुलिस अधीक्षक, परियोजना निदेशक, आईटीडीए, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, विधायक प्रतिनिधि समेत अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं पीएम जनमन योजना तहत एक दिवसीय कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक





**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं पीएम जनमन योजना के समीक्षा के क्रम में संबंधित पदाधिकारियों को कहा कि पीवीटीजी परिवार के साथ-साथ आदिवासी समुदाय के परिवार को भी आवश्यकता अनुसार लाभ पहुँचाना है।उपायुक्त ने कल्याण विभाग से संचालित आवासीय विद्यालयों के सभी प्रधानाध्यापाकों से छात्रावास , शिक्षक आवास, पी०सी०सी० सड़क निर्माण , मल्टिपरपस हॉल निर्माण आदि से संबंधित आवश्यकता विवरणी प्राप्त कर कनीय ,सहायक अभियंता से प्राक्कलन तैयार कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही ग्रामीण विकास विभाग को प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृत लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि भुगतान करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि गति शक्ति पोर्टल पर अपलोड 1180 ग्रामों का सर्वेक्षण करते हुए विद्युत कनेक्शन कराने का निर्देश दिया गया। 237 ग्रामों में ग्रिड इलेक्ट्रिसिटी सोलर कनेक्शन करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पथ निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि कुल-447 पीवीटीजी ग्रामों में प्रधानमंत्री सड़क योजना अन्तर्गत आवश्कतानुसार सड़क निर्माण कराने की कार्य को सम्पन्न करायेंगे।

इसके अलावा उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण स्थल चयन करते हुए निर्माण कराने की आवश्यक कार्रवाई करेंगे। सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि मोबाईल मेडिकल वैन के द्वारा पीवीटीजी गाँवों का निरीक्षण करते हुए प्रोग्रेस रिपोर्ट गति शक्ति पोर्टल पर उपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी व जिला शिक्षा अधीक्षक, पाकुड़ को निर्देश दिया गया कि 05 (पाँच) किलोमीटर के दायरे में, जिस ग्राम में केवल प्राथमिक विद्यालय है परंतु मध्य विद्यालय नही है उक्त प्राथमिक विद्यालय को मध्य विद्यालय में अपग्रेड करने की आवश्यक कार्रवाई करेंगे। साथ ही यह भी निदेश दिया गया की प्रखण्ड में अगर +2 विद्यालय है एवं छात्र,छात्राएं दूर-दराज से अध्ययन करने के लिए आते है तो छात्रावास निर्माण के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाय।

मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, सिविल सर्जन, महाप्रबंधक जिला उद्योग, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, जिला श्रम अधीक्षक, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला क्रीड़ा सह पर्यटन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पुलिस ने काफी सूझबूझ के साथ आक्रोशित ग्रामीणों को कराया शांत



**हिरणपुर :** बीते बुधवार देरशाम तारापुर मुख्य सड़क में हुई घटना को लेकर पुलिस ने काफी सूझबूझ के साथ आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराया व करीब एक घण्टे बाद ही सड़क जाम को हटाया गया। वही गांव के चन्द्रायण केतु प्रकाश ने गुरुवार शाम को थाना में लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा है कि बीते देरशाम करीब आठ बजे देवी सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन के दौरान गाजे बाजे साथ तारापुर खास स्थित सूखा पोखर जा रहा था कि रास्ते मे लालचंद पंडित के घर के सामने कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक सोची समझी साजिश के तहत विसर्जन कार्यक्रम को अवरुद्ध व धार्मिक भावना को आहत पहुंचाने के लिए जानबूझकर पुलिस की मौजूदगी में प्रतिबंधित मांस का टुकड़ा सड़क में फेंक दिया । जिससे कि हिंदुओं की भावना आहत हो सके । बीते बुधवार की शाम प्रतिबंधित मांस सड़क में मिलने की सूचना मिलने साथ ही युवा सहित ग्रामीण आक्रोशित हो उठे व हिरणपुर -पाकुड़ मुख्य सड़क को जाम कर दिया था। इसकी सूचना मिलने साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता , थाना प्रभारी रंजन सिंह व काफी संख्या में पुलिसबल के साथ घटनास्थल पहुंचे व प्रतिबंधित मांस के टुकड़े को अपने कब्जे में लिया था। वही इस घटना को लेकर स्थानीय लोग काफी आक्रोशित दिखे।

घटना को लेकर आक्रोशित लोगों को शांत कराने को लेकर पुलिस को काफी मसक्कत करना पड़ा। करीब एक घण्टे बाद पुलिस की आश्वासन से आक्रोशित लोग शांत हुए व जाम को हटाया। ग्रामीणों का कहना था कि असामाजिक तत्वों द्वारा सामाजिक समरसता व भाईचारे को बिगाड़ने का कुप्रयास किया जा रहा है। ऐसे तत्वों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई करना आवश्यक है।वही पुलिस निरीक्षक ने लोगो को आश्वस्त कर कहा कि इसमें जो भी दोषी पाए जाएंगे, किसी को बख्शा नही जाएगा। पुलिस विधि सम्मत कार्रवाई करेगी। इस सम्बंध में थाना प्रभारी रंजन सिंह ने बताया कि मामले की सघन जांच की जा रही है। मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसमे दोषियों को बख्शा नही जाएगा।

## उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया मंडलकारा का औचक निरीक्षण

- कैदियों की तलाशी में नही मिला कुछ आपत्तिजनक सामान....
- बंदियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण, पेपर थैला प्रशिक्षण, पेपर टोंगा प्रशिक्षण देने, लाईब्रेरी में बंदियों के पढ़ने के लिए बुक उपलब्ध कराने एवं स्क्रीन प्रिंटिंग कराने का दिया निर्देश....




**पाकुड़ :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने मंडलाकारा पाकुड़ का औचक निरीक्षण किया। इसके अलावे मंडलकारा में लगे सीसीटीवी फुटेज, विजिटर रजिस्टर, कारा परिसर की भी जांच की गई, जिसमे किसी भी प्रकार का कोई आपत्तिजनक सामान जेल के अंदर नही पाई गई।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ द्वारा विद्यालय में चलाया गया आउटरीच जागरूकता अभियान






**पाकुड़ :**झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर सचिव अजय कुमार गुड़िया के मार्गदर्शन में आज उत्क्रमित मध्य विद्यालय पत्थरघट्टा पाकुड़ में नब्बे दिवसीय आउटरीच सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत पैरा लीगल वॉलिंटियर्स अमूल्य रत्न रविदास ने बच्चों को कानूनी अधिकारों और सामाजिक ज़िम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी। वहीं पीएलवी एजारूल शेख और विजय कुमार राजवंशी ने संयुक्त रूप से बाल श्रम, बाल विवाह, सड़क सुरक्षा, स्वच्छता, एवं डिजिटल क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिले के अन्य प्रखंडों में अपने अपने क्षेत्रों में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स द्वारा आउटरीच कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया।

## जिले के विभिन्न प्रखंड में आयोजित आयुष जांच शिविर में 263 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया

**कैंप में 107 लोगों को योगाभ्यास भी कराया गया...**



**पाकुड़ :** लिट्टीपाड़ा के बड़ाकुटलो, बरमसिया, पाकुड़ के इसाकपुर एवं खदानपाड़ा एवं हिरणपुर के तोड़ाई में आयुष विभाग की ओर से गुरुवार को आयुष कैंप लगाकर कुल 263 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दिया गया। डॉ नित्यानंद कुमार वर्मा,डॉ अशोक मेहता, डॉ सौरभ विश्वास, डॉ मो अफरोज आलम एवं डॉ कुलेश कुमार ने बताया की इस कैंप में आज रक्तचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया, बच्चों से संबंधित आदि रोगों का जांच निःशुल्क किया गया। साथ ही सभी को मुफ्त दवा भी दी गई। वहीं शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, ब्लड प्रेशर का भी जांच की गई। कैंप में योग प्रशिक्षक के द्वारा योगाभ्यास कराया गया।प्रशिक्षक ने बताया कि अगर मनुष्य अपनी जीवन शैली में सुधार कर लेता है तो वह रोगमुक्त जीवन यापन कर सकता है। अगर मनुष्य रोजाना 30 मिनट योग और संतुलित आहार का प्रयोग करें तो वह स्वस्थ रह सकता है। 07 फरवरी 2025 को लिट्टीपाड़ा के पहाड़ीटोला, पाकुड़ के तलवाडांगा एवं लक्ष्मीनारायणपुर एवं महेशपुर के लखीपुर में आयुष जांच शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी एवं जांच किया जाएगा।




## मनरेगा सप्ताह पर डीसी व डीडीसी ने मनरेगा मजदूरों को किया सम्मानित तथा योजनाओं का किया निरीक्षण

**पाकुड़ :** जिले में मनरेगा सप्ताह 3 फरवरी से 8 फरवरी तक मनाया जा रहा है। इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर बुधवार देर शाम को उपायुक्त मनीष कुमार व उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया के द्वारा सदर प्रखंड अंतर्गत कुमारपुर पंचायत एवं जमशेरपुर पंचायत में मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कुमारपुर पंचायत में फतीमा के जमीन पर तालाब निर्माण का जायजा लिया, जिसमें मजदूर कार्यरत था मस्टररोल के अनुसार मजदूरों का मिलान किया गया। सभी योजना में कार्यस्थल पर मस्टर रोल रखने, प्राक्कलन के अनुरूप सीआईबी को सुधारने का निर्देश दिया गया। साथ ही उपस्थित पदाधिकारियों एवं कमियों को मनरेगा शपथ दिलाई। वहीं जमशेरपुर पंचायत में लक्ष्मण रजवार, बीरू रजवार, फूलचंद रजवार और उमेश रजवार का बिरसा हरित ग्राम योजना के निरीक्षण के क्रम में मनरेगा टीम को जमशेरपुर सह पूरे प्रखण्ड के सभी संबधित पंचायतों में एक सप्ताह के अंदर प्रत्येक बागबानी में घेराबंदी करने, एच टेका लगाने, नाडेप तथा जलकुंड निर्माण करने के साथ-साथ इंटर क्रॉपिंग कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर उपस्थित मजदूरों को टोकरी, कुदाल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मु, परियोजना पदाधिकारी मोतिउर रहमान, सहायक अभियंता श्यामदत शुक्ला, कनीय अभियंता रवि राकेश एवं ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित थे।





# अररिया में बिजली विभाग के खंभे से 15 किलोमीटर तार काट ले गए चोर, अंधेरे में डूबा इलाका



**अररिया , एजेंसी।** बिहार के अररिया में खंभे से 15 किलोमीटर का तार ही चोरी हो गया. अब अधिकारी अपना माथा पकड़े बैठे हैं. इस चोरी से बिजली विभाग को लाखों रुपए का फटका पड़ा है जबकि दूसरी ओर गांवों में अंधेरा पसरा है. मामला फारबिसगंज और कुर्साकांटा थाना क्षेत्रों का है. जहां अज्ञात चोरों ने बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को करीब 16 लाख रुपए का नुकसान पहुंचाया है. चोरी की यह घटना विद्युत शक्ति उपकेंद्र के 33 केवी तारों से जुड़ी हुई है.

## पोल से तार काट ले गए चोर

फारबिसगंज विद्युत एसडीओ कोमल कुमारी के अनुसार, इस चोरी की घटना के बाद उन्होंने फारबिसगंज और कुर्साकांटा थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है.

सहायक विद्युत अभियंता के आवेदन में बताया गया कि रमै पंचायत के घोड़ा घाट से लेकर छोटी नदी बोध कुंवर के खेत तक करीब 9 किलोमीटर तक 33 केवी बिजली तार, वी क्रॉस, और पीन इंसुलेशन चुरा लिए गए हैं. इस चोरी का अनुमानित नुकसान करीब 9 लाख 66 हजार 120 रुपये है.

## कुर्साकांटा क्षेत्र में भी चोरी

फारबिसगंज विद्युत एसडीओ ने बताया कि कुर्साकांटा थाना क्षेत्र के जागीर परासी पंचायत के फकीराना गांव के वार्ड संख्या 13 में करीब 6 किलोमीटर तक का 33 केवी तार चोरी कर लिया गया. इसके साथ ही वी क्रॉस और पीन इंसुलेशन भी चुराए गए, जिससे विभाग को 6 लाख 36 हजार 612 रुपये का नुकसान हुआ.

## पहले भी हुई थी चोरी

फोन पर एसडीओ कोमल कुमारी ने बताया कि इससे पहले भी इसी इलाके में तार की चोरी हो चुकी थी, और उस मामले में भी फारबिसगंज तथा कुर्साकांटा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी. हालांकि, उस घटना का अभी तक कोई उद्भेदन नहीं हो सका है. बिजली विभाग के एसडीओ कोमल कुमारी का कहना है कि फारबिसगंज थाना के रमै पंचायत के घोड़ा घाट से लेकर छोटी नदी बोध कुंवर तक और कुर्साकांटा थाना के जागीर परासी पंचायत के फकीराना गांव तक कुल मिलाकर करीब 15 किलोमीटर का बिजली तार चोरी हुआ है, जिससे कुल मिलाकर करीब 16 लाख रुपए का नुकसान हुआ है. इस मामले में दोनों थाना क्षेत्रों में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है.

## संक्षिप्त समाचार

### मुजफ्फरपुर में एनकाउंटर, तस्कर को लगी गोली

● गिरफ्तारी के बाद पुलिस की पिस्टल छीनकर भाग रहा था, शहर में सप्लाई करता था गांजा-स्मैक




**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर का कुख्यात गांजा-स्मैक तस्कर मनोज साह पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। छापेमारी के दौरान मनोज पुलिस अधिकारी की पिस्टल लेकर भागने लगा। इसके बाद पुलिस की फायरिंग में मनोज शाह के पैर में दो गोली लगी।

**दाएं पैर के घुटने में लगी गोली :** दरअसल नगर थाने की पुलिस ने दो तस्करों मनोज और अशोक को गिरफ्तार किया। मनोज साह मुजफ्फरपुर जिले में गंजा, स्मैक और अन्य मादक पदार्थों का मुख्य तस्कर था। उसकी गिरफ्तारी देर रात छापेमारी कर हुई। मनोज से पूछताछ के आधार पर छापेमारी कर अशोक साह की भी गिरफ्तारी हुई। अशोक साह के घर से भारी मात्रा में मादक पदार्थ और अवैध कारोबार से खरीदे गहने बरामद हुए हैं। गोली मनोज के पैर में लगी। पुलिस ने घायल मनोज को स्र्खह्र॥ में भर्ती कराया है।

**सिटी एसपी बोलें- भागने के दौरान लगी गोली :** सिटी एसपी विश्वजीत दयाल ने कहा कि मनोज साह को पुलिस ने बुधवार देर रात गिरफ्तार किया था। मनोज के बयान पर तस्कर अशोक साह के यहां छापेमारी कर अशोक को गिरफ्तार किया गया। यहां से भारी मात्रा में मादक पदार्थ और गहने भी बरामद किए गए हैं।

### नालंदा में शॉर्ट सर्किट से ज्वेलरी शॉप में लगी आग:15 लाख से अधिक का नुकसान

● स्थानीय लोगों ने आग पर पाया काबू



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा के बिहारशरीफ देवी सराय चौक पर बुधवार की शाम डुमरांव ज्वेलरी शॉप में आग लग गई। अगलगी में 15 लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हो गया। घटना दीपनगर थाना क्षेत्र के देवीसराय चौक की है। घटना के संबंध में दुकान मालिक विजय कुमार के छोटे भाई महर्षि देव वर्मा ने बताया कि भाभी की मौत हो गई थी। इसके कारण क्रिया-कर्म में लोग लगे हुए थे। इस वजह से शाम में दुकान बंद कर घर चले गए थे। अचानक थोड़ी देर बाद आसपास के लोगों ने फोन कर बताया कि दुकान से तेज धुंआ निकल रहा है। आनन-फानन में दुकान पहुंचे और शटर को उठाया तो देखा कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी हुई है। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

● **शॉर्ट सर्किट से लगी आग**

वहीं इस मामले में दीपनगर थाना अध्यक्ष जितेंद्र राम ने बताया कि डायल 112 पुलिस मौके पर ही मौजूद थी। इसके अलावा थाने की गस्ती गाड़ी भी घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। पीड़ित परिवार संपत्ति के क्षति के आकलन में जुटा हुआ है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की वजह बताई जा रही है।

# तीर-धनुष लेकर सड़क पर उतरे आदिवासी समाज के लोग, बच्ची की मौत के बाद थाने को घेरा !



**बांका, एजेंसी।** बिहार के बांका में आदिवासी समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया है. बच्ची की मौत के बाद नाराज लोगों ने आनंदपुर थाना का घेराव किया. हरवे-हथियार और तीर-धनुष लेकर बड़ी तादाद में लोग सड़क पर उतरे और मुआवजे की मांग को लेकर आवाज बुलंद की. थाने में मौजूद पुलिस अधिकारी ने लोगों को सरकारी सहायता का भरोसा दिलाया. काफी मान-मनौव्वल के बाद लोग शांत हुए. बाइक सवार ने कई लोगों को रौंद दिया था: असल में जिले आनंदपुर थाना अंतर्गत कटोरिया-सिमुलतला मुख्य मार्ग के लालपुर नदी पुल और पैक्स भवन के बीच मंगलवार की रात एक बाइक सवार युवक ने मेला देखकर आ रही गरभूडीह गांव की आधा दर्जन महिलाओं और बच्चे को रौंद दिया था. जिससे बाइक सवार गुरुदेव दास के 25 वर्षीय पुत्र संजय दास और दो महिलाएं सविता बेसरा और सरिता बेसरा घायल हो गए. वहीं, एक 4 साल की बच्ची प्रिया बेसरा की इलाज के दौरान मौत हो गई. इलाज के दौरान बच्ची ने तोड़ा दम: एक्सीडेंट के बाद सभी घायलों को पुलिस ने इलाज के लिए कटोरिया रेफरल पहुंचाया. जिसके बाद सभी घायलों को डॉक्टर विनोद कुमार ने बेहतर इलाज के लिए देवघर रेफर कर दिया. जहां दोनों का इलाज चल रहा है. हालांकि इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल चार वर्षीय प्रिया बेसरा की मौत हो गई थी. मृतक बच्ची की पहचान गरभूडीह गांव के बड़ेलाल बेसरा की बेटी के रूप में हुई.

मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन: वहीं, बच्ची की मौत के बाद बुधवार को मृत बच्ची के परिजन और सैकड़ों आदिवासी महिला और पुरुष अपने हरवे हथियार और तीर-धनुष लेकर आनंदपुर थाना कैंपस को घेराव करने के लिए पहुंच गए. लोगों ने घायल सविता बेसरा और सरिता बेसरा का बेहतर इलाज और मृत बच्ची के आश्रित परिवार को मुआवजा देने की मांग की.

थानेदार ने कराया शांत, मुआवजा का आश्वासन: उग्र भीड़ को देखते हुए आनंदपुर थानाध्यक्ष विपिन कुमार ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर शांत कराया. मृत बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए बांका भेज दिया. इसके साथ ही पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया. साथ ही बाइक चालक को गिरफ्तार कर लिया है. थाना अध्यक्ष विपिन कुमार ने परिजनों को सरकारी सहायता का भरोसा दिया है. आनंदपुर थाना के थाना अध्यक्ष विपिन कुमार का कहना है कि बाइक चालक के खिलाफ दिए गए आवेदन के अनुसार कार्रवाई की जा रही है. साथ ही मृतक के परिजनों को मिलने वाले वाली सरकारी राशि की सहायता दिलाई जाएगी.-

# अमृतसर कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर से लाखों रोजगार

**गया, एजेंसी।** अमृतसर कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर प्रोजेक्ट कंसलटेंट की निविदा प्रक्रिया में है। इस प्रोजेक्टर के पूरा होने से लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा। साथ ही जिले की विकास की गति में खूब तेजी आएगी। बुधवार को जिले के प्रभारी सह पर्यटन व उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने जिला स्तरीय कार्यान्वय समिति की बैठक में यह बातें कहीं। बैठक बोधगया के महाबोधि सांस्कृतिक केन्द्र में हुई। बैठक में बाराचट्टी विधायक ने अपने क्षेत्र की सड़क, पुल पुलिया,पेजयल आदि के बारे में विस्तार से बताया। वहीं एमएलसी कुमुद वर्मा, शेरघाटी विधायक, इमामगंज विधायक, नगर पंचायत फतेहपुर के अध्यक्ष, नगर पंचायत बोधगया के अध्यक्ष, बीस सूत्री के उपाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद, भाजपा के जिला अध्यक्ष चिंटू सिंह आदि ने अपनी बातों और क्षेत्र की समस्याओं से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया। बैठक में सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार के साथ इमामगंज, शेरघाटी, बाराचट्टी के विधायक, एमएलसी कुमुद वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष और बीस सूत्री के उपाध्यक्ष, सभी सदस्य मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की देखरेख में बिहार में न्याय के साथ तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने डीएम डॉ. त्यागराजन की सराहना करते हुए कहा कि जिले में योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से हो रहा है। जो कमियां पाई जाती है उसे तुरंत ठीक करवाया जा रहा है।

## अनुपस्थित पदाधिकारियों पर होगी कार्रवाई

बैठक में कई पदाधिकारी अनुपस्थित रहे। उनके खिलाफ विभाग को सूचित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जनता के कार्यों को पूरे समर्पण भाव के साथ समाधान करावें, यही पदाधिकारी का पहला दायित्व है। नीतीश मिश्रा ने कहा कि आने वाले महीनों में गया जिला विश्व में एक अलग पटल पर दिखेगा। बड़े पैमाने पर गया जिले में विकास के कार्य चल रहे हैं। जिनमें विशेष कर अमृतसर कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर शामिल है।

## जैव विविधता पार्क और चिड़ियाघर का प्रस्ताव

इस मौके पर सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि जिले में कंडी के पास 150 एकड़ में जैव विविधता पार्क का निर्माण करवाया जाएगा इसके लिए तेजी से प्लान तैयार किया जा रहा है। जल्द ही जिले को इसकी सौगात मिलेगी। बिहार के पटना और नालंदा में ही चिड़ियाघर है। उसी तर्ज पर गया जिले में भी चिड़ियाघर का प्रस्ताव लाया जा रहा है। फल्गु नदी के संबंध में माननीय मंत्री ने कहा कि स्वच्छ रखने का कवायत तेजी से हो रही है।

# जगलाल चौधरी के बेटे भूदेव को राहुल गांधी के मंच पर नहीं मिली जगह, जयंती सभा में छलका दर्द

**पटना, एजेंसी।** स्वतंत्रता सेनानी जगलाल चौधरी की जयंती समारोह में शामिल होने के लिए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पटना पहुंचे. यहां उन्होंने जगलाल चौधरी की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए साथ ही करीब आधे घंटे तक अपना संबोधन दिया. लेकिन विडंबना यह रही कि जिनकी जयंती पर उन्हीं के बेटे से राहुल गांधी की मुलाकात नहीं हुई. जगलाल चौधरी के बेटे का छलका दर्द: बताया जा रहा है कि स्व. जगलाल चौधरी के बेटे को कार्यक्रम के मंच पर नहीं जाने दिया गया. जबकि वह राहुल गांधी से मुलाकात करना चाहते थे. स्व. जगलाल चौधरी के बेटे की आखिर तक राहुल गांधी से मुलाकात नहीं कराई गई. अपमान होने पर भूदेव चौधरी का दर्द छलका गया. भूदेव चौधरी ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं और सुरक्षाकर्मियों ने उनकी बात नहीं सुनी और राहुल गांधी से मिलने नहीं दिया. कांग्रेस नेताओं ने राहुल से नहीं मिलने दिया: जगलाल चौधरी के बेटे भूदेव चौधरी ने कहा है कि हमें लग रहा था कि मेरे पिताजी का जयंती समारोह मनाया जा रहा है. इस मौके पर हम भी कृष्ण मेमोरियल हॉल में गए तो मंच पर में हमें जगह दी जाएगी. राहुल गांधी भी वहां पर थे हम सोचे थे कि मंच पर कहीं न कहीं हमें जगह मिलेगी लेकिन कांग्रेस के नेताओं ने हमें जगह नहीं दिया है. भूदेव चौधरी ने कहा कि यह



मलाल रह गया कि मैं अपने पिता के जयंती समारोह में शामिल नहीं हो सका. मैंने कांग्रेस नेता और पुलिस अधिकारियों से विनती भी की. उन्हें बताया भी कि मैं जगलाल चौधरी का बेटा हूं पर किसी ने मेरी बात को नहीं सुना.

जगलाल चौधरी का नाम भूले राहुल गांधी : राहुल गांधी स्वतंत्रता सेनानी जगलाल चौधरी को पुष्प अर्पित कर नमन किया और भाषण की शुरुआत की. राहुल गांधी ने अपने ही दल में रह चुके नेता और स्वतंत्रता सेनानी के नाम को भुला दिया. राहुल गांधी ने दो बार जगलाल चौधरी को जगत चौधरी कहकर संबोधित किया. दर्शक दीर्घा से आवाज उठी, तब राहुल गांधी ने सॉरी बोलकर भूल सुधार किया. आश्चर्य की बात तो यह रही कि आधे घंटे के भाषण में राहुल गांधी ने जगलाल चौधरी के बारे में कुछ नहीं कहा.

## जलापूर्ति पाइप क्षतिग्रस्त होने पर निगम सख्त, आईओसी से मांगा स्पष्टीकरण

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** वरीय संवाददाता वार्ड 43 के बांके साह चौक से भोला चौक तक गैस पाइपलाइन बिछाने के दौरान जलापूर्ति पाइप क्षतिग्रस्त होने पर निगम ने सख्ती दिखाते हुए आईओसी से 24 घंटे में स्पष्टीकरण मांगा है। नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि किन परिस्थितियों में आपके द्वारा बिना किसी सूचना के पाइप बिछाने का कार्य किया गया? क्यों नहीं क्षतिग्रस्त हुई पाइपलाइन की मरम्मत में होने वाले खर्च की भरपाई आपसे की जाए? नगर आयुक्त के मुताबिक पूर्व में निगम क्षेत्र में गैस पाइपलाइन बिछाने के पहले निगम के अभियंताओं या सीबीडी के माध्यम से सूचित करने का निर्देश देने के बावजूद बिना सूचना के सड़क काटने में जलापूर्ति पाइप क्षतिग्रस्त होने से आसपास के मोहल्लों के लोगों को पानी के लिए परेशानी हो रही है।

# कृषि से जुड़ी जानकारी के लिए मोबाइल ऐप इंस्टॉल करें किसान

**दरभंगा, एजेंसी।** बहादुरपुर स्थित संयुक्त कृषि भवन के परिसर में बुधवार को दो दिवसीय कृषि यांत्रिकीकरण मेले का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन डीडीसी चित्रगुप्त कुमार ने किया। मुख्य अतिथि केवटी विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा ने कहा कि कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी किसानों तक नहीं पहुंच पा रही है। कृषि विभाग को गांव स्तर तक प्रचार-प्रसार करने की जरूरत है। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी से योजनाओं को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने के लिए कहा। डॉ. झा ने कहा कि कृषि से संबंधित सभी जानकारियां विभागीय एप्लीकेशन पर पर उपलब्ध है। अधिकतर किसानों के पास स्मार्टफोन है। वे अपने-अपने मोबाइल में एप्लीकेशन को डाउनलोड करें और विभाग से संबंधित जानकारी हासिल करें। साथ ही अपने अगल-बगल के किसानों को भी एप्लीकेशन डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करें। डीडीसी चित्रगुप्त कुमार ने कहा कि कृषि विभाग हमेशा किसानों को नई तकनीकी से रू-ब-रू कराता रहा है। मेले के माध्यम से किसान भाइयों को नई कृषि यंत्रों के बारे में जानकारी मिलेगी। अगर किसान कम लागत में उत्पादन बढ़ाना चाहते हैं तो उसके लिए नई तकनीकी का प्रयोग करना होगा। जिसमें कृषि यंत्रों का महत्वपूर्ण रोल है। उन्होंने कहा कि आजकल जलवायु परिवर्तन हो रहा है। इसको देखते हुए किसानों को खेती करनी चाहिए। जिला कृषि पदाधिकारी श्री सिद्धार्थ ने कहा कि इस मेले का उद्देश्य है नई तकनीकों को किसानों तक पहुंचाना। जितने भी किसान मेले में आए हैं, कुछ सीखकर जाएं। इस मेले में सभी प्रकार के यंत्र लगे हुए हैं। उन यंत्रों के बारे में विक्रेता और पदाधिकारी से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में पांच करोड़ 49 लाख रुपए का अनुदान किसानों को दिया जाना है। अभी तक 1691 यंत्रों पर दो करोड़ 65 लाख का अनुदान दिया गया है। उन्होंने कहा कि अभी भी जो किसान यंत्र नहीं ले पाए हैं वे ऑनलाइन अप्लाई करें। लॉटरी से उन्हें यंत्र पर अनुदान दिया जाएगा। डीडीसी व अन्य विशिष्ट अतिथियों ने कृषि यांत्रिकीकरण मेले में लगे स्टॉलों का अवलोकन किया तथा रीपर कंबाइंडर की चाबी आवेदक किसान को प्रदान किया। मेले में कृषि विभाग की ओर से 21 स्टॉल लगाये गये हैं। मौके पर किसान राजा चौपाल को कस्टम हायरिंग सेंटर का चाबी, मल्टीक्रॉप थ्रेशर, रोटावेटर जीरो टिलेज, रीपर प्रदान किया गया। साथ ही सावित्री देवी को रीपर बाइंडर के अलावा रैशम मांझी, अरुण यादव, राजकुमार साह, छोटू दास, राज नारायण मिश्र, जवाहरलाल झा, त्रिलोक नाथ मिश्रा आदि को चाबी प्रदान की गयी।

# समस्तीपुर में जमीनी विवाद में युवक की हत्या:मृत पिता का हिस्सा मांगने के कारण था विवाद



## चाचा और चचेरे भाइयों ने किया मर्डर

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर जिले के पटोरी थाना क्षेत्र के धर्मपुर बांदे गांव में धर्मेंद्र की हत्या अपने मृत पिता के हिस्से की जमीन मांगने के कारण हुई। 5 सालों से बंजर पड़े जमीन को लेकर पंचायती के बहाने चाचा और चचेरे भाइयों ने बुलाया और चाकू से हमला कर मार डाला। इस घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी सभी घर से फरार हो गए हैं। इस मामले में मृतक के चाचा रामभरोस सिंह के अलावा उनके तीन बेटों को आरोपी बनाया गया है।

### क्या है पूरा मामला

ग्रामीणों का कहना है कि वशिष्ठ सिंह धर्मेंद्र के सौतेले पिता हैं। इनके पिता का नाम शिवचरण सिंह था, जिनकी मौत करीब 25 वर्ष पहले हो गई थी। उस समय धर्मेंद्र की उम्र 4 से 5 साल की होगी। शिवचरण सिंह की मौत के बाद उनकी पत्नी ने अपने ही देवर वशिष्ठ सिंह से शादी कर ली। शादी के बाद धर्मेंद्र को दो और भाई हुए जो अलग-अलग काम करते हैं। धर्मेंद्र के पिता शिवचरण सिंह चार भाई थे। शिवचरण के अलावा वशिष्ठ सिंह, प्रेमचंद सिंह और रामभरोस सिंह। इधर सब ठीक-ठाक ही चल रहा था, लेकिन पिछले 5 साल से जब धर्मेंद्र को इस बात की जानकारी मिली कि उसके पिता की पहले में मौत हो चुकी है और उसकी मां ने अपने ही देवर से शादी की है तो धर्मेंद्र अपने पिता के हिस्से की जमीन मांगना शुरू किया। यह उसके अन्य चाचा को नगावार लगा। वह उक्त जमीन को तीन हिस्सा में ही बांटना चाहते थे जबकि धर्मेंद्र अपने पिता का हिस्सा अलग मांग रहा था। इसके करण पहले मारपीट की भी घटना हुई थी, जिसमें रामभरोस सिंह के बेटे चंदन को जेल भी जाना पड़ा था। इसके बाद से और तनातनी बढ़ गई।

### पंचायती के लिए बुलाकर मार डाला

मृतक धर्मेंद्र की पत्नी रूबी देवी का आरोप है कि एक दिन पहले उनके ससुर को धक्का मार दिया गया था। वहीं सुबह में जब उनके पति बाइक से जा रहे थे तो चंदन ने ऑटो से ठोकर मार दी, जब इसकी शिकायत की गई तो मारपीट की नौबत आ गई थी। लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। बाद में पंचायती को लेकर धर्मेंद्र को बुलाया गया, जहां उसकी हत्या कर दी गई।

### क्या बोली पुलिस

पटोरी डीएसपी बीके मेधावी ने बतलाया कि इस मामले में मृतक धर्मेंद्र कुमार की पत्नी रूबी देवी के बयान पर नामजद प्राथमिक दर्ज कराई गई है। मृतक के चाचा राम भरोस के अलावा और सात लोगों को भी नामजद किया गया है, जिसकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। सभी आरोपी फरार हो गए हैं।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## बजट में सभी का रखा ध्यान

इस बार के बजट से जिस तरह की उम्मीदें जताई जा रही थीं, उसके समांतर कई स्तर पर आम लोगों के लिए राहत की घोषणाएं हुईं। हालांकि मुख्य रूप से इस बजट को मध्यवर्ग का खयाल रखने और इसी तबके के लिहाज से ज्यादा अनुकूल साबित होने के तौर पर देखा जाएगा। कुछ राज्यों में भावी विधानसभा चुनावों की आहट और उसका असर कई घोषणाओं पर साफ दिखता है और इसी वजह से विपक्ष ने इस पर चुनावी बजट होने का आरोप लगाया है। वहीं इसे सुधारवादी बजट भी बताया जा रहा है। सबसे ज्यादा सुर्खियां बजट में किए गए इस प्रावधान को मिली हैं कि अब जिन लोगों की आय सालाना बारह लाख रुपए तक है, उन्हें अब कोई आयकर नहीं देना पड़ेगा। मगर यह देखने की बात होगी कि कर-निर्धारण के लिए जो नए पैमाने तय किए जाएंगे, उसमें राहत के दायरे में कितने लोग आ पाएंगे। गौरतलब है कि इससे पहले सात लाख रुपए तक की वार्षिक आमदनी वालों के लिए आयकर से छूट की व्यवस्था थी। माना जा रहा है कि बहुत लंबे समय के बाद मध्यवर्ग को इतनी बड़ी राहत दी गई है। इसके अलावा, टीडीएस की सीमा दस लाख रुपए और आयकर रिटर्न भरने में चार वर्ष तक का समय जैसे कुछ अन्य उपायों से उम्मीद जगी है कि ये भारतीय बाजारों में छाई सुस्ती को दूर करने में मददगार साबित होंगे। मोबाइल सहित कुछ इलेक्ट्रोनिक सामान, इलेक्ट्रिक कारें और टीवी आदि का सस्ता होना मध्य वर्ग को राहत देने में सहायक तत्त्व का काम कर सकता है। दरअसल, पिछले कुछ समय से लगातार बढ़ती महंगाई के बीच आर्थिक मोर्चे पर आय और खर्च में संतुलन मुश्किल हो रहा था। वहीं आर्थिक वृद्धि में गिरावट चिंता की एक बड़ी वजह बन रही थी। अब अगर बचत की वजह से क्रयशक्ति में इजाफा होता है तो इसका सीधा असर लोगों की खरीदारी और बाजार पर पड़ेगा। किसानों के लिए क्रेडिट कार्ड पर मिलने वाले ऋण, दलहन-तिलहन और खाद के उत्पादन, मखाना बोर्ड आदि के संबंध की गई घोषणाओं को किसानों के लिए फायदेमंद माना जा रहा है। मगर इसका आकलन इस पर निर्भर होगा कि इनसे फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य और कर्जमाफी जैसी किसानों की कुछ मुख्य मांगें और उनकी समस्याओं का निपटारा कैसे संभव होगा।

## फिर से व्यापार युद्ध

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट में टैक्स छूट के तोहफे से मध्य वर्ग को खुश कर दिया। इससे खपत में तेजी आने की उम्मीद बढ़ी है, लेकिन इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने मेक्सिको और कनाडा पर 25ब्र और चीन पर 10ब्र आयात शुल्क लगाने की घोषणा कर जिस तरह के व्यापार युद्ध की शुरुआत की है, उसका असर भारत पर भी हो सकता है, जिससे उसकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।बढ़ सकती है उलझन- ट्रंप की इन घोषणाओं के बाद इन देशों की ओर से जवाबी कदमों का ऐलान स्वाभाविक है। लेकिन सबसे बड़ी बात है कि ट्रंप इन देशों तक ही रुकने वाले नहीं हैं। यूरोप उनके अजेंडे पर पहले से ही रहा है। इससे अनिश्चितता पैदा हो रही है। देखना होगा कि यह सिलसिला किस तरफ और कितना आगे बढ़ता है। भारत इस मामले में फिलहाल रक्षात्मक रुख अपनाते हुए बढ़ता दिख रहा है। इसकी ठोस वजहें भी हैं। माना जा रहा है कि ट्रंप भारत से ट्रेड सरप्लस कम करने को कह सकते हैं, लेकिन इस मामले में थोड़ी नरमी दिखाकर और अमेरिका से हथियार, तेल, गैस और कृषि उत्पादों की खरीद बढ़ाकर उन्हें शांत किया जा सकता है। यह इसलिए भी संभव दिखता है क्योंकि ट्रंप की प्राथमिकताएं अभी अलग हैं। लैटिन अमेरिका, चीन, यूरोपियन यूनियन और रूस से निपटना उनके अजेंडे में ऊपर है। बावजूद इसके, भारत के लिए नरमी के इस रुख पर कायम रहना आसान नहीं होगा। अगर भारत सिर्फ अमेरिका को आयात शुल्क में रियायत देता है तो वह विश्व व्यापार संगठन के नियमों के खिलाफ होगा। ये नियम कहते हैं कि सभी देशों के लिए टैरिफ समान होना चाहिए। लेकिन अगर भारत सभी देशों को आयात शुल्क में छूट देता है तो आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ने का लक्ष्य कमजोर होगा। सबसे बड़ी बात यह है कि ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी के चलते जो व्यापार युद्ध शुरू होगा, उसका ग्लोबल इकॉनमी पर नकारात्मक असर होगा। इससे भारत में विदेशी निवेश का फ्लो कम हो सकता है, रुपये में और गिरावट आ सकती है। बजट से उपजा उत्साह अपनी जगह है, लेकिन आने वाली इन चुनौतियों के मद्देनजर अभी से तैयारी करनी होगी।

## जलवायु परिवर्तन से बच्चों का जीवन संकट में

(ललित गर्ग)

*जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए अमीर एवं शक्तिशाली देशों की उदासीनता एवं लापरवाहपूर्ण रवैया भी विडम्बनापूर्ण है। दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या जितनी गंभीर होती जा रही है, इससे निपटने के गंभीर प्रयासों का उतना ही अभाव महसूस हो रहा है। जलवायु परिवर्तन से पिछले एक साल में दुनिया में हालात ज्यादा गंभीर हुए है, बिगड़े हैं।*

वर्ष 2024 में दुनिया के 85 देशों में 24.2 करोड़ बच्चों की पढ़ाई चरम मौसम के कारण बाधित हुई। इसका अर्थ यह है कि वर्ष 2024 में दुनिया भर के स्कूल जाने वाले हर सात बच्चों में से एक बच्चा मौसमी बाधाओं के कारण कभी न कभी स्कूल नहीं जा सका। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ की रिपोर्ट 'लर्निंग इंटरप्टेड रू ग्लोबल स्नैपशॉट ऑफ क्लाइमेट-रिलेटेड स्कूल डिसरप्शंस इन 2024' में चौंकाने वाले तथ्यों एवं खुलासे ने बच्चों को लेकर चिन्ता को बढ़ा दिया है। अब तक कृषि व मौसम के चक्र पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के अध्ययन निष्कर्ष तो सामने आते रहे हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन का बच्चों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य विषयक ऐसा संवेदनशील अध्ययन पहली बार सामने आया है, जिसने जहां नीति-निर्माताओं और शिक्षाविदों को चिन्ता में डाला है वहीं अभिभावकों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। सरकार पर भी दबाव बनाया कि वह बच्चों व शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन से होने वाले घातक असर को कम करने के लिये कारगर नीतियां बनाये एवं उन्हें तत्परता से लागू करें। इस रिपोर्ट के अनुसार गत वर्ष सिर्फ भारत में लगभग पांच करोड़ छात्र लू एवं अत्यधिक गर्मी के कारण प्रभावित हुए। जलवायु परिवर्तन सिर्फ हमारे पर्यावरण पर ही असर नहीं डाल रहा है बल्कि बच्चों की शिक्षा पर भी गहरा और खतरनाक असर डाल रहा है। ओस्लो विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान की पोस्ट डॉक्टरल फेलो डॉ केटलिन एम प्रेंटिस और उनके सहयोगियों ने इस बारे में विस्तृत अध्ययन किया है। 'नेचर क्लाइमेट चेंज' पत्रिका में प्रकाशित इस अध्ययन के अनुसार दक्षिण एशिया, खासकर भारत, बांग्लादेश और कंबोडिया जैसे देशों में अप्रैल महीने में गरम हवा की लहरों (हीटवेव) ने शिक्षा व्यवस्था को बुरी तरह से प्रभावित कर दिया। जलवायु परिवर्तन के लिहाज से भारत को बेहद संवेदनशील देश करार दिया गया। वर्ष 2024 में दुनिया के 85 देशों में 24.2 करोड़ बच्चों की पढ़ाई चरम मौसम के कारण बाधित हुई। इसका अर्थ यह है कि वर्ष 2024 में दुनिया भर के स्कूल जाने वाले हर सात बच्चों में से एक बच्चा मौसमी बाधाओं के कारण कभी न कभी स्कूल नहीं जा सका। शोध के अनुसार बढ़ती गर्मी एवं गर्म दिनों की अधिक संख्या ने न केवल बच्चों के स्वास्थ्य को बल्कि परीक्षा परिणामों को खराब किया। मौसमी बाधाओं का असर बच्चों की शिक्षा पर लंबे समय तक रहता है। यूनिसेफ ने अपनी रिपोर्ट में चेताया है कि यदि ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन ऐसे ही जारी रहा, तो वर्ष 2050 तक बच्चों के गरम हवाओं के संपर्क में आने की संभावना आठ गुनी बढ़ जाएगी। सार्वभौमिक तापमान में लगातार होती इस वृद्धि के कारण विश्व के पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है, उससे मुक्ति के लिये जागना होगा, संवेदनशील होना होगा एवं विश्व के शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को सहयोग के लिये कमर कसनी होगी तभी हम जलवायु परिवर्तन से जुड़े बच्चों के संकट से निपट सकेंगे अन्यथा यह विश्व के बच्चों के प्रति बड़ा अपराध होगा, उनके विनाश का कारण बनेगा। ग्लोबल वार्मिंग के खतरों ने दुनिया को चिन्ता में डाला है, इसने भारतीय जनजीवन, पर्यावरण, जीवजंतु, एवं कृषि के दरवाजे पर ऐसी दस्तक दी है, जो न केवल चिन्ताजनक है बल्कि अनेक खतरों की टंकार है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से जहां सामान्य जन-जीवन बाधित है, पीने के शुद्ध पानी के स्रोत सूखने लगे है, वहीं खेती किसानी पर भी नया संकट मंडरा रहा है। गत वर्ष भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जानकारी दी थी कि वर्ष 2024 में भारत में गर्मी के सारे पुराने रिकॉर्ड टूट गये थे। यह वर्ष 1901 के बाद से सबसे गर्म साल के तौर पर दर्ज हुआ था। यूनिसेफ ने स्पष्ट किया है कि जलवायु संकट न केवल बच्चों की शिक्षा, बल्कि उनके पूरे भविष्य को खतरे में डाल रहा है। यदि इस संकट से निपटने के लिए तत्काल प्रभावी एवं जरूरी कदम नहीं उठाये गये, तो इसके बुरे असर को लंबे समय तक महसूस किया जाएगा और नयी पीढ़ी का जीवन अनेक खतरों से घिर जायेगा। अब जरूरी हो गया है कि सरकार शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने के लिए ठोस रणनीतियां बनाने को आगे आये। जलवायु परिवर्तन से बच्चों की शिक्षा ही नहीं, बल्कि अन्य कई तरह के प्रभाव पड़ते हैं। जलवायु परिवर्तन से बच्चों का शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, और शिक्षा प्रभावित होती है। विशेषतः गर्मी से होने वाली बीमारियां और मौतों का खतरा बढ़ता है और हैज़ा, मलेरिया, डेंगू, और जीका जैसी बीमारियां खतरनाक तरीके से जीवन को घेरती है। गर्भावस्था के दौरान अत्यधिक गर्मी के संपर्क में आने से जन्म के समय कम वज़न के बच्चे पैदा होने की संभावनाएं बढ़ जाती है। पर्यावरण विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने का खतरा बढ़ता है। अत्यधिक गर्मी की वजह से होने वाली आपदाओं में मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है और अवसाद, चिंता, नींद संबंधी विकार और सीखने की कठिनाइयां उग्रतर हो जाती है। इन्हीं सब कारणों से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है एवं परीक्षा परिणाम अपेक्षानुसार नहीं आ पाते हैं। बच्चे वयस्कों की तुलना में जलवायु और पर्यावरणीय झटकों के प्रति शारीरिक और शारीरिक रूप से अधिक संवेदनशील होते हैं। वे बाढ़, सूखा, तूफान और गर्मी जैसी चरम मौसम की मार झेलने और उससे बचने में कम सक्षम होते हैं। बच्चों को जलवायु परिवर्तन का सर्वाधिक खामियाजा उठाना पड़ता हैं क्योंकि यह उनके अस्तित्व, संरक्षण, विकास और भागीदारी के मौलिक अधिकारों को प्रभावित करता है। बच्चों पर जलवायु परिवर्तन के अन्य संभावित प्रभाव पड़ते हैं, जैसे- अनाथ, तस्करी, बाल श्रम, शिक्षा और विकास के अवसरों की हानि, परिवार से अलग होना, बेघर होना, भीख मांगना, आघात, भावनात्मक व्यवधान, बीमारियाँ आदि हैं। यह संकट यूं तो पूरी दुनिया में है लेकिन दक्षिण एशिया के अन्य देशों के मुकाबले दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाले भारत में इसका ज्यादा प्रभाव देखा गया है। ग्लोबल वार्मिंग के भयावह संकट को नियंत्रित करना सबसे बड़ी चुनौती है। चिन्ताजनक तथ्य यह भी है कि यदि देश-दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों के नियंत्रण के लिये वैश्विक सहमति शीघ्र नहीं बनती तो आने वाले वर्षों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है।

## वित्तीय वर्ष 2025-26 का अग्रणी, पथप्रदर्शक एवं अतुलनीय बजट

(प्रह्लाद सबनानी)

भारत में मध्यमवर्गीय परिवार देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता आया हैं। हाल ही के समय में प्रत्यक्ष कर संग्रहण में व्यक्तिगत आयकर की भागीदारी कारपोरेट क्षेत्र से आयकर की भागीदारी से भी अधिक हो गई है। दिनांक 1 फरवरी 2025 को केंद्र सरकार की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए लोकसभा में बजट पेश किया। सीतारमन ने एक महिला वित्तमंत्री के रूप में लगातार 8वां बजट लोकसभा में पेश कर एक रिकार्ड बनाया है। वित्तमंत्री द्वारा लोक सभा में पेश किया गया बजट अपने आप में पथप्रदर्शक, अग्रणी एवं अतुलनीय बजट कहा जा रहा है क्योंकि इस बजट के माध्यम से किसानों, युवाओं, महिलाओं, गरीब वर्ग एवं मध्यम वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। पिछले कुछ समय से देश की अर्थव्यस्था में विकास की गति कुछ धीमी पड़ती हुई दिखाई दे रही थी अतः विशेष रूप से मध्यम वर्ग एवं गरीब वर्ग के हाथों में अधिक धनराशि शेष बच सके ताकि वे विभिन्न उत्पादों को खरीदकर अर्थव्यवस्था में इनकी मांग बढ़ा सकें, ऐसा प्रयास इस बजट के माध्यम से किया गया है। साथ ही, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से रोजगार उन्मुख क्षेत्रों यथा कृषि क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, निवेश, निर्यात एवं समावेशी विकास जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि इन्हें विकास के इंजिन के रूप में विकसित किया जा सके। भारत में मध्यमवर्गीय परिवार देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता आया हैं। हाल ही के समय में प्रत्यक्ष कर संग्रहण में व्यक्तिगत आयकर की भागीदारी कारपोरेट क्षेत्र से आयकर की भागीदारी से भी अधिक हो गई है। अतः मोदी सरकार से अब यह अपेक्षा की जा रही थी कि मध्यमवर्गीय परिवारों को बजट के माध्यम से कुछ राहत दी जाय। और फिर, मुद्रा स्फीति की सबसे अधिक मार भी गरीब वर्ग के परिवारों एवं मध्यमवर्गीय परिवारों पर ही पड़ती दिखाई देती है। केंद्रीय वित्तमंत्री ने मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आयकर की वर्तमान सीमा को 7 लाख रुपए से बढ़ाकर 12 लाख रुपए कर दिया है। अर्थात अब 12 लाख रुपए तक की आय अर्जित करने वाले नागरिकों पर किसी भी प्रकार का आयकर नहीं लगेगा। वेतन एवं पेंशन पाने वाले नागरिकों को 75,000 रुपए की स्टैंडर्ड कटौती की राहत इसके अतिरिक्त प्राप्त होगी। इस वर्ग के करदाताओं को 12.75 लाख रुपए तक की वार्षिक आय पर कोई आयकर नहीं चुकाना होगा। इसके साथ ही, आय कर की दरों में भी परिवर्तन किया गया है। अब 4 लाख रुपए तक की करयोग्य आय पर आयकर की दर शून्य रहेगी। 4 लाख रुपए से 8 लाख रुपए तक की करयोग्य आय पर आयकर की दर 5 प्रतिशत, 8 लाख रुपए से 12 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर की दर 10 प्रतिशत, 12 लाख रुपए से 16 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर की दर 15 प्रतिशत, 16 लाख रुपए से 20 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर की दर 20 प्रतिशत, 20 लाख रुपए से 24 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर 25 प्रतिशत एवं 24 लाख रुपए से अधिक की कर योग्य आय पर 30 प्रतिशत की दर से आयकर लागू होगा। मध्यमवर्गीय करदाताओं को उक्त सुधारों से लगभग 80,000 रुपए से 1.10 लाख रुपए तक की राशि की बचत होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस सुधार से कुल मिलाकर देश के बजट में एक लाख करोड़ रुपए की राशि कम प्राप्त होगी अर्थात मध्यमवर्गीय परिवारों को कुल एक लाख करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि का लाभ होगा। और, यह लाभ लगभग 2 करोड़ करदाताओं को होने की सम्भावना है। इससे देश के मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों के हाथों अतिरिक्त राशि उपलब्ध होगी जिसे वे विभिन्न उत्पादों की खरीद पर खर्च करेंगे और देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में सहायक होंगे। मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों ने जितना सोचा था शायद उससे भी कहीं अधिक राहत उन्हें इस बजट के मध्यम से दी गई है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5635

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 1 | 6 | | | |
| | 9 | 1 | | | | | 6 | |
| 2 | 6 | 4 | | | | | | |
| | | | 4 | 6 | | | 7 | 2 |
| | 7 | | | 3 | | | 5 | |
| 4 | 3 | | | 5 | 2 | | | |
| | | | | | | 1 | 8 | 5 |
| | 8 | | | | | 7 | 4 | |
| | | | 1 | 7 | | 2 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5634

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली 5635

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | ■ | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | 9 | |
| 10 | | | ■ | | ■ | 11 | |
| ■ | | ■ | 12 | | 13 | ■ | ■ |
| 14 | ■ | 15 | ■ | 16 | | 17 | ■ |
| 18 | 19 | | 20 | ■ | 21 | | |
| 22 | | ■ | 23 | 24 | ■ | | ■ |
| 25 | | | | | ■ | 26 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. इस प्रसिद्ध हास्य कवि की जन्म तारीख व निधन होने की तारीख एक ही है जन्म 18 सितंबर व निधन 18 सितंबर (6)
7. राजीव, पुरानी फिल्मों के गीतकार (3)
8. भगवान श्रीगणेश के नामों में से एक (4)
10. गीत, तराना (3)
11. ह्दय, मन, अंतःकरण (2)
12. परस्पर निर्वाह करना, बुहारना (3)
16. शोधलेख, शोधपत्र, शोधरचना (3)
18. यह सुप्रसिद्ध कवि कालिदास की एक प्रसिद्ध दूत काव्य है (4)
21. शब्द, वाणी, बोली (3)
22. पुराणानुसार पांचवां लोक जहां मनुष्य रहते है, सर्वसाधारण (2)
23. यह कृष्ण-भक्ति शाखा की प्रमुख कवयित्री है (2)
25. दीवार में छेद करके या सेंध लगाके चोरी करने वाला (5)
26. श्रीराम के भाई भरत के ज्येष्ठ पुत्र का नाम जिन्होंने गांधार में तक्षशिला नगरी स्थापित की थी (2)

**संकेतः ऊपर से नीचे**
1. विवाह के पूर्व कुमारी अवस्था में उत्पन्न हुआ पुत्र (3)
2. असर पैदा करने वाला, प्रभाव करने वाला (4)
3. पाचन क्रिया, पाचन शक्ति (3)
4. सूर्य का सारथी होने के कारण अरूण का एक नाम (5)
5. टांका मारना, सिलाई करना, वक्षस्थल (2)
6. समस्त, कुल, सब (3)
9. अगर, जो (2)
13. महाराष्ट्र का यह शहर गोदावरी नदी के समीप स्थित है, पंचवटी वन इसके समीप है (3)
14. दक्षिण अमेरिका में बहने वाली विश्व की सबसे बड़ी नदी (4)
15. पिता के पिता को यह कहा जाता है (2)
17. हिफाजत से रखा हुआ, सुरक्षित(4)
19. गड़गड़ाहट, गर्जन, मेघनाद (3)
20. शिष्टता, विवेक, सभ्यीकरण (3)
24. जंघा, जांघ (2)

### वर्ग पहेली 5634 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | ले | शि | या | ■ | शा | य | द |
| हे | ■ | का | ता | ■ | द | क्ष | ■ |
| श | ह | र | या | र | ■ | ■ | वा |
| भू | ल | ■ | त | ह | की | का | त |
| प | क | ना | ■ | म | ल | य | ज |
| ति | ■ | म | ■ | दि | ■ | र | ■ |
| ■ | ■ | व | की | ल | ■ | ■ | मू |
| पु | का | र | ना | ■ | ने | पा | ल |

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन कुछ बदलावों से भरा होगा। हालांकि इन बदलावों से आपको कोई नुकसान नहीं होगा। आपको अपने सम्मान का ध्यान रखना होगा। ऐसा कोई काम न करें जिससे आपको परेशानी हो। जीवन में कुछ चुनौतियां आ सकती हैं, घबराएं नहीं और अपने काम पर फोकस करें। कोई भी कदम काफी सोच-समझकर उठाएं। किसी भी विवाद से दूर रहें।

### वृष
आज दिन शुभ है। करियर में लाभ और भाग्य में वृद्धि होगी। इससे आपको खुशी मिलेगी। दोपहर तक कोई अच्छी खबर मिल सकती है। अपनी सेहत का ध्यान रखें। पैसों से जुड़ा कोई भी काम सोच-समझकर करें। शाम को घर में मेहमानों का आना खुशी का कारण बनेगा। रात में आप किसी सार्वजनिक कार्य में भाग ले सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा।

### मिथुन
आज दिन शुभ है। आज आपको काफी समय बाद कोई अच्छी खबर मिलेगी। कोई जरूरी काम पूरा होने से लाभ होगा। आपका मन प्रसन्न रहेगा। आगे का समय अच्छा बीतेगा। आपके लिए एक अच्छा संयोग यह है कि कहीं से आपका रुका हुआ धन भी शाम तक मिल सकता है।

### तुला
आज दिन शानदार होगा। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। ऑफिस में सहकर्मियों से पूरा सम्मान मिलेगा। वे आपके काम में मदद भी करेंगे। आप कई गलतियों को माफ करने के लिए तैयार होंगे। धन में वृद्धि होगी और व्यापार में भाग्य का साथ मिलेगा। शाम तक अच्छी कमाई होगी, जिससे आपको खुशी मिलेगी। इस सफलता का आनंद आप परिवार के साथ में लेंगे।

### वृश्चिक
आज दिन आर्थिक रूप से लाभदायक रहेगा। व्यापार में नई योजनाएं सफल होंगी और आपके लिए दिन भर धन लाभ के अवसर मिलेंगे। नई योजनाओं पर काम करें। परिवार के साथ सुख और शांति का आनंद लें। नौकरी या व्यापार में कुछ नयापन लाने से आपको फायदा होगा। आपके काम में नई जान आ जाएगी। मेहनत से आपको लाभ होगा।

### धनु
आज लाभ होगा, खासकर करियर के मामले में। आपकी योजनाएं सफल होंगी। व्यापार में सफलता मिलेगी। कीमती समय बर्बाद न करें। आपको अपने बारे में ज्यादा सोचना है। कामकाज की स्थिति अनुकूल हो रही है। आपके धन में वृद्धि होगी। इस अवसर का लाभ उठाएं और आगे बढ़ें। आपके लिए तरक्की के योग बने हैं और कारोबार में भाग्य आपका साथ देगा।

### कर्क
आज दिन बहुत शानदार रहेगा। भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आपकी रचनात्मकता बढ़ेगी। रुके हुए काम पूरे होंगे। जिस काम में आपकी मेहनत लगेगी, उसमें भाग्य का साथ भी मिलेगा। वह काम अच्छे से पूरा होगा। अधूरे काम भी पूरे हो जाएंगे। ऑफिस में माहौल आपके पक्ष में रहेगा। आपके साथी आपकी मदद करेंगे।

### सिंह
आज भाग्य साथ दे रहा है। दिन के पहले भाग में छोटे-मोटे लाभ हो सकते हैं। नौकरी या व्यवसाय से जुड़े कई मुद्दों को हल कर पाएंगे। रात का समय आपका दोस्तों और परिवार के साथ आनंद में बीतेगा। घर में कोई आपसे पैसों की मांग कर सकता है। उसकी मदद करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। इससे आपको लाभ होगा।

### कन्या
आज दिन उलझनों से भरा हो सकता है। कोई वस्तु या उपहार खरीदने की जल्दी रहेगी। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव ज्यादा रहेगा। सही समय पर आपका वाहन आदि भी साथ नहीं देगा। ऐसे समय में आपकी सूझबूझ काम आएगी। कोई भी फैसला सोच-समझकर करें। धैर्य बनाए रखें।

### मकर
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप कुछ नए निवेश कर सकते हैं। इसमें आपको भाग्य का साथ मिलेगा। धन में मनचाही वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। फालतू खर्च से बचें। आगे के बारे में सोचें। आपके लिए कारोबार में तरक्की के योग बने हैं और आपको सफलता प्राप्त होने से मन प्रसन्न रहेगा। नए विचारों को अपनाएंगे तो आपको सफलता प्राप्त होगी।

### कुंभ
आज मेहनत के बावजूद सफलता नहीं मिलने का दुख रहेगा। अहंकार से बचें। फालतू के झगड़े हो सकते हैं। सिर्फ अपने बारे में सोचने से आपकी इमेज खराब हो सकती है। पैसे के मामले में समय सामान्य है। समझदारी से निवेश करें। आपका दिन सफलता से भरा होगा और आपको कहीं से कोई शुभ समाचार मिलने से आर्थिक लाभ होगा। फालतू खर्च से बचें। आगे के बारे में सोचें।

### मीन
आज करियर के मामले में लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में तरक्की होगी। अपने काम के लिए दूसरों पर निर्भर न रहें। कभी-कभी बिना मदद के भी अपने काम पूरे करने चाहिए। आप जरूरी काम पूरे कर लेंगे। करियर में नई योजनाओं पर अमल हो सकता है। तनाव से दूर रहें। किसी भी विवाद में पड़ने से बचें। स्वतंत्रता और आत्मविश्वास से काम करें तो हर कार्य सफल होगा।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, थाना-रातू, जिला-रांची (झारखंड) में मुद्रित एवं 204, निर्मला इन्कलेव अपार्टमेंट, रानी बागान, बरियातु, रांची (झारखंड) से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com

## संक्षिप्त समाचार

### काशी में मौसम का बदला रुख, फरवरी की धूप में अप्रैल जैसी चुभन, 30 डिग्री पहुंचा पारा

**वाराणसी , एजेंसी।** वाराणसी जिले में फरवरी के पहले सप्ताह की धूप में अप्रैल जैसी चुभन और मई जैसा सूखा है। सुबह के 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक धूप ने गर्मी बढ़ा दी है। शहर का पारा गांवों के मुकाबले 3 डिग्री तक ज्यादा है। बृहस्पतिवार की सुबह से ही चटख धूप निकली। इस दौरान धूप से लोगों को चुभन महसूस हुई।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने कहा कि 7 फरवरी को बनारस में तेज ठंडी हवा चलने के आसार हैं। इससे तापमान में 2 से 4 डिग्री तक गिरावट आने का अनुमान है।

बता दें कि बुधवार को बीएचयू और शहरी इलाका दूसरी बार यूपी का सबसे गर्म इलाका घोषित किया गया। अधिकतम तापमान सामान्य से 4.6 डिग्री ऊपर 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 15.7 रिकॉर्ड किया गया। इससे पहले 29.5 डिग्री के साथ सोमवार को सबसे गर्म और मंगलवार को 30 डिग्री के साथ प्रदेश का दूसरा सबसे गर्म स्थान बना था।

### युवती की सिर कटी लाश मिली, नहीं हो सकी पहचान-पुलिस जांच में जुटी

**गोरखपुर, एजेंसी।** गोरखपुर जिले में बृहस्पतिवार की सुबह अचानक हड़कंप मच गया। गगहा के राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे भलुआन सिलनी पुलिया के पास लावारिश अवस्था में एक युवती का शव मिला। शव बुरी तरह क्षत-विक्षत था। धड़ की हिस्सा शरीरी पर था, जबकि शव से सिर का हिस्सा गायब था।

राहगीरों और गांव वालों ने शव को देख इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजने के साथ शव की पहचान शुरू कर दी है। गांव वालों से शव के आधार पर पहचान के लिए पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा गगहा थाने और आस-पास के थानों में लापता या युवती के गुमशुदगी की रिपोर्ट जांची जा रही है।

### प्रधान पर गोली मारने का आरोप, बुजुर्ग घायल, मेडिकल रेफर

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ रोड पर बसे गांव हस्तपुर में प्रधान पर एक बुजुर्ग चंद्रपाल सिंह को गोली मारने का आरोप लगा है। सिर में चोट लगने से घायल अवस्था में उन्हें जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना 5 फरवरी दोपहर करीब 2:30 बजे की बताई जा रही है। पुलिस कंट्रोल रूम में मिली सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची घायल बुजुर्ग चंद्रपाल सिंह को लेकर पहले मलखान सिंह जिला अस्पताल पहुंची, वहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार बुजुर्ग के सिर में लगी चोट गोली की है या किसी अन्य नुकीली वस्तु की यह चिकित्सक स्पष्ट नहीं कर पाए हैं। पीड़ित पक्ष ने ग्राम प्रधान पक्ष पर आरोप लगाए हैं। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष की ओर से प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया था। एसपी ग्रामीण अमृत जैन का कहना है कि सभी पहलुओं पर घटना की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### दस साल की बच्ची से छेड़छाड़, दुष्कर्म से पहले बच्चों ने शोर मचाया तो भागा... पुलिस ने ऐसे सिखाया सबक

**मेरठ , एजेंसी।** खरखौदा के एक गांव में दूसरे समाज के युवक ने 10 वर्षीय बच्ची के साथ छेड़छाड़ की। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार क्षेत्र के गांव में बृहस्पतिवार शाम बच्ची अपने मकान के बाहर खेल रही थी। खेलते हुए वह एक पुराने खंडहर में कुत्ते के बच्चे को छोड़ने गई। तभी पीछे से आए दूसरे समाज के 25 वर्षीय युवक ने उसे दबोच लिया। उससे छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकत की। बच्ची चिल्लाई, तो मौके पर पहुंचे दूसरे बच्चों ने शोर मचा दिया। आरोपी वहां से फरार हो गया। बाद में बच्ची की मां भी मौके पर पहुंच गई।

# एक ही दुकान में मिल सकेंगी बियर, देशी और अंग्रेजी शराब



**लखनऊ , एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 2025-26 की आबकारी नीति को मंजूरी दे दी गई। नई नीति में देशी-विदेशी शराब, बीयर, भांग की फुटकर दुकानों का लाइसेंस ई-लॉटरी से होगा। विभाग इस बार पुराने लाइसेंस का रिन्यूवल नहीं करेगा। बता दें कि इससे पहले वित्तीय वर्ष 2018-2019 में ई-लॉटरी से दुकानें आवंटित हुई थी। हालांकि वित्तीय वर्ष 2026-27 में लाइसेंस रिन्यूवल का विकल्प दिया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार आबकारी नीति में प्रदेश में पहली बार कंपोजिट दुकानों का लाइसेंस भी जारी किया जाएगा, जिसमें विदेशी शराब, बीयर और वाइन की एक साथ बिक्री की सुविधा होगी। हालांकि इन दुकानों पर शराब पीने की अनुमति नहीं होगी। नई नीति में 55 हजार करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 4000 करोड़ रुपये अधिक है। वहीं प्रीमियम रिटेल दुकानों के लाइसेंस का रिन्यूवल 25 लाख रुपये वार्षिक फीस लेकर करने का फैसला लिया गया है। पिछले साल की तरह लाइसेंस फीस यथावत रखी गई है। कोई भी व्यक्ति, फर्म, कंपनी दो से अधिक लाइसेंस नहीं ले सकेंगी।

### अब 60 और 90 एमएल में भी मिलेगी विदेशी मदिरा

कैबिनेट की बैठक में बुधवार को आबकारी नीति को मंजूरी मिल गई। इसके तहत मॉल्स के मल्टीप्लेक्स एरिया में प्रीमियम ब्रांड की दुकानें खोलने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि सक्षम स्तर से अनापत्ति मिलने पर हवाई अड्डों, मेट्रो व रेलवे स्टेशनों पर मुख्य भवन में प्रीमियम रिटेल की दुकानें अनुमन्य होंगी। इनका मुख्य द्वार भवन के अंदर होने की बाध्यता खत्म कर दी गई है। वहीं, पहली बार विदेशी मदिरा की 60 एमएल और 90 एमएल की बोतलों की बिक्री की अनुमति भी दी गई है।

### वैयक्तिक होम लाइसेंस का सरलीकरण

निजी प्रयोग के लिए निर्धारित फुटकर सीमा से अधिक मदिरा क्रय, परिवहन एवं निजी कब्जे में रखने के लिए वैयक्तिक होम लाइसेंस की व्यवस्था सरल की गई है। लाइसेंस के लिए सालाना फीस 11 हजार रुपये और सिक्योरिटी 11 हजार रुपये होगी। लाइसेंस उन लोगों को ही मिलेगा, जो तीन वर्ष से लगातार आयकरदाता होंगे। उन्हें अपना आयकर रिटर्न भी दाखिल करना होगा। इसमें न्यूनतम दो वर्षों में आवेदक द्वारा न्यूनतम 20 प्रतिशत श्रेणी में आयकर का भुगतान किया गया हो। यदि कृषि आय से 20 प्रतिशत आयकर के स्लैब में आने के बावजूद किसी आवेदक पर कर की देयता नहीं बनती हो, तब ऐसा आवेदक भी लाइसेंस के लिए अर्ह होगा।

### एसेप्टिक ब्रिक पैक में मिलेगी देशी मदिरा

नई नीति में देशी मदिरा एसेप्टिक ब्रिक पैक में बिक्री के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। इसका इस्तेमाल करने से शराब में मिलावट होने की आशंका खत्म होती है।

# जमीन के विवाद में खूनी संघर्ष, चाचा- भतीजे की मौत; दो लोग लड़ रहे जिंदगी की जंग

**बलिया , एजेंसी।** बलिया जिले के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के खरीद गांव में बुधवार की देर शाम जमीन के विवाद में दो पट्टीदारों में जमकर मारपीट हो गई। एक पक्ष ने धारदार हथियार से हमला कर दूसरे पक्ष के एक महिला समेत चार लोगों को लहूलुहान कर दिया। इसमें चाचा भतीजा की मौत हो गई और दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

खरीद निवासी मोती चंद्र यादव का घर भवानी मंदिर के पास है। जबकि विपक्षी पट्टीदार रामजीत यादव का घर 100 मीटर की दूरी पर है। दोनों पक्षों में 25 वर्षों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। एक माह पूर्व भी दोनों पक्षों में मारपीट की घटना हुई थी। जिसमें दोनों पक्षों पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया था।

बुधवार को देर शाम करीब 7:30 बजे मोतीचंद्र का परिवार घर पर था। उसी दौरान रामजीत के परिवार के सदस्य लाठी-डंडा, कुदाल, फावड़ा और कुल्हाड़ी लेकर मोतीचंद्र के दरवाजे पर पहुंच गए और गाली गलौज करने लगे। जब तक मोतीचंद्र के परिवार के सदस्य कुछ समझ पाते तब तक रामजीत पक्ष के लोगों ने हमला बोल दिया। पुरुष और महिला सदस्यों को मारना पीटना शुरू कर दिया।

**ये लोग मारपीट में हुए घायल:** मारपीट की घटना में मोतीचंद्र (60) के अलावा चचेरा भाई अनिल (42) पुत्र कोमल, भतीजा पंकज (24) पुत्र अक्षय कुमार यादव और गीता ( 55) पत्नी अक्षय यादव को धारदार हथियार से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद विपक्षी वहां से फरार हो गए।

**इलाज के दौरान चाचा- भतीजे ने तोड़ा दम:** उधर घायल व्यक्तियों को ग्रामीणों ने सीएचसी सिकंदरपुर पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां पंकज और अनिल की मौत हो गई। दो की हालत गंभीर बनी हुई है। उधर, घटना की सूचना पर एसएचओ सिकंदरपुर विकास चंद्र पांडेय सदल मौके पर पहुंच गए। वहीं स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अन्य थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। इस संबंध में एसएचओ सिकंदरपुर विकास चंद्र पांडेय ने बताया कि दोनों पक्षों में पूर्व में हुई मारपीट में चार्जशीट भी दाखिल किया जा चुका है। दूसरे पक्ष पूर्व नियोजित होकर घटना कारित करने के बात सामने आ रही है।

# बाघ ने किया 19वां शिकार, वन विभाग के परोसे हुए पड़वे को मार दिया

**लखनऊ , एजेंसी।** राजधानी लखनऊ के रहमानखेड़ा में बाघ ने मंगलवार रात फिर से एक पड़वे का शिकार किया। बाघ का यह 19वां शिकार है, जिस वन विभाग ने बाघ को फांसने के लिए जंगल क्षेत्र में बांध को परोस रखा है। अब तक बाघ ने जितने शिकार किए हैं, उनमें ज्यादातर वन विभाग की ओर से बांधे गए मवेशी ही हैं। ऐसे शिकार को मारने में बाघ को ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती।

दो महीने से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी वन विभाग बाघ को पकड़ने में नाकाम है। अब इस रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूआईआई), देहरादून से विशेषज्ञ शिखा बिष्ट को बुलाया गया है। उन्नाव, रायबरेली, सीतापुर व बाराबंकी जिलों की टीमें बाघ की तलाश में जुटी हुई हैं। 63 दिनों रहमानखेड़ा में घूम रहे बाघ ने बागवानी संस्थान के जोन एक के बेल वाले ब्लॉक में ट्रैप के लिए बांधे गए पड़वे को मंगलवार रात निवाला बनाया। पड़वे के शरीर से कुछ मांस खाकर निकल गया। पगचिह्नों से उसके भ्रमण वाले इलाके को चिह्नित किया जा रहा है।

**बेल वाले ब्लॉक में बना नया मचान:** अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ रेनू सिंह, डीएफओ बाराबंकी आकाशदीप बधावन के साथ डीएफओ सितांशु पांडेय मौके पर पहुंचे।



बताया कि बेल वाले ब्लॉक में एक नया मचान बनाया गया है। पड़वे के शिकार वाली जगह के आसपास तीन तरफ से जाल बांधकर बाघ को पकड़ने के लिए दो जगह पिंजरे भी लगाए गए हैं। मचान पर विशेषज्ञों को तैनात किया गया है।

**बाघिन के आवाज की रिकॉर्डिंग मंगाई:** वन विभाग ने नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी के विशेषज्ञों से भी संपर्क साधा है। बाघ को आकर्षित करने के लिए बाघिन की आवाज की रिकॉर्डिंग मंगाई जा रही है।

**63 दिनों में 63 लाख खर्च, फिर भी बाघ पकड़ से दूर:** टाइगर ऑपरेशन में वन विभाग ने अब तक 63 लाख रुपये से अधिक खर्च किए हैं। हथिनी डायना और सुलोचना पर रोजाना दस हजार रुपये से अधिक का खर्च आ रहा है। हालांकि इतने खर्च के बाद भी हाथ खाली हैं।

# बिल्डर ने वरिष्ठ अधिवक्ता को पीटा, हंगामा

**बहराइच , एजेंसी।** कोर्ट परिसर में बुधवार को अधिवक्ता संघ के पूर्व महामंत्री का एक बिल्डर से विवाद हो गया। इस दौरान बिल्डर ने अधिवक्ता पर को बुरी तरह पीटा और उनका दांत तोड़ दिया। गुस्साए अधिवक्ताओं ने नगर कोतवाली में तहरीर दी है।

जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व महामंत्री राजेश शुक्ला दीवानी न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। उनका शहर के मेवातीपुरा मोहल्ला स्थित एक जमीन का विवाद चल रहा था। अधिवक्ता ने बताया कि जमीन पर उच्च न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश पारित है। स्थगन आदेश के चलते सिविल कोर्ट पर मामला लंबित चल रहा है। अधिवक्ता का कहना है कि कुछ दिनों पूर्व स्थगन आदेश होने के बावजूद जमीन पर निर्माण कार्य चल रहा था। इसकी शिकायत नगर मजिस्ट्रेट से की गई थी। नगर मजिस्ट्रेट ने कार्य रोकवा दिया था, लेकिन उसके बाद बुधवार को जमीन पर पुनः निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया। इसकी जानकारी होने पर जब नगर मजिस्ट्रेट से शिकायत करने पहुंचे तो वहां मौजूद बिल्डर प्रिंस यादव के साथ कुछ लोगों ने विवाद शुरू कर दिया।

इसी दौरान बिल्डर ने मुंह पर घूंसा मार दिया जिससे उनका दांत टूट कर गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही कलेक्ट्रेट पर मौजूद वकीलों ने मौके पर पहुंचकर हमलावर बिल्डर को पकड़ लिया। हालांकि मौका देखकर वह भाग निकला। इसके बाद गुस्साए वकीलों ने नगर कोतवाली पहुंच कर प्रिंस यादव, लक्ष्मी नारायण बस व लक्ष्मी नारायण की बेटी के खिलाफ तहरीर दी है। कोतवाली नगर प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि अधिवक्ताओं की ओर से तहरीर



मिली है।

**अधिवक्ता संघ ने दी कार्य बहिष्कार की धमकी:** पूर्व महामंत्री राजेश शुक्ला पर हुए हमले के बाद गुस्साए वकीलों ने दीवानी न्यायालय के सभागार में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामजी बाजपेयी की अध्यक्षता में बैठक की। बैठक का संचालन महामंत्री बालकृष्ण मिश्र बालू ने किया। बैठक में वकीलों ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए छह फरवरी को घटना के विरोध में कार्य बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।

# संस्कृत विश्वविद्यालय में अगले महीने मूल्यांकन करने आएगी नैक टीम, ए ग्रेड पाने का लक्ष्य

**वाराणसी, एजेंसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में अगले महीने नैक मूल्यांकन के लिए टीम आएगी। विश्वविद्यालय की ओर से इसको लेकर तैयारी तेज कर दी गई है। टीम के सदस्य यहां दो से तीन दिन तक रहकर जहां विश्वविद्यालय में पठन-पाठन की जानकारी लेंगे।

मुख्य भवन के साथ ही सरस्वती भवन में रखी दुर्लभ पांडुलिपियों को देखने के साथ ही छात्रावासों का निरीक्षण कर सुविधाओं की हकीकत को देखेंगे। इस लिहाज से पांडुलिपियों के संरक्षण कार्य के साथ ही अन्य कार्य तेजी से करवाए जा रहे हैं। संस्कृत विश्वविद्यालय को इसके पहले हुए नैक मूल्यांकन में ए ग्रेड मिला था। लिहाजा विश्वविद्यालय के पास अपने पूर्व के ए ग्रेड को बरकरार रखना चुनौती है।

**विश्वविद्यालय में नैक टीम के आने की चल रही तैयारी:** पिछले दिनों राजभवन में कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल के समक्ष प्रेजेंटेशन देने के बाद अब विश्वविद्यालय में नैक टीम के आने की तैयारी चल रही है। विश्वविद्यालय की ओर से फिलहाल 26 फरवरी से 10 मार्च तक का समय प्रस्तावित कर नैक टीम को मूल्यांकन के लिए भेजा गया है। इसी के आधार पर मूल्यांकन की तैयारी चल रही है।

कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा का कहना है कि विश्वविद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही इस समय सेमेस्टर परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन भी चल रहा है। नैक मूल्यांकन के लिए तय पैरामीटर के आधार पर केंद्रीय कार्यालय से लेकर विश्वविद्यालय के अन्य भवनों में साफ-सफाई, पेंटिंग के साथ ही यहां अन्य व्यवस्थाएं सुदृढ़ करवाई जा रही हैं। इसके अलावा छात्रावास, व्याख्यान कक्ष आदि सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। टीम को एक निर्धारित समय प्रस्तावित कर भेज दिया गया है। दो-तीन दिन में टीम के आने की फाइनल तिथि तय कर नैक द्वारा विश्वविद्यालय को सूचना मिलने की संभावना है।

# पूर्व मंत्री हाजी याकूब की मीट फैक्टरी फिर से सुर्खियों में, चार गिरफ्तार

**मेरठ , एजेंसी।** हापुड़ रोड पर पूर्व मंत्री हाजी याकूब कुरैशी की ढाई वर्ष से बंद पड़ी मीट फैक्टरी में तैनात सुरक्षाकर्मी आकाश ने अपने साथियों के साथ मिलकर सामान चोरी कर लिया। फैक्टरी में तैनात सुपरवाइजर हाजी मुमताज ने अन्य लोगों की मदद से चार आरोपियों को पकड़ लिया तथा तीन मौके से फरार हो गए। इस मामले में सुपरवाइजर ने लोहियानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

हापुड़-मेरठ रोड स्थित गांव अल्लीपुर में बंद पड़ी पूर्व मंत्री हाजी याकूब कुरैशी की मीट फैक्टरी (अल फहीम मिटेक्स प्राइवेट लिमिटेड) के सुपरवाइजर हाजी मुमताज निवासी अनूपगढ़ फाजलपुर थाना कंकरखेड़ा के अनुसार मंगलवार रात फैक्टरी में तैनात सुरक्षाकर्मी आकाश, रिफाकत अली कुछ लोगों के साथ मिलकर फैक्टरी से सामान चोरी कर रहे थे। जहां से लोहे का सरिया, मशीन के पार्ट्स, स्टील की 55 टेबल काटकर सहित काफी स्क्रैप का सामान छोटा हाथी में लाद लिया। अल्लीपुर निवासी एक व्यक्ति मेरठ से रात्रि में दूध डालकर लौट रहा था। उसने फैक्टरी के बंद पड़े बीच वाले गेट के सामने एक छोटा हाथी व एक स्कूटी को खड़ा देखा तो उसे शक हुआ। उसने तुरंत ही सुपरवाइजर को फोन किया। जब हाजी मुमताज अन्य लोगों के साथ वहां पहुंचे तो गाड़ी में फैक्टरी का सामान रखा देखा। मौका पाकर वहां से तीन आरोपी फरार हो गए।

# ध्वस्तीकरण से पहले शुरू हुई अवैध अपार्टमेंटों की नपाई

## 83 अपार्टमेंटों के लिए एलडीए ने जारी की नोटिस

**लखनऊ , एजेंसी।** जिन 83 अवैध अपार्टमेंटों को गिराए जाने के लिए एलडीए ने करीब एक सप्ताह पहले नोटिस जारी किए हैं, उनकी नपाई का काम बुधवार से शुरू हुआ है। न्यू हैदराबाद की कालाकांकर कॉलोनी में बने एक अपार्टमेंट सहित शहर के कई अन्य अपार्टमेंटों की नपाई की गई है। नपाई से ये पता किया जा रहा है कि कितना निर्माण अवैध है जिसे ध्वस्त किया जाना है।

83 अवैध अपार्टमेंट शहर के अलग- अलग इलाकों में बने हैं। एलडीए से इनके मानचित्र पास नहीं हैं। पूर्व में भी एलडीए इनके ध्वस्तीकरण के आदेश जारी कर चुका है। किसी का आदेश साल 2002 का है तो किसी का 2010 और 2012 का। एलडीए ने उस समय आदेश पर अमल नहीं किया।

अवैध अपार्टमेंटों को चिह्नित करने का काम एलडीए ने 2014 में किया था। उस समय सूची तो बनी मगर ध्वस्तीकरण नहीं हुआ। अब हाईकोर्ट में मामले को लेकर शुरू हुई सुनवाई के बाद एलडीए के अफसर जागे हैं और कार्रवाई शुरू की है। करीब एक सप्ताह पहले जारी नोटिस में 15 दिन का समय कब्जा खाली करने के लिए दिया गया था। नोटिस अलग-अलग तारीख में जारी हुए हैं। किसी का समय 11 फरवरी को तो किसी का उसके बाद पूरा हो रहा है।

**हाईकोर्ट में हुई एलडीए के नोटिस पर सुनवाई:** अयोध्या रोड के सिल्वर लाइन अपार्टमेंट की रेजीडेंट वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष प्रमोद अग्रहरि ने बताया कि एलडीए ने अपार्टमेंट को गिराने के लिए जो नोटिस दिया था, उसके खिलाफ बिल्डर की ओर से कोर्ट में वाद दायर किया गया। बुधवार को इस पर सुनवाई हुई। उम्मीद है कि हाईकोर्ट से अपार्टमेंट में फ्लैट खरीदने वालों को राहत मिलेगी। बताया कि उनका अपार्टमेंट नियमों के तहत ही बना है। एलडीए के एसडीएम व जोनल अफसर शशि भूषण पाठक का कहना है कि जिन अवैध अपार्टमेटों के ध्वस्तीकरण के नोटिस जारी हुए हैं, उनमें कार्रवाई से पहले मौके पर जाकर नपाई कराई जा रही है। इससे यह स्पष्ट होगा कि कितना निर्माण अवैध है जिसे तोड़ा जाना है।





# बहन जान्हवी से पूछे बिना कोई काम नहीं करती खुशी कपूर

खुशी कपूर और जुनैद खान की जोड़ी फिल्म लवयापा में नजर आने वाली है। इस फिल्म की रिलीज से पहले दोनों अभिनेता इसके प्रमोशन में बिजी हैं। फिल्म प्रमोशन के लिए जुनैद खान और खुशी कपूर भारती सिंह के पॉडकास्ट में भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने फिल्म के साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी बहुत सी बातें की हैं। खुशी कपूर ने बताया कि वे अपनी बहन जान्हवी कपूर से पूछे बिना कुछ भी काम नहीं करती हैं, जब बहन का अप्रूवल मिल जाता है, तब ही वे काम शुरू करती हैं। यहां तक की खुशी कपूर की स्टाइलिंग भी उनकी बहन ही करती हैं। खुशी कपूर ने बताया वे केरल में अपनी किसी फिल्म की शूट में बिजी हैं, वे एक दिन के लिए मुंबई आएंगी और फिल्म देखकर वापस चली जाएंगी।

## पिता ने कही ये बात

खुशी कपूर ने बताया कि उनके पिता ने भी इस फिल्म के लिए उन्हें बहुत सपोर्ट किया है। उनके पिता ने ही उन्हें ओरिजनल तमिल फिल्म देखने के लिए कहा है। खुशी ने कहा कि उनके पिता बोनी कपूर उन्हें हर काम में सपोर्ट करते हैं। खुशी ने पॉडकास्ट में बताया कि अब उन्हें इंतजार है कि कब सब लोग उन्हें फोन करके कहें कि वाह खुशी ने क्या काम किया है।

## इस दिन रिलीज होगी फिल्म

फिल्म लवयापा अपनी रिलीज के लिए बिल्कुल तैयार है। इस फिल्म में जुनैद और खुशी के साथ राधिका सरथकुमार, सत्यराज, योगी बाबू, एजाज खान, रवीना रवि, अदनान सिद्दीकी और स्वाति वर्मा जैसे सितारे अहम भूमिका में हैं। फिल्म 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# रकुल प्रीत संग काम को लेकर बोलीं भूमि

**बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने अपनी आगामी फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी में रकुल प्रीत संग काम करने को लेकर अपने विचार साझा किए हैं। उन्होंने कहा कि एक ही फिल्म में दो अभिनेत्रियां काम नहीं कर सकतीं ये बिल्कुल गलत नरेटिव है। बता दें इस फिल्म में भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह एक साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आने वाली हैं। फिल्म में अर्जुन कपूर भी मुख्य किरदार में हैं। भूमि ने बॉलीवुड फिल्मों में दो अभिनेत्रियों के एक साथ काम करने को लेकर अपनी टिप्पणी दी है।**



## कॉमेडी फिल्म को लेकर कही ये बात

उन्होंने कहा, आमतौर पर महिला कलाकारों को कॉमेडी फिल्में करने का मौका नहीं मिलता। मुझे कॉमेडी फिल्में देखना बहुत पसंद है। इस फिल्म में दोनों महिला कलाकारों ने कॉमेडी को आगे बढ़ाया है, जैसा कि आप 90 के दशक में नंबर वन सीरीज की फिल्मों में देखते थे, जिसमें अभिनेत्रियां कॉमेडी करती थीं। इसलिए, हमने भी कुछ ऐसा ही किया है।

## रकुल प्रीत सिंह के लिए बोलीं

भूमि ने रकुल प्रीत सिंह के साथ फिल्म करने को लेकर भी अपनी बात सामने रखी। उन्होंने कहा, वह मेरी बहन जैसी हैं। उसकी शादी मेरे सबसे अच्छे दोस्त जैकी भगनानी से हुई है और अब वह मेरी सबसे करीबी दोस्तों में से एक बन गई है। यह कहा जाता है कि दो अभिनेत्रियां एक साथ असुरक्षित हैं, हालांकि ये सच नहीं है और यह कुछ ऐसे पुरुषों द्वारा शुरू किया गया होगा जो खुद सुरक्षित नहीं हैं। हमारे बीच कुछ भी गलत नहीं है, बल्कि हमने फिल्म की शूटिंग में पूरी मस्ती की। फिल्म में अर्जुन कपूर पूर्व पत्नी भूमि को ठीक करने की कोशिश करते हैं और उन्हें सब सच बता देते हैं। भूमि भी अब अर्जुन को दोबारा पाना चाहती हैं, जिसके बाद रकुल के साथ उनकी जंग शुरू हो जाती है। अब पूरी कहानी तीनों के इर्द-गिर्द घूम रही है। अर्जुन, भूमि और रकुल की यह फिल्म 21 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

इन अभिनेत्रियों संग शेयर की स्क्रीन

ऐसा पहली बार नहीं है कि भूमि किसी फिल्म में एक और बॉलीवुड अभिनेत्री के साथ दिखाई देने वाली हैं। भूमि इससे पहले पति, पत्नी और वो में अनन्या पांडे के साथ काम कर चुकी हैं। वे तापसी पन्नू के साथ भी सांड की आंख में स्क्रीन शेयर कर चुकी हैं।



# क्या पैन इंडिया फिल्मों में नहीं नागा की दिलचस्पी? बोले- सच्ची कहानियों का हिस्सा बनना चाहूंगा

**ऐसे वक्त में जब हर छोटा-बड़ा स्टार पैन इंडिया फिल्म में काम करने को उत्साहित है, वहीं नागा चैतन्य अलग विचार रखते हैं। नागा चैतन्य का कहना है कि वे पैन इंडिया फिल्मों की बजाय अपनी जड़ों से जुड़ी और सच्ची कहानियों को चुनना पसंद करेंगे।**

तेलुगु सिनेमा के चर्चित एक्टर नागा चैतन्य का कहना है कि वे ऐसी सच्ची कहानियों का हिस्सा बनना चाहते हैं, जो धीरे-धीरे अलग-अलग जगहों तक पहुंचें। वे ऐसी फिल्म में काम करने को लेकर निश्चित नहीं हैं, जिन्हें पैन इंडिया प्रोजेक्ट के रूप में पेश किया गया हो।

## सच्चाई होगी तो फिल्म खुद दर्शकों तक पहुंचेगी

माजिली, कस्टडी और लव स्टोरी जैसी तेलुगु ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लिए मशहूर अभिनेता नागा चैतन्य अपने आगामी फिल्म तंडेल को लेकर चर्चा में हैं, जो 07 फरवरी को रिलीज होगी। फिल्मों को लेकर नागा ने बातचीत में कहा, मैं ईमानदार कहानियों का हिस्सा बनना चाहता हूं। आप जो कर रहे हैं, अगर उसमें सच्चाई है, वह जड़ों से जुड़ी है तो खुद-ब-खुद जगह-जगह दर्शकों तक पहुंच जाएगी।

## ऐसे तरीके मैं नहीं अपना पाऊंगा

नागा चैतन्य ने कहा, यह पैन इंडिया जैसी चीज, दर्शकों के एक खास वर्ग के लिए फिल्में बनाना, एक खास तरह के कलाकारों का चयन करना और उसे पैन इंडिया फिल्म के रूप में पेश करने के लिए अलग-अलग चीजें करना, मुझे नहीं लगता कि मैं यह तरीका अपनाऊंगा। मैं ऐसे इमोशंस, कहानियां, यात्राएं और किरदार चुनूंगा जो यूनिवर्सल हों, जमीनी और वास्तविक हों। ऐसी कहानियां अपने आप लोगों तक पहुंचेंगी।

## क्या है फिल्म की कहानी?

फिल्म तंडेल एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जो असल जिंदगी की घटना पर आधारित है। नागा चैतन्य के साथ फिल्म में साई पल्लवी नजर आएंगी। फिल्म की कहानी एक मछुआरे के इर्द-गिर्द घूमती है, जो समुद्र में खो जाता है और अनजाने में पाकिस्तानी जलक्षेत्र में चला जाता है। वहां उसे पकड़ लिया जाता है और पाकिस्तानी जेल में डाल दिया जाता है। नागा चैतन्य का कहना है कि यह फिल्म लोगों से जुड़ेगी और उन्हें पसंद आएगी।

# फिल्म 'इक्कीस' में नजर आएंगे सिकंदर खेर



श्रीराम राघवन डायरेक्टेड फिल्म इक्कीस की काफी समय से चर्चा है। इस फिल्म में उम्दा एक्टर्स शामिल हैं। अब एक और एक्टर फिल्म का हिस्सा बना है। ये एक्टर भी फिल्म 'इक्कीस' का हिस्सा बनकर खुश है। श्रीराम राघवन की फिल्म इक्कीस में जो एक्टर आर्मी मैन का रोल निभाने वाला है, वह पहले भी कई फिल्मों में उम्दा किरदार निभा चुका है। इस एक्टर का नाम सिकंदर खेर है। वह फिल्म इक्कीस में आर्मी मैन का रोल निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इन दिनों वह अपने किरदार को निभाने के लिए जरूरी तैयारियां कर रहे हैं। फिल्म 'इक्कीस' के बारे में सिकंदर खेर कहते हैं, 'मैं हमेशा श्रीराम राघवन की फिल्म का इंतजार करता रहा हूं। वह बड़े ही अनूठे तरीके से कहानी को कहते हैं। मैं हमेशा से उनकी फिल्मों का हिस्सा बनना चाहता था। फिल्म 'इक्कीस' में दर्शकों को अलग ही तरह की कहानी देखने को मिलेगी। मैं फिल्म में एक आर्मी ऑफिसर का रोल कर रहा हूं।

# बेटे की डेब्यू सीरीज को लेकर एक्साइटेड हैं शाहरुख

काफी समय से चर्चा चल रही थी शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान एक्टिंग की बजाय डायरेक्शन से फिल्मी दुनिया में कदम रखेंगे। लेकिन हाल ही में आर्यन के डायरेक्शन में बनी ओटीटी सीरीज 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' का लॉन्च इवेंट हुआ। इसमें आर्यन खान को लेकर शाहरुख खान ने कई बातें साझा की। ओटीटी सीरीज 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' से जुड़े इवेंट पर शाहरुख खान ने कहा कि जितना प्यार मुझे मिला है, उसका 50 प्रतिशत भी मेरे बच्चों को मिल जाए तो काफी है। साथ ही वह कहते हैं कि आर्यन ने इस सीरीज पर काफी मेहनत की है, यह हार्डवर्क तभी सफल माना जाएगा, जब दर्शक सीरीज को पसंद करेंगे।

## सीरीज में शाहरुख खान का क्या रहा एफर्ट

शाहरुख खान आगे कहते हैं कि मैंने आर्यन की इस सीरीज का प्रोमो शूट करने के लिए रात भर मेहनत की। गौरी और आर्यन तो मुझे घर की मुर्गी दाल बराबर समझते हैं। आगे वह यह भी कहते हैं कि आर्यन और उनकी टीम ने भी बहुत एफर्ट इस सीरीज के लिए किए हैं।

## क्या है आर्यन की सीरीज की कहानी

आर्यन खान के डायरेक्शन में बनी सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड में मुंबई आए लोगों के स्ट्रगल की कहानी को बताया जा रहा है। कैसे एक्टर बनने की शुरुआत ये लोग करते हैं, किस तरह के स्ट्रगल से गुजरते हैं। इसी सब्जेक्ट पर कहानी को बुना गया है।

## बेटी के साथ किंग खान करेंगे एक्टिंग

एक तरफ शाहरुख खान अपने बेटे की सीरीज को लेकर एक्साइटेड हैं, वहीं वह बेटी सुहाना खान के साथ भी एक फिल्म कर रहे हैं। इस फिल्म का नाम 'किंग' बताया जा रहा है। फिल्म 'किंग' में दर्शकों को खूब एक्शन देखने को मिलेगा।





# मैं स्टार नहीं स्टोरी के पीछे भागता हूं

मलयालम एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन ने साल 2019 में डायरेक्शन में डेब्यू किया था। उन्होंने अपनी पहली ही डायरेक्टोरियल फिल्म 'लूसिफर' से सफलता का स्वाद चखा। इस ट्रियोलॉजी की दूसरी फिल्म 'L2 एम्पुरन' पांच भाषाओं में रिलीज को तैयार है। बड़े प्रोडक्शन हाउस, बिग बजट और बड़े स्टार वाली ये फिल्म 27 मार्च को रिलीज होगी। हाल ही में कोच्चि में फिल्म का टीजर रिलीज किया गया।

**'लूसिफर' के ब्लॉकबस्टर होने के बाद दर्शकों की उम्मीद काफी बढ़ गई है। 'L2 एम्पुरन' क्या उस उम्मीद पर खरी उतरेगी?**

मैं जानता हूं कि लोगों को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। लेकिन सच ये है कि इस फिल्म को बनाते समय मैंने इन बातों का उतना लोड नहीं लिया। 'L2' इसलिए नहीं बनी कि पार्ट-1 सफल रही। इस फेंचाइजी के तीन पार्ट पहले से ही तय थे। लेकिन हम हमेशा से जानते थे कि अगर पार्ट-1 सफल नहीं हुआ तो पार्ट-2 कभी नहीं बनता। लेकिन शुक्र है कि 'लूसिफर' मलयालम इंडस्ट्री की आइकॉनिक फिल्म बनी। 'लूसिफर' की कहानी केरल की राजनीति पर आधारित थी लेकिन पार्ट-2 की कहानी नेशनल लेवल पर है। इस फिल्म की 33 फीसदी कहानी हिंदी में है। पार्ट-1 में भी मेरा किरदार सिर्फ हिंदी में बात करता था। मेरी कोशिश रही है कि फिल्म के हर वर्जन में हिंदी वाला पार्ट वैसा ही रहे। इस वजह से हम इसे उत्तर भारत में अच्छे से रिलीज करना चाहते हैं। हमें यकीन है कि अगर किसी ने पार्ट-1 नहीं भी देखी है तो उसे ये फिल्म समझ आ जाएगी। ये फिल्म अपनी कहानी खुद कहने वाली है।

**'L2' के टीजर को तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़, हिंदी हर भाषाओं में दर्शकों का प्यार मिल रहा है। क्या ये सही मायनों में पैन इंडिया फिल्म है?**

मैंने जब 2016-17 में ये आइडिया सुना था, मुझे उसी समय पता था कि इस पर बहुत बढ़िया मेनस्ट्रीम फिल्म बनेगी। ये वो फिल्म होगी, जिसके लिए ऑडियंस थिएटर पहुंचेगी। हॉल में लोग तालियां बजाएंगे और खूब एंजॉय करेंगे। मुझे इस तरह की फिल्में पसंद हैं। मैं मनमोहन देसाई सर का बहुत बड़ा फैन हूं। मुझे सलीम-जावेद की फिल्में पसंद हैं। मैं अभी भी अमिताभ बच्चन की क्लासिकल फिल्मों को दोबारा देखता हूं। मुझे चत्रस्र, बाहुबली, पुष्पा जैसी फिल्में पसंद हैं। मुझे उड़ान, कुम्बलंगी नाइट्स, मंजुमल बॉयज भी अच्छी लगती हैं। इस फिल्म को बड़ा बनाना और ग्लोबल लेवल पर ले जाना सब कुछ नेचुरल तरीके से ही हुआ। हमने ऐसा नहीं सोचा कि पार्ट-1 हिट हो गया तो चलो दूसरे पार्ट को वैसा प्लान करते हैं। इसमें खूब पैसे लगाते हैं।

**मोहनलाल जैसे सुपरस्टार को डायरेक्ट करने का अनुभव कैसा रहा?**

मैं बतौर डायरेक्टर अपनी फिल्म और विषय को लेकर काफी निष्पक्ष हूं। जब मैं डायरेक्ट करता हूं उस वक्त मेरे सामने एक्टर मोहनलाल होते हैं। मैं जानता हूं कि वो कितने बड़े सुपरस्टार हैं। मुझे उनका स्टारडम भी पता है। मैं भी स्टार मोहनलाल का फैन हूं। लेकिन मोहनलाल के साथ काम करना बहुत आसान है। एक्टर के तौर पर वो अद्भुत हैं। वो बहुत ज्यादा प्रोफेशनल भी हैं। शूट के पहले दिन उन्होंने सेट पर आते ही मुझसे पूछा कि तुम मुझसे क्या करवाना चाहते हो? वो चाहते थे कि डायरेक्टर उन्हें बताए। वो डायरेक्टर को सुनना चाहते थे।

**फैंस को यह भी लगता है कि जब आप खुद इतने बड़े स्टार हैं फिर 'लूसिफर' का रोल आपने क्यों नहीं निभाया?**

मैं जिस तरह से इस किरदार को देखता हूं, मेरी नजर में 'लूसिफर' सिर्फ मोहनलाल सर हो सकते हैं। शायद कोई और स्टार इस रोल को अलग तरीके से निभाता और वो भी इतना ही बढ़िया करता। लेकिन मेरे दिमाग में सिर्फ मोहनलाल सर थे।

**लाइका प्रोडक्शन ने पैन इंडिया बड़ी और सुपरहिट फिल्में दी हैं। उनके साथ अपने मेगा बजट प्रोजेक्ट के बारे में बताइए।**

लाइका प्रोडक्शन ने मुझसे पहली बार एक फिल्म डायरेक्ट करने के लिए संपर्क किया था, जिसमें रजनीकांत सर लीड होते। मेरे जैसे नए फिल्ममेकर के लिए ये बहुत बड़ा मौका था। मैं उस ऑफर के लिए एक्साइटेड भी था। लेकिन अफसोस की मेरे पास रजनी सर के लिए कोई बढ़िया सब्जेक्ट नहीं था। ऐसे में मैं रजनी सर को पिच नहीं कर सकता था। हालांकि, मेरे पास एक आइडिया था, जो मैंने सुबास्करण सर (लाइका प्रोडक्शन फाउंडर) के साथ शेयर किया। उन्हें वो पसंद भी आया। लेकिन उस वक्त मैं फिल्म गोट लाइफ की शूटिंग में बिजी था इसलिए आइडिया पर काम नहीं कर सका। शायद कभी मौका मिलेगा तो मैं रजनी सर को आइडिया पिच करूंगा। एक और प्रोजेक्ट है, जिसमें मैं बतौर एक्टर लाइका के लिए काम कर रहा हूं। इस पर बहुत लंबे समय से काम चल रहा है। जब वो चाहेंगे मैं इसका अनाउसमेंट करूंगा।

**आने वाले समय में हिंदी पट्टी के फैंस आपको किस तरह के प्रोजेक्ट में देखेंगे।**

मैंने दो हिंदी फिल्मों को हां कहा है। जब मेकर्स इनकी घोषणा करेंगे तब आपको पता चलेगा। मैंने अभी एक हिंदी फिल्म की शूटिंग खत्म की है। वो प्रोजेक्ट पोस्ट प्रोडक्शन में है और जल्द ही रिलीज होगी। इसकी घोषणा भी सही समय आने पर मेकर्स और स्टूडियो की तरफ से होगी।



# शरीर में हार्मोन संतुलित करने के लिए रोज सुबह जरूर पिएं ये ड्रिंक, दूर होंगी कई समस्याएं

स्वस्थ रहने के लिए शरीर में हार्मोन्स का बैलेंस रहना भी बेहद जरूरी होता है। अगर आपके हार्मोन्स असंतुलित हो गए हैं तो संभव है कि आपको स्वास्थ्य से जुड़ी अन्य कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसे बैलेंस रखने के लिए लोग तरह-तरह के नुस्खे अपनाते हैं। कुछ लोग तो इसके लिए दवाओं का भी सेवन करते हैं। जबकि आप घर पर बनी मात्र एक हेल्दी ड्रिंक पीकर भी हार्मोन्स को बैलेंस कर सकते हैं। आइये डाइटिशियन ऋचा गंगानी से जानते हैं इस ड्रिंक को पीने से हार्मोन्स कैसे नियंत्रित होते हैं और इसे बनाने का तरीका।

## कैसे बनाएं ये ड्रिंक?

- यह ड्रिंक बनाना काफी आसान है। इसे आप घर पर आसानी से बना सकते हैं।
- इस ड्रिंक को बनाने के लिए आपको घी और नारियल का तेल लेना है।
- अब इसके बाद आपको हल्दी और काली मिर्च लेनी है।
- यह सामाग्रियां जुटाने के बाद आपको एक गिलास पानी गर्म करना है।
- अब गर्म पानी में सबसे पहले एक चम्मच घी मिलाएं। इसके बाद इसमें अन्य सामग्रियां डालें।
- इस ड्रिंक एक साथ मिलाकर आप सुबह खाली पेट इसे पी सकते हैं।

## हार्मोन्स बैलेंस करने में मददगार

अगर आपको हार्मोनल इंबैलेंस की समस्या है तो ऐसे में इस ड्रिंक को जरूर पिएं। इसमें घी और हल्दी की मात्रा होती है, जो शरीर में हार्मोन्स के उत्पादन को कंट्रोल करने के साथ ही उसे बैलेंस रखने में भी मदद करती है। यह ड्रिंक शरीर में होने वाले ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस और सूजन को कम करके हार्मोन्स के इंबैलेंस को कम करने में मददगार साबित होती है। सुबह के समय घी खाने से शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरॉन हार्मोन्स का लेवल बैलेंस रहता है।

## इस ड्रिंक को पीने के अन्य फायदे

- यह ड्रिंक सेहत के लिए अन्य भी कई तरीकों से फायदेमंद साबित होती है।
- अगर आप वजन घटाना चाहते हैं तो भी इस ड्रिंक को पी सकते हैं।
- इसे पीने से पाचन प्रक्रिया तेज होने के साथ ही मेटाबॉलिज्म भी दुरुस्त रहता है।
- इस ड्रिंक को पीने से शरीर की थकान दूर होती है साथ ही उर्जा की कमी महसूस नहीं होती है।





# पूरी सर्दी खा लें हरी प्याज, कैंसर से लेकर हार्ट डिजीज तक हर बीमारी होगी दूर

**हरी प्याज, जिसे स्प्रिंग अनियन भी कहा जाता है, पोषक तत्वों से भरपूर है। यह आंखों की रोशनी बढ़ाने, कैंसर का जोखिम कम करने, पाचन में सुधार, दिल की सेहत बेहतर बनाने और स्किन को जवां रखने में मदद करता है। इसमें विटामिन ए, सी, सल्फर, फाइबर और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं।**

प्याज की अलग अलग वैरायटी होती है और उनमें से एक है हरी प्याज यानि स्प्रिंग अनियन। इसका सेवन करने से आपके शरीर को काफी सारे लाभ मिल सकते हैं। यह खाने में भी स्वादिष्ट होता है। इस का प्रयोग करके आप किसी भी बोरिंग डिश को एक स्वादिष्ट व्यंजन बना सकते हैं जो स्वास्थ्य लाभों से भी भरपूर होगी। इसको तड़के में प्रयोग कर सकते हैं या बाद में सब्जी में भी डाला जा सकता है। हरी प्याज का सेवन करने से आपकी आंखों को भी लाभ मिलते हैं।अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जिसे सब्जियां खानी इतनी पसंद नहीं है, तो आप को एक बार हरी प्याज वाली किसी डिश का सेवन करना चाहिए और आप अपना मन चुटकियों में बदल लेंगे। आइए जान लेते हैं हरी प्याज खाने के स्वास्थ्य लाभों के बारे में। कैंसर और हार्ट डिजीज के खतरे को कम किया जा सकता है।

## आंखों के लिए लाभदायक



हरे प्याज में विटामिन ए होता है और यह आपकी आंखों के लिए काफी जरूरी होता है। इसका सेवन करने से आंखों की इन्फ्लेमेशन और मैक्यूलर डिजेनरेशन नाम जैसी स्थितियों से राहत मिलती है जो ऐसे डिसऑर्डर होते हैं जिनसे आप की आंखों की रोशनी भविष्य में जा भी सकती है। इसमें लूटेन जैसे कार्टनॉइड होते हैं जो आपकी आंखों को मजबूत बनाने में काफी सहायक माने जाते हैं।

## पाचन में मदद करता है



हरे प्याज का सेवन करने से आपको पाचन में भी लाभ मिलता है। आप हरे प्याज का सेवन स्नैक के रूप में भी कर सकते हैं। इनमें फाइबर की अच्छी खासी मात्रा होती है और पाचन को सुधारने में भी मदद करते हैं। अगर आप को गैस, एसिडिटी, कब्ज जैसी समस्या है तो आप इसका सेवन कर सकते हैं। हरे प्याज का सेवन करने से आपका पाचन तंत्र काफी एक्टिव हो जाता है और ब्लॉटेड इंटेस्टाइन में मदद करता है। आपको अगर पाचन से जुड़ी समस्याएं हैं तो दिन में 20 से 30 ग्राम स्प्रिंग अनियन का सेवन जरूर करें।

## कैंसर के रिस्क को करते हैं कम

एन सी बी आई के मुताबिक हरे प्याज में सल्फर पाया जाता है जो आपके शरीर के लिए लाभदायक तत्व होता है। इसका सेवन करने से कैंसर होने का रिस्क कम हो सकता है। इसमें फ्लेवोनॉयड और अल्ली सल्फाइड जैसे तत्व होते हैं जो ऐसे एंजाइम को बढ़ने से रोकते हैं जो कैंसर सेल्स बना सकते हैं। इसलिए अगर अपना कैंसर होने का रिस्क कम करना चाहते हैं तो आप को अपनी रोजाना की डाइट में हरे प्याज को शामिल करना शुरू कर देना चाहिए।

## स्किन के लिए लाभदायक

स्प्रिंग अनियन का सेवन करना आपकी स्किन के लिए भी काफी लाभदायक होता है। इसका सेवन करने से स्किन रेडिएंट रहती है। इसमें विटामिन सी होता है और यह शरीर में कॉलेजन की मात्रा को बढ़ाने में मदद करता है। अगर आप एजिंग के लक्षण देर से आएं, यह चाहती है तो अपनी रोजाना की डाइट में हरे प्याज को जरूर शामिल करें। इसका सेवन करने से स्किन स्मूद होती है और झुर्रियां कम होती हैं। साथ ही कॉलेजन के उत्पादन से आप को जल्दी एजिंग लक्षण नहीं देखने को मिलते हैं और स्किन काफी जवान और स्मूद लगती है।

## दिल के लिए लाभदायक

हरे प्याज का सेवन करना दिल की सेहत के लिए भी काफी लाभदाई हो सकता है। इसमें प्राकृतिक रूप से पोटेशियम पाया जाता है और यह ब्लड प्रेशर को नॉर्मल बनाने में भी मदद करता है। यह आपके शरीर में अच्छे कोलेस्ट्रॉल लेवल को बढ़ाने में मदद करता है। LDL कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करने में सहायक होते हैं। इसका सेवन करने से हार्ट अटैक और स्ट्रोक का रिस्क काफी हद तक कम हो सकता है।





# आप भी पीते हैं नमक वाली चाय?

## जानें इससे होने वाले गंभीर नुकसान

**चाय में दूध के साथ नमक मिलाकर पीने से अपच, एसिडिटी और ब्लड प्रेशर समेत कई गंभीर समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है।**

चाय भारत में पानी के बाद सबसे ज्यादा पी जाने वाली ड्रिंक है। इसका सेवन बड़े-बूढ़ों से लेकर बच्चे भी करते हैं। चाय का मार्केट इतना बड़ा है कि दुनियाभर में अलग-अलग तरह की चाय मिलती है। आमतौर पर लोग दूध वाली चाय का ही सेवन करते हैं। भारत में मसाला चाय और हर्बल चाय का भी चलन है। सावधानीपूर्वक और सही तरीके से चाय का सेवन करने से शरीर को फायदे भी मिलते हैं। लेकिन गलत तरीके से इसका सेवन करना सेहत के लिए गंभीर होता है। चाय का सेवन करने वाले कुछ लोग इसमें नमक मिलाकर भी पीते हैं। नमक वाली चाय सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकती है।

### नमक वाली चाय पीने के नुकसान

नमकीन चाय एक प्रकार की चाय है जिसमें नमक और अन्य मसाले डाले जाते हैं। अक्सर लोग चाय बनाते समय दूध के साथ कुछ मात्रा में नमक भी डाल देते हैं। सर्दी-जुकाम या इन्फेक्शन होने पर भी लोग नमकीन चाय का सेवन करते हैं। नक्लीनिकल डाइटिशियन कहते हैं, चाय में दूध के साथ नमक मिलाकर पीना नुकसानदायक होता है। नमक वाली चाय का सेवन करने से कई गंभीर नुकसान का खतरा रहता है। इसलिए चाय में दूध के साथ नमक मिलाकर पीने से बचना चाहिए। नमक वाली चाय पीने के नुकसान इस तरह से हैं-

**हाई ब्लड प्रेशर** - दूध वाली चाय में नमक डालकर पीने से हाई ब्लड प्रेशर का खतरा रहता है। नमक ज्यादा खाने से ब्लड में नाट्रियम की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे बीपी बढ़ सकता है।

**शरीर में पानी भरना** - नमक वाली चाय का ज्यादा सेवन करने से शरीर में पानी भर सकता है। इसकी वजह से पेशाब की समस्या भी हो सकती है।

**गैस और एसिडिटी** - नमक के अधिक सेवन से पाचन तंत्र में समस्याएं हो सकती हैं, जिससे गैस और एसिडिटी का खतरा रहता है। यह पेट में असहजता और तकलीफ का कारण बन सकता है।

**पाचन तंत्र के लिए हानिकारक** - नमकीन चाय का अधिक सेवन करने से पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचता है। इससे कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं।

**शरीर में पानी की कमी** - नमक के अत्यधिक सेवन से शरीर में पानी की मात्रा कम हो जाती है, जिससे कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं।

### नुकसान से कैसे बचें?

नमक वाली चाय का सेवन शरीर में ऊपर बताई गई समस्याओं का कारण हो सकता है। इसके अलावा चाय का भी ज्यादा मात्रा में सेवन करने से कई गंभीर नुकसान होने का खतरा रहता है। चाय पीने की वजह से होने वाले नुकसान से बचने के लिए हेल्दी डाइट और एक्टिव लाइफस्टाइल अपनानी चाहिए। इसके नुकसान से बचने के लिए डाइट में फल, सब्जी और हेल्दी चीजों को शामिल करें। नियमित रूप से व्यायाम और एक्सरसाइज का अभ्यास करने से भी इसके नुकसान को कम करने में मदद मिलती है।



# डेवलपमेंट ट्रॉमा डिसऑर्डर क्या है?

## जानें बच्चों में दिखाई देने वाले इसके लक्षण

**बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए डेवलपमेंट ट्रॉमा डिसऑर्डर एक चिंता का विषय है। ट्रॉमा स्वयं विभिन्न रूपों में प्रकट हो सकता है। कई बार बचपन में कुछ बच्चों ऐसी घटना का सामना करना पड़ता है, जिसका असर उन्हें बाद तक महसूस होता है। इसका प्रभाव बच्चे के जीवन में कई तरह की नकारात्मकता को ला सकता है। इसकी वजह से बच्चे के मानसिक विकास प्रभावित होता है। बच्चा अन्य बच्चों की तुलना में पिछड़ सकता है। इस लेख में आगे जानेगें कि डेवलपमेंट ट्रॉमा डिसऑर्डर क्या है। इस दौरान कैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं।**

इस स्थिति में बच्चों को घर के सदस्य या करीबी से मानसिक समस्या हो सकती है। डेवलपमेंट ट्रॉमा डिसऑर्डर (डीटीडी) में बच्चे की भावनाओं पर बुरा असर पड़ता है। डीटीडी प्रतिकूल परिस्थितियों, जैसे दुर्व्यवहार, उपेक्षा, या घरेलू वातावरण में अस्थिरता के कारण हो सकता है। डेवलपमेंट ट्रॉमा डिसऑर्डर के कारण अलग-अलग हो सकते हैं, जो अक्सर सामाजिक-आर्थिक और पारिवारिक स्थितियों से जुड़े होते हैं। बच्चे अक्सर शारीरिक, भावनात्मक या यौन शोषण के साथ-साथ अपने करीबी के द्वारा उपेक्षा या छोड़ने के चलते डेवलपमेंट ट्रॉमा डिसऑर्डर महसूस कर सकते हैं।

### डेवलपमेंट ट्रॉमा डिसऑर्डर के लक्षण

लोगों के साथ जुड़ने में मुश्किल होना

डेवलपमेंट ट्रॉमा डिसऑर्डर का एक प्रमुख लक्षण है कि बच्चे देखभाल करने वालों या अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों के साथ सुरक्षित महसूस नहीं करते हैं। बच्चे किसी पर ट्रर्स्ट नहीं कर पाते हैं। इसका असर बच्चे के सामाजिक और भावनात्मक डेवलपमेंट में भी पड़ सकता है।

### भावनात्मक विकृति

डेवलपमेंट ट्रॉमा डिसऑर्डर वाले बच्चे अक्सर अपनी भावनाओं को नियंत्रित नहीं कर पाते हैं, तेजी से मूड स्विंग्स, क्रोध या आक्रामकता जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। यह बच्चे के ट्रॉमा की वजह से उत्पन्न होता है। बच्चे किसी से बात नहीं कर पाते हैं।

### हमेशा डर में रहना

ट्रॉमा के अपने पिछले अनुभवों के कारण, बच्चे अक्सर अपने वातावरण में संभावित खतरों के प्रति अतिसतर्कता और बढ़ी हुई संवेदनशीलता प्रदर्शित करते हैं। वे अपरिचित स्थितियों या व्यक्तियों से अत्यधिक सावधान हो सकते हैं। किसी कार्य को वह बार-बार टालने लगते हैं।

### कॉग्नेटिव माइंड पर असर

डेवलपमेंट ट्रॉमा डिसऑर्डर में बच्चे के संज्ञानात्मक कामकाज (कॉग्नेटिव माइंड) प्रभावित हो सकता है, जिससे बच्चा केंद्रित करने, सीखने और जानकारी को याद नहीं रख पाता है। बच्चे की पढ़ाई में भी इसका असर पड़ता है।

### व्यवहार में बदलाव

कुछ मामलों में, डेवलपमेंट ट्रॉमा डिसऑर्डर वाले बच्चे अपने भावनात्मक दर्द से बचने के लिए आक्रमक हो जाते हैं। उनके व्यवहार गुस्से में बदलने लगता है। इसकी वजह से उनको घर के अन्य लोगों से डांट खाने को मिल सकती है।

डेवलपमेंट ट्रॉमा डिसऑर्डर एक जटिल और चुनौतीपूर्ण मानसिक स्वास्थ्य समस्या है, जो प्रभावित बच्चों के जीवन पर गहरा प्रभाव डालती है। यदि, बच्चे में इस तरह के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री 24 फरवरी से असम के दो दिवसीय दौरे पर आएंगे: हिमंत

**गुवाहटी, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी से असम के दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री 8,000 कलाकारों द्वारा रिकॉर्ड बनाने वाले झुमुर नृत्य प्रदर्शन को देखने के लिए शाम पांच बजे यहां पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि वह (प्रधानमंत्री मोदी) अगले दिन 'एडवांटेज असम शिखर सम्मेलन' के उद्घाटन सत्र में भी शामिल होंगे। शर्मा ने कहा कि वह हाल ही में प्रधानमंत्री की राज्य यात्रा को अंतिम रूप देने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में थे और साथ ही अन्य केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर उन्हें निवेश शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। दो दिवसीय 'एडवांटेज असम शिखर सम्मेलन' का दूसरा संस्करण 25 फरवरी से यहां आयोजित किया जाएगा ताकि साझेदारी व सहयोग को मजबूत किया जा सके और साथ ही व्यापार के विस्तार व नए निवेश को आगे बढ़ाने के लिए राज्य में उपलब्ध असंख्य संभावनाओं के बारे में मूल्यवान जानकारी प्राप्त की जा सके। असम में 24 फरवरी को 8,000 कलाकार झुमुर नृत्य की प्रस्तुति देकर रिकार्ड तोड़ने का प्रयास करने जा रहे हैं जबकि पिछले वर्ष 11,298 प्रतिभागियों ने 'एक ही स्थान पर सबसे बड़ा बिहू नृत्य' कर गिनीज विश्व रिकार्ड बनाया था।

### सैन्य अधिकारी और मंगेतर की प्रताड़ना मामले में ओडिशा सरकार ने जांच आयोग का कार्यकाल बढ़ाया

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा में बीते साल सितंबर में हिरासत में सेना के अधिकारी और उसकी मंगेतर को प्रताड़ित करने का मामला सामने आया था। इसकी जांच के लिए जस्टिस चित्तरंजन दास जांच आयोग का गठन किया गया। इसके सचिव सुवेंदु मोहंती ने बताया कि जांच पूरी नहीं हुई है, इसलिए आयोग का कार्यकाल 28 फरवरी तक बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा, 14-15 सितंबर 2024 की रात को भरतपुर पुलिस स्टेशन में कथित तौर पर एक घटना हुई थी, जिसमें एक सेना अधिकारी और उसकी मंगेतर के साथ पुलिस स्टेशन में कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया गया था। इस संबंध में एफआईआर और काउंटर एफआईआर दर्ज की गई थी। राज्य सरकार ने न्यायमूर्ति चित्तरंजन दास की अध्यक्षता में जिस जांच आयोग का गठन किया उसने अक्तूबर 2024 में अपनी जांच शुरू की... अब सरकार ने आयोग का कार्यकाल 28 फरवरी 2025 तक बढ़ा दिया क्योंकि सभी 35 गवाहों से पूछताछ और जांच पूरी करना संभव नहीं हुआ।

### ओडिशा में डिप्टी डायरेक्टर के घर से 1.5 करोड़ नकद जब्त

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के मलकानगिरी जिले में राज्य सरकार के एक अधिकारी के घर से 1.5 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए हैं। भ्रष्टाचार निरोधक सतर्कता विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में मलकानगिरि के वाटरशेड उप निदेशक शांतनु महापात्रा के घर पर छापा मारा। विभाग की ओर से जारी बयान में कहा गया कि छापे की कार्रवाई विशेष न्यायाधीश (सतर्कता विभाग, जयपुर) की ओर से जारी तलाशी वारंट के आधार पर की गई। इसमें 2 एएसपी, 4 डीएसपी, 10 इंस्पेक्टर, 6 एएसआई और अन्य सहायक कर्मचारी शामिल थे। छापे की कार्रवाई मलकानगिरि, कटक और भुवनेश्वर समेत कुल सात स्थानों पर जारी है। महापात्रा से जुड़े लोगों के घरों की भी तलाशी ली जा रही है।

### ओडिशा में मालगाड़ी के तीन डिब्बे बेपटरी

**सुंदरगढ़, एजेंसी।** ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में राउरकेला रेलवे स्टेशन के पास बुधवार को एक मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि पटरी पार करने के बाद तीनों वैगन मालगोदाम झुग्गी बस्ती में रेलवे पटरियों के निकट स्थित घरों के पास पहुंच गए। झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया, जब डब्बे हमारी कॉलोनी की ओर बढ़े तो हम अपने घरों से भाग निकले। दुर्घटना के कारण रेलवे गेट-बसंती कॉलोनी मार्ग पर यातायात बाधित हो गया है।

# त्रिपुरा में सियासी हलचल: वादे पूरे न होने पर सत्ता छोड़ने को तैयार टिपरा मोथा

**अगरतला, एजेंसी।**
त्रिपुरा में सियासी गर्मी बढ़ने वाली है. जानकारी के मुताबिक यहां की टिपरा मोथा पार्टी (टीएमपी) के सुप्रीमो प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा ने एक बड़ा बयान दिया है. उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि पार्टी से किए गए वादे पूरे नहीं होते हैं तो उनकी पार्टी राज्य में सत्ता से बाहर होने के लिए तैयार है. बता दें, टीएमपी ने 2023 का त्रिपुरा विधानसभा चुनाव अकेले लड़ा था और 13 सीटें जीतकर सबको चौंका दिया था. इसके बाद, पिछले साल लोकसभा चुनावों से ठीक पहले पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में शामिल हो गई थी.



बुधवार को पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर फेसबुक पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए देबबर्मा ने कहा, हमने सुरक्षा, भूमि, शिक्षा, पहचान, त्रिपुरा स्वायत्त जिला परिषद (टीटीएएडीसी) को प्रत्यक्ष वित्त पोषण और संस्कृति के अधिकार मांगे हैं, जो स्पष्ट रूप से देश के खिलाफ नहीं हैं. ऐसा लगता है कि कुछ लोग हमें धोखा दे रहे हैं. उन्होंने आगे कहा, अगर हमें वादे के मुताबिक अधिकार नहीं दिए जा रहे हैं, तो हम सत्ता से बाहर रहने के लिए तैयार हैं. अगर हम अपने लोगों की मदद नहीं कर सकते तो सत्ता में रहने का कोई मतलब नहीं है. हमारे लिए राजनीति महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि लोगों के लिए सही मायने रखता है.

देबबर्मा ने पार्टी विधायकों और जिला परिषद (एमडीसी) के सदस्यों से सही समय पर सही निर्णय लेने के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने का आह्वान किया. उन्होंने आदिवासी परिषद क्षेत्रों में ग्राम समितियों के चुनाव कराने में देरी पर भी अपनी निराशा व्यक्त की. टीएमपी सुप्रीमो ने जोर देकर कहा कि वे अपने लोगों को धोखा नहीं दे सकते. उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर हमलों के बीच बांग्लादेश पाकिस्तान के करीब जा रहा है.

देबबर्मा ने कहा, यहां (त्रिपुरा) हम स्वदेशी लोगों के अधिकारों को सुनिश्चित करने में विफल हो रहे हैं. अगर उग्रवाद फिर से शुरू होता है, तो कौन जिम्मेदार होगा? यदि आप शांतिपूर्ण तरीके से कुछ चाहते हैं तो देरी होगी, लेकिन जब हिंसक गतिविधियां होती हैं, तो सरकार तुरंत प्रतिक्रिया देती है. उन्होंने सरकार से टिपरासा (त्रिपुरा के आदिवासी समुदाय) के लोगों की मांगों का समाधान लाने का आग्रह करते हुए कहा कि उनकी पार्टी पिछले एक साल से इसका इंतजार कर रही है. देबबर्मा ने स्पष्ट लहजे में कहा, मैं सरकार से समाधान लाने की अपील करता हूं. हम बहुत लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं. अब और इंतजार नहीं कर सकते. अपना मन बनाइए और हमें बताइए कि क्या आप हमारी मदद कर सकते हैं या हमें तय करने दीजिए कि हमें क्या करना है. उन्होंने आगे कहा, हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बहुत सम्मान करते हैं.

## प्रेमिका के लिए तीन करोड़ का घर बनवाने वाला चोर गिरफ्तार, दो दशक में बनाई करोड़ों की संपत्ति



**बंगलूरू, एजेंसी।** कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू में 9 जनवरी को हुई 14 लाख रुपये की चोरी के आरोप में एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके पास से 181 ग्राम सोने के बिस्किट, 33 ग्राम चांदी के गहने और एक बंदूक बरामद की है। आरोपी इतना शातिर है कि कई अभिनेत्रियों से उसके संबंध हैं और पूर्व में उसने चोरी के पैसों से अपनी प्रेमिका के लिए तीन करोड़ रुपये का बंगला भी बनवाया था। पुलिस ने बुधवार को बताया कि सोलापुर का रहने वाला आरोपी पंचाक्षरी स्वामी (37) शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं। जांच में पता चला कि स्वामी पिछले दो दशक से देशभर में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा था। अधिकारी ने बताया कि 2014-15 में स्वामी ने एक अभिनेत्री के साथ समय बिताना शुरू किया और उस पर दिल खोलकर खर्च किया। उन्होंने बताया कि स्वामी ने उस अभिनेत्री के लिए कोलकाता में 3 करोड़ रुपये का एक बंगला बनवाया था। इनता ही नहीं, अभिनेत्री को 22 लाख रुपये का एक एक्वेरियम भी भेंट किया था। 2016 में गुजरात में चोरी के दौरान स्वामी पकड़ा गया और उसे छह साल की जेल हो गई। रिहा होने के बाद उसने फिर चोरी करना शुरू कर दिया और महाराष्ट्र पुलिस के हत्थे चढ़ गया। 2024 में रिहाई के बाद से वह बंगलूरू में रहने लगा था।

## प्रतिबंधित संगठनों के साथ समझौतों से त्रिपुरा में शांति और समृद्धि आई: शाह



**अगरतला, एजेंसी।**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि त्रिपुरा अब देश के अन्य हिस्सों से पूरी तरह से जुड़ गया है, और प्रतिबंधित संगठनों के साथ समझौतों से इस पूर्वोत्तर राज्य में शांति एवं समृद्धि आई है। अगरतला में त्रिपुरा सरकार के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को नई दिल्ली से ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने पिछले सात वर्षों में कांग्रेस एवं वाममोर्चा के कई दशकों के शासन की तुलना में अधिक उपलब्धियां हासिल की हैं।

उन्होंने कहा, ''पिछले 10 वर्षों में प्रतिबंधित संगठनों के साथ हुए तीन समझौतों से त्रिपुरा में शांति और समृद्धि आई है।'' भाजपा नेता इस बात पर जोर देते रहे हैं कि पिछले कुछ वर्षों में त्रिपुरा और देश के बाकी हिस्सों के बीच भूमि, हवाई और रेल संपर्क में बेहतर सुधार हुआ है। भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन 2018 से राज्य में शासन कर रहा है। नियुक्ति पत्र वितरण को लेकर शाह ने कहा कि त्रिपुरा में माणिक साहा के नेतृत्व वाली सरकार ने बिना किसी भेदभाव के 'मल्टी-टास्किंग स्टाफ' (ग्रुप-डी) के 2,806 पदों के लिए भर्ती अभियान पूरा कर लिया है।

### ओडिशा में नदी में डूबे दो स्कूली छात्र, मौत

**खोरधा , एजेंसी।** ओडिशा के खोरधा जिले के बालियांता ब्लॉक के अंतर्गत रंगा बाजार के पास कुआखाई नदी में देवी सरस्वती की मूर्ति विसर्जन के दौरान दो स्कूली छात्रों की डूबकर मौत हो गई। सीएम मोहन चरण माझी ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। राज्य सरकार ने राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से प्रत्येक परिवार के लिए 4 लाख रुपये की मुआवजा राशि की घोषणा की है।

### रेस्टोरेंट में चिकन खाकर नौ बीमार

**मदुरै, एजेंसी।**
मदुरै के चिन्नकदाई स्ट्रीट शोलावंदन स्थित एक रेस्टोरेंट में ग्रिल्ड चिकन खाने के बाद नौ लोग बीमार पड़ गए। शिकायत के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस के अधिकारियों ने विस्तृत जांच शुरू की। इसमें रेस्टोरेंट में साफ-सफाई नहीं मिली। रेस्टोरेंट पर जुर्माना लगाया गया।

## एग्जिट पोल के रुझानों पर प्रमोद तिवारी ने कहा- हम इतनी सीटें जीत रहे हैं कि दिल्ली में सरकार बना सकें

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
दिल्ली चुनाव के बाद तमाम एजेंसियों के एग्जिट पोल रुझानों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनती दिख रही है। इस पर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल पर विश्वास नहीं किया जा सकता। हम इतनी सीटें जीत रहे हैं कि दिल्ली में सरकार बना सकें। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से कहा, हरियाणा चुनाव के बाद भी एग्जिट पोल में जो दिखाया गया, चुनाव परिणाम उससे अलग आया। ऐसे में एग्जिट पोल के रुझानों पर पूरा भरोसा नहीं किया जा सकता। एग्जिट पोल के हिसाब से कांग्रेस की कुछ सीटों पर इजाफा हो रहा है, लेकिन हमारे हिसाब से कांग्रेस की इतनी सीटों पर इजाफा हो रहा है कि हम सरकार बना सकें। डिपोर्ट करने और लगातार इस विषय पर अमेरिका से संपर्क में रहने के




बयान वाले विदेश मंत्रालय के बयान पर प्रमोद तिवारी ने तंज कसा। उन्होंने कहा, विदेश मंत्री एक सप्ताह से अमेरिका की राजधानी में पड़े हुए थे, वो क्या करके आए हैं? पीएम मोदी नारा लगाकर आए थे कि अगली सरकार ट्रंप सरकार। पीएम मोदी जिसके नारे लगा रहे थे, उसने भारतवासियों को डिपोर्ट किया। डिपोर्ट करना अपनी जगह है, लेकिन उन्होंने जहाजों में ठूस कर मालवाहक जहाज से भेजा। जिस विमान से लाया गया, उसका उपयोग सामान्य तौर पर सामान ढोने के लिए किया जाता है।

उन्होंने कहा, ऐसे भी आरोप लग रहे हैं कि उनके हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ी थी और 24 घंटे की यात्रा थी। भारतवासियों के सम्मान की दुर्दशा क्यों कह रहे हैं? ये सिर्फ उनके सम्मान की बात नहीं बल्कि भारत माता का भी अपमान हुआ है। मैं कठोरतम शब्दों में उनके कृत्य की निंदा करता हूं और सरकार की विदेश नीति की घोर आलोचना करता हूं।

## बारामुल्ला के पास सेना की गोलीबारी में ट्रक चालक की मौत, जारी किया बयान

**जम्मू, एजेंसी।** श्रीनगर से बारामुल्ला की ओर जा रहे एक ट्रक चालक की चिन्नेड संग्रामा, बारामुल्ला में जमकाश शोरूम के पास सेना द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान वसीम मजीद मीर, 35, पुत्र अब्दुल मजीद मीर के रूप में हुई है, जो गोरीपोरा दारपोरा बोमई, सोपोर का निवासी था। गोली लगने के बाद उसे सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) बारामुल्ला ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके शव को आगे की प्रक्रियाओं के लिए अस्पताल में रखा गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी स्थिति का आकलन करने के लिए जीएमसी बारामुल्ला पहुंचे हैं।

इस बीच, सेना ने घटनाओं के क्रम का विवरण देते हुए एक बयान जारी किया है। सेना के अनुसार, आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर 5 फरवरी, 2025 को बारामुल्ला में एक मोबाइल वाहन चेक पोस्ट (एमवीसीपी) स्थापित किया गया था। सेनधिकारियों के बकौल, ऑपरेशन के दौरान, सुरक्षा बलों ने एक तेज रफ्तार और संदिग्ध नागरिक ट्रक को देखा।

सेना का कहना था कि कई चेतावनियों के बावजूद, वाहन रुकने में विफल रहा और चेक पोस्ट पार करते समय तेज़ी से आगे बढ़ गया।

## तीन शिक्षकों ने मिलकर शौचालय में छात्रा का किया यौन उत्पीड़न, तीनों गिरफ्तार

**कृष्णागिरी एजेंसी।** तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले में तीन शिक्षकों ने गुरू-शिष्य के पवित्र रिश्ते को कलंकित कर दिया। एक सरकारी स्कूल में तीन शिक्षकों ने 13 साल की छात्रा का यौन उत्पीड़न किया है। तीनों आरोपियों को बुधवार को यौन अपराधों से बचों के संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार करने के बाद 15 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार यह अपराध 2 जनवरी को स्कूल के शौचालय के अंदर हुआ।

कृष्णागिरी कलेक्टर सी दिनेश कुमार के हवाले से बताया, कृष्णागिरी जिले के एक सरकारी मिडिल स्कूल में तीन शिक्षकों ने 13 वर्षीय छात्रा का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। तीनों शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया है और यौन अपराधों से बचों के संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है। आरोपी शिक्षकों को 15 दिनों की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

मामले से अवगत एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना कथित अपराध के एक महीने बाद 2 फरवरी को सामने आई, जब छात्रा के माता-पिता ने प्रधानाध्यापक के इस अपराध के बारे में सूचित किया। सूचना मिलने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) और चाइल्ड हेल्पलाइन ने शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। उन्होंने कहा, पीड़िता के माता-पिता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर तीनों आरोपी शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है और उन्हें पोक्सो अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। आपको बता दें कि पिछले साल के अंत में तमिलनाडु में कोट्टूरपुरम पुलिस ने अन्ना विश्वविद्यालय मामले में एकमात्र आरोपी बिरयानी विक्रेता 37 वर्षीय ज्ञानसेकरन को गिरफ्तार किया था। उसने विश्वविद्यालय में जबरन घुसकर कथित तौर पर दूसरे वर्ष की छात्रा के साथ मारपीट की थी। पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में महिला ने कहा कि वह 23 दिसंबर को एक इमारत के पीछे अपने पुरुष मित्र के साथ घूम रही थी, तभी आरोपी ने उन्हें धमकाया। उसने पहले उसके पुरुष मित्र, तीसरे वर्ष के छात्र के साथ मारपीट की और फिर उसका यौन उत्पीड़न किया। उसने अगले दिन कोट्टूरपुरम के महिला पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

### सेल्फी लेने में व्यस्त युवक ट्रेन की चपेट में आया, मौत

**ठाणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रेलवे की पटरियों पर सेल्फी लेने में मशगूल 24 वर्षीय युवक की एक ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक पंधारी कांडे ने बृहस्पतिवार को बताया कि यह घटना मंगलवार शाम को अंबरनाथ और बदलापुर रेलवे स्टेशन के बीच एक फ्लाईओवर के नीचे हुई। कांडे के मुताबिक, मृतक की पहचान साहिर अली के रूप में हुई है, जो पश्चिम बंगाल का रहने वाला था और छुट्टियां मनाने के लिए ठाणे के अंबरनाथ इलाके में अपने रिश्तेदार के घर आया था। कांडे ने बताया कि साहिर मंगलवार को अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ सेल्फी लेने और तस्वीरें खिंचवाने के लिए एक फ्लाईओवर के नीचे रेलवे की पटरियों पर गया।

## लोकतंत्र खतरे में है और चुनाव आयोग निष्पक्षता दिखाने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है: अखिलेश यादव

**लखनऊ, एजेंसी।**
समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी निशाना साधते हुए कहा कि यह भाजपा का चुनाव लड़ने का तरीका है। चुनाव आयोग मर गया है, सफेद कपड़ा हमें भेंट करना पड़ेगा। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए हरसंभव तरीके अपना रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र खतरे में है और चुनाव आयोग निष्पक्षता दिखाने में पूरी तरह



विफल साबित हो रहा है। आपको बता दे की कल मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव थे ,तब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी । उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर में पुलिस मतदाताओं के आईडी कार्ड चेक कर रही है, जिसमें पुलिस के बड़े अधिकारी शामिल हैं। ऐसे लोगों को तुरंत हटा कर दंडात्मक कार्यवाही की जाए। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पुलिस अधिकारी की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा था कि चुनाव आयोग तुरंत इस समाचार से जुड़ी तस्वीरों का संज्ञान ले कि अयोध्या की पुलिस मिल्कीपुर में मतदाताओं के आईडी कार्ड चेक कर रही है, जिसमें पुलिस के बड़े अधिकारी भी शामिल हैं। ये अप्रत्यक्ष रूप से मतदाताओं में भय उत्पन्न करके मतदान को प्रभावित करने का लोकतांत्रिक अपराध है। ऐसे

### राष्ट्रपति मुर्मू अगले सप्ताह झारखंड की दो दिवसीय यात्रा करेंगी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अगले सप्ताह झारखंड की दो दिवसीय यात्रा करेंगी और यहां एक कार्यक्रम में भाग लेंगी। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति 14 फरवरी को रांची पहुंचेंगी और अगले दिन बीआईटी मेसरा के हीरक जयंती समारोह में भाग लेंगी। अधिकारी ने बताया कि संस्थान में शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध और तकनीकी नवाचार के 70 साल पूरे होने का जश्न मनाया जाएगा। रांची के उपायुक्त (डीसी) मंजूनाथ भजंत्री ने बुधवार को राष्ट्रपति के दौरे की तैयारियों की समीक्षा के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की। आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। भजंत्री ने अधिकारियों से प्रोटोकॉल के मुताबिक समय पर तैयारियां पूरी करने को कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हवाई अड्डा, राजभवन और कार्यक्रम स्थल समेत प्रमुख स्थानों पर नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी तैनात करने का भी निर्देश दिया।

## पीएम मोदी सरकार की उम्मीद योजना, महिलाओं के सपनों को मिली उड़ान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
केंद्र सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर में चलाई जा रही उम्मीद योजना ने महिलाओं के सपनों को नई उड़ान दी है. इस योजना ने सिर्फ महिलाओं को रोजगार ही नहीं दिया है बल्कि उन्हें वह हौसला और आत्मविश्वास भी दिया है, जिसके दम पर वे आत्मनिर्भर बन सकती हैं. शिक्षित होने के बावजूद बेरोजगारी का दंश झेल रही महिलाएं इस योजना की मदद से घर की बेड़ियों को तोड़कर बाहर आई हैं. जम्मू-कश्मीर ग्रामीण आजीविका मिशन (जेकेआरएलएम) की उम्मीद योजना के तहत राजौरी के सीमावर्ती



जिले में महिलाओं ने मसाले और मसाला उत्पाद बनाने के लिए एक स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) बनाया है. इससे उन्हें रोजगार मिला है और प्रतिमाह हजारों रुपये की आमदनी भी हो रही है. यहां काम करने वाली महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया है.

योजना की एक लाभार्थी ने बताया, हम उम्मीद योजना का हिस्सा हैं और हमने स्पाइसी नाम से एक इकाई शुरू की है, जहां हम हल्दी, मिर्च, धनिया और अन्य मसाला पाउडर का प्रसंस्करण और पैकेजिंग करते हैं. हमारी इकाई में 10 समूह हैं, जिनमें से प्रत्येक में 10 महिलाएं हैं. पीएम मोदी का बहुत-बहुत धन्यवाद. हम चाहते हैं कि पीएम मोदी हम लोगों के लिए और भी स्कीम दें. जिससे ज्यादा से ज्यादा महिलाएं लाभांवित हो सकें. एक अन्य लाभार्थी ने कहा कि शिक्षित होने के बावजूद उनके पास रोजगार नहीं था. लेकिन, उम्मीद योजना ने उन्हें रोजगार दिया है और महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं.

### मुख्यमंत्री फडणवीस को अपनी बेटी की परवाह है, तो मराठा बच्चों की क्यों नहीं : जरांगे

**मुंबई, एजेंसी।** कोटा कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने बुधवार को पूछा कि मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस को अपनी बेटी की इतनी अधिक परवाह है, तो वह मराठा बच्चों के लिए भी उतना ही परवाह क्यों नहीं करते और उन्हें आरक्षण क्यों नहीं दे देते। मराठा समुदाय के लिए शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण की मांग को लेकर कई बार भूख हड़ताल कर चुके जरांगे ने फडणवीस के मंगलवार को दिए गए बयान का जिक्र किया। जरांगे ने कहा कि इस बयान में फडणवीस ने कहा था कि उनकी बेटी की 10वीं कक्षा की परीक्षा खत्म होने तक उन्होंने मुंबई में मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास में स्थानांतरित होने को स्थगित कर दिया था।

''हमने कल एक पिता का अपनी बेटी के प्रति प्यार देखा...अगर उन्हें अपनी बेटी की इतनी अधिक परवाह है, तो वह मराठा समुदाय के बच्चों की परवाह क्यों नहीं करते?'' उन्होंने कहा, ''आप अपनी बेटी की खातिर महज 500 मीटर दूर दूसरे बंगले में स्थानांतरित नहीं हो रहे हैं....तो फिर आपको हमारे बच्चों की दुर्दशा क्यों नहीं दिखती जो परीक्षा में कम नंबर आने पर फंदे से लटक जाते हैं?''

नेशनल गेम्स:

# बलराज पंवार चमके, पुरुष एकल स्कल में जीता स्वर्ण पदक



**टिहरी (उत्तराखंड), एजेंसी।** मध्य प्रदेश को उभरती हुई नौकाचालक खुशप्रीत कौर ने 8:40.35 के समय के साथ महिला एकल स्कल में पहला स्वर्ण दिलाया। महाराष्ट्र की मृण्मयी नीलेश (8:47.65) और अंडमान और निकोबार की अमृता मिंज (8ः48.18) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता।

पिछले साल चीन में एशियाई खेलों में कांस्य पदक से चूकने वाले पेरिस ओलंपियन बलराज पंवार ने बुधवार को राष्ट्रीय खेलों में पुरुषों की एकल स्कल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा में जन्मे पंवार ने सेना के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए सात मिनट और 26.68 सेकंड में दो किमी की दूरी पूरी कर अपने स्वर्ण पदक का बचाव किया।

उत्तराखंड के नवदीप सिंह (7:41.17) और महाराष्ट्र के गुरु प्रताप सिंह (8:04.01) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। दो बार के राष्ट्रीय चैंपियन पंवार ने पिछले साल हांग्झोऊ एशियाई खेलों में पदार्पण करते हुए चौथा स्थान हासिल किया था। पंवार ने 2023 गोवा राष्ट्रीय खेलों में 6:28.5 के समय के साथ पुरुष एकल स्कल स्वर्ण जीता था। मध्य प्रदेश को उभरती हुई नौकाचालक खुशप्रीत कौर ने 8:40.35 के समय के साथ महिला एकल स्कल में पहला स्वर्ण दिलाया। महाराष्ट्र की मृण्मयी नीलेश (8:47.65) और अंडमान और निकोबार की अमृता मिंज (8:48.18) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता।

**सुरुची को स्वर्ण, 10 मीटर एयर पिस्टल में हरियाणा का दबदबा**

हरियाणा की सुरुची ने बुधवार को राष्ट्रीय खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 245.7 अंक के साथ महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा की ही पलक ने 243.6 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया जबकि पंजाब की सिमरनप्रीत कौर बरार ने त्रिशूल निशानेबाजी रेंज में 218.8 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन्स में मध्य प्रदेश के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर क्वालीफाइंग दौर के बाद 598 अंक के साथ शीर्ष पर रहे। स्पर्धा में 33 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिनमें से आठ ने फाइनल में जगह बनाई। तोमर के अलावा सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) के चैन सिंह (594), नीरज कुमार (591) और निशान बुद्धा (589), महाराष्ट्र के स्वप्निल सुरेश कुसाले (588), उत्तर प्रदेश के अखिल श्योराण (587), मध्य प्रदेश के गोल्डी गुर्जर (587) और एसएससीबी के गंगा सिंह (587) ने फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन्स स्पर्धा का फाइनल बृहस्पतिवार को होगा।

इंडिया-इंग्लैंड पहला एकदिवसीय

## भारत ने इंग्लैंड को 248 रन पर किया ढेर, बटलर-बेथेल के अर्धशतक



**नागपुर, एजेंसी।** वनडे सीरीज के पहले मैच में भारत ने इंग्लैंड को 47.3 ओवर में 248 रन ढेर कर दिया। जोस बटलर और जैकब बेथेल के अर्धशतकों की बदौलत इस स्कोर तक पहुंच सका। अब भारत के सामने जीत के लिए 249 रन का लक्ष्य है। बटलर और बेथेल के अलावा फिल सॉल्ट (43) ने तीसरी सबसे बड़ी पारी खेली।

भारत की तरफ से हर्षित राणा और रविंद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 3-3 विकेट अपने नाम किए। टी20 सीरीज 4-1 से अपने नाम करने के बाद अब भारत नागपुर में जीत से वनडे श्रृंखला की शुरूआत करना चाहेगा। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला वनडे मैच नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। भारतीय टीम में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। विराट कोहली घुटने की समस्या के कारण पहला वनडे नहीं खेलेंगे। इसी के साथ ही ऋषभ पंत को भी बाहर रखा गया है और उनकी जगह विकेटकीपर के रूप में केएल राहुल को मौका मिला है। इंग्लैंड ने पहला विकेट फिल साल्ट का गंवाया जो 43 रन पर श्रेयर अय्यर और केएल राहुल की बदौलत रन आउट हुए।

बेन डकेट और हैरी ब्रूक को हर्षित राणा ने पवेलियन का रास्ता दिखाया। डकेट ने 29 गेंदों पर 32 रन की पारी खेली जबकि ब्रूक खाता खोलने में नाकाम रहे। जो रूट 19 रन पर जडेजा का शिकार बने और एलबीडब्ल्यू हुए। बटलर 52 रन की शानदार पारी खेलकर अक्षर की गेंद पर पांड्या के हाथों कैच आउट हुए। हर्षित ने अपना तीसरा विकेट लियाम लिविंगस्टोन का लिया जो 5 रन पर अभी मैदान पर पैर जमाने की कोशिश में थे। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने पहला विकेट लेते हुए ब्रायडन कार्से को 10 रन पर बोल्ड किया।

एलेक्स हेल्स ने किया बड़ा कमाल

## टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बने दूसरे बल्लेबाज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज एलेक्स हेल्स टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दुनिया के दूसरे बल्लेबाज बन गए. हेल्स इन दिनों इंटरनेशनल लीग टी20 में डेजर्ट वाइपर के लिए खेल रहे हैं. टूर्नामेंट का पहला क्वालीफायर डेजर्ज वाइपर और दुबई कैपिटल्स के बीच खेला गया. इसी मुकाबले में हेल्स टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने. मुकाबले में हेल्स ने 32 गेंदों में 5 चौके और 6 छक्कों की मदद से 67 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली, जिसकी बदौलत उन्होंने पोलार्ड का रिकॉर्ड धराशाई किया.

हेल्स ने अपने टी20 करियर में 13,558 रन बना लिए हैं. वहीं वेस्टइंडीज के कीरोन पोलार्ड ने अपने टी20 करियर में 13,537 रन स्कोर कर लिए हैं. बताते चलें कि पोलार्ड भी इंटरनेशनल लीग टी20 में खेल रहे हैं. पोलार्ड एमआई एमिरेट्स के लिए खेल रहे हैं. टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल 14,562 रनों के साथ अव्वल नंबर पर हैं. हेल्स ने मई, 2009 में टी20 डेब्यू किया था. वहीं पोलार्ड ने जुलाई 2006 में टी20 डेब्यू किया था. हेल्स ने अब तक 492 टी20 मुकाबले खेले हैं, जबकि पोलार्ड ने 695 मुकाबले खेल लिए हैं. इस लिहाज से हेल्स कम वक्त और कम मुकाबलों में पोलार्ड से ज्यादा टी20 रन बना लिए.

### इंटरनेशनल लीग टी20 में क्वालीफायर मैच हारी हेल्स की टीम

क्वालीफायर मुकाबले में एलेक्स हेल्स की टीम डेजर्ट वाइपर को दुबई कैपिटल्स के सामने 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा. मुकाबले में दुबई कैपिटल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया. पहले बैटिंग करने उतरी डेजर्ट वाइपर ने 20 ओवर में 189/7 रन बोर्ड पर लगाए. फिर लक्ष्य का पीछा करने उतरी दुबई कैपिटल्स ने 20 ओवर में 193/5 रन बनाकर 5 विकेट से जीत अपने नाम कर ली. इस दौरान टीम के लिए गुलबदीन नायब ने सबसे बड़ी पारी खेलते हुए 39 गेंदों में 7 चौके और 1 छक्के की मदद से 62 रन स्कोर किए.

रिटायरमेंट:

## मार्कस स्टोइनिस ने वनडे से अचानक लिया संन्यास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने आश्चर्यजनक रूप से तत्काल प्रभाव से एक दिवसीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने गुरुवार को कहा कि स्टोइनिस टी20 में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे, साथ ही उन्होंने कहा कि 50 ओवर के प्रारूप से संन्यास लेने का उनका फैसला टी20 क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करने के लिए है।

वनडे से स्टोइनिस के संन्यास का मतलब यह भी है कि सीए आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल करेगा। स्टोइनिस ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे क्रिकेट खेलना एक अविश्वसनीय यात्रा रही है और मैं टीम की जर्सी में बिताए हर पल के लिए आभारी हूं। उच्चतम स्तर पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए काफी खास है। जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा। स्टोइनिस ने एक बयान में कहा, यह कोई आसान फैसला नहीं था, लेकिन मेरा मानना है कि मेरे लिए वनडे से दूर रहने और अपने करियर के अगले अध्याय पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित करने का यह सही समय है। रॉन (एंड्रयू मैकडोनाल्ड) के साथ मेरे शानदार संबंध हैं और मैं उनके सपोर्ट की बहुत सराहना करता हूं। मैं पाकिस्तान में टीम का उत्साहवर्धन करूंगा। स्टोइनिस का ऑस्ट्रेलिया ने वनडे करियर की शुरुआत 2015 में ओल्ड ट्रैफर्ड से की थी। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ बतौर ऑल राउंडर बल्ले और गेंद से जौहर दिखाया। इसी दौरे पर उन्होंने अपना पहला टी20 मैच भी खेला था। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीम में खुद को स्थापित करने के लिए उन्हें अगले साल तक इंतजार करना पड़ा, जो उन्हें ईडन पार्क में न्यूजीलैंड के खिलाफ नाबाद 146 रन बनाकर और तीन विकेट लेकर मिला।

हेड कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, स्टोइनिस भारत में 2023 में होने वाले वनडे विश्व कप खिताब जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम का हिस्सा थे और उन्हें 2018-19 में देश का वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था। वह पिछले एक दशक से हमारे वनडे सेटअप का अहम हिस्सा रहे हैं। वह न केवल एक अमूल्य खिलाड़ी रहे हैं, बल्कि टीम में शामिल होने वाले एक अविश्वसनीय व्यक्ति भी हैं। वह एक स्वाभाविक लीडर, एक असाधारण लोकप्रिय खिलाड़ी और एक महान व्यक्ति हैं। उन्हें उनके वनडे करियर और उनकी सभी उपलब्धियों के लिए बधाई दी जानी चाहिए। चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होने से सिर्फ दो सप्ताह पहले स्टोइनिस के वनडे से संन्यास लेने और पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के चोटिल होने की चिंताओं के मद्देनजर सीए ने कहा कि राष्ट्रीय चयन पैनल (एनएसपी) श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के समापन के बाद चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम को अंतिम रूप देगा। ऑस्ट्रेलिया पहले ही ऑलराउंडर मिशेल मार्श को पीठ की चोट के कारण खो चुका है और स्टोइनिस के वनडे से बाहर होने से ऑस्ट्रेलिया के पास बेस्ट 15 का चयन करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है।

ऑस्ट्रेलिया को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 12 फरवरी तक आईसीसी को 15 सदस्यीय टीम का नाम सौंपना है।

## 2028 ओलंपिक की तैयारी, ट्रांसजेंडर एथलीट्स पर प्रतिबंध के लिए आईओसी पर दबाव डालेगा ट्रंप प्रशासन

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ट्रांसजेंडर एथलीटों के खिलाफ अपनी लड़ाई को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति तक ले जाने के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने बुधवार को महिला खेलों में ट्रांसजेंडर एथलीटों पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि उनका प्रशासन चाहता है कि लॉस एंजिलिस में 2028 के ग्रीष्मकालीन खेलों से पहले आईओसी ओलंपिक और इस बिल्कुल हास्यास्पद विषय से जुड़ी हर चीज को बदल दे। पात्रता लिंग के मुताबिक निर्धारित की जाती है. यह आदेश राज्य के सचिव के कार्यालय को आईओसी पर ओलंपिक खेल



आयोजनों को नियंत्रित करने वाले मानकों में संशोधन करने के लिए दबाव डालने का अधिकार देता है। इसके मुताबिक, महिला एथलीटों की निष्पक्षता, सुरक्षा और सर्वोत्तम हितों को बढ़ावा देना सर्वोपरि है। साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि महिलाओं के खेल आयोजनों में भागीदारी के लिए पात्रता लिंग के मुताबिक निर्धारित की जाती है, न कि लिंग पहचान या टेस्टोस्टेरोन में कमी के अनुसार।

आदेश में राज्य सचिव और होमलैंड सिक्योरिटी विभाग से महिलाओं के खेलों में भाग लेने के इच्छुक पुरुषों को अमेरिका में प्रवेश की अनुमति देने वाली नीतियों की आवश्यकतानुसार समीक्षा और समायोजन करने के लिए भी कहा गया है।

### लाहौर का गद्दाफी स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए तैयार: पीसीबी



**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में नवीनीकरण और आधुनिकीकरण का काम 117 दिन के रिकॉर्ड समय में पूरा हो गया है और अब यह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी सहित अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की मेजबानी के लिए तैयार है। पीसीबी ने एक बयान में कहा कि स्टेडियम में अब बेहतर सुविधाएं, नई फ्लडलाइट्स, हॉस्पिटैलिटी बॉक्स, अधिक दर्शकों के बैठने की क्षमता, इलेक्ट्रॉनिक स्कोरबोर्ड और शीर्ष स्तर के एलईडी टावर हैं।

पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने कहा, 'मैं उन सभी लोगों का आभारी हूं जिन्होंने आशंकाओं और आलोचनाओं के बावजूद स्टेडियम को समय पर तैयार करने के लिए दिन-रात काम किया। हाल ही में यह बताया गया था कि पीसीबी काम पूरा करने में कम से कम पांच सप्ताह पीछे चल रहा है। पीसीबी को 12 फरवरी तक स्टेडियम को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) को सौंपना है क्योंकि टूर्नामेंट एक सप्ताह बाद शुरू होगा। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ शुक्रवार को एक समारोह के दौरान स्टेडियम का आधिकारिक उद्घाटन करेंगे जहां अली जफर, आइमा बेग और आरिफ लोहार जैसे प्रसिद्ध कलाकार प्रस्तुति देंगे।

चैंपियंस ट्रॉफी:

## अंपायर नितिन मेनन का पाकिस्तान जाने से इनकार, रैफरी श्रीनाथ ने भी छुट्टी मांगी, कहा- 4 महीने से परिवार से दूर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व गेंदबाज और आईसीसी रेफरी जवागल श्रीनाथ और अंपायर नितिन मेनन आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान नहीं जाएंगे। मेनन ने निजी कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया। वहीं, श्रीनाथ ने एक अखबार से बातचीत में कहा है कि उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान आईसीसी से छुट्टी मांगी थी क्योंकि वह पिछले चार महीनों से सीरीज के लिए घर से बाहर थे। टूर्नामेंट 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान और दुबई में होना है। इस बार चैंपियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल में खेली जा रही है। टीम इंडिया के सभी मैच दुबई में खेले जाएंगे। नितिन मेनन नहीं जाएंगे पाकिस्तान की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र के बताया, मेनन ने पाकिस्तान की यात्रा न करने का फैसला किया है। उन्होंने निजी कारणों से अपना नाम वापस ले लिया। मेनन आईसीसी नियमों के कारण दुबई में अंपायरिंग नहीं कर सकते थे। नियमों के मुताबिक दो टीमों के बीच किसी भी मैच में अपने-अपने देश के अंपायर नहीं हो सकते। भारत सभी मैच दुबई में खेलेगा, ऐसे में वह इन मैचों में अंपायरिंग नहीं कर सकते थे। रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी मेनन को चैंपियंस ट्रॉफी रोस्टर में रखना चाहती थी, लेकिन उन्होंने निजी कारणों से पाकिस्तान की यात्रा न करने का फैसला किया।

नितिन मेनन का करियर नितिन मेनन ने अब तक 40 टेस्ट में अंपायरिंग की है। इनमें वह 30 बार मैदान और 10 बार टीवी अंपायर रहे। वनडे में मेनन 75 मैचों में अंपायरिंग कर चुके हैं। वहीं, टी-20 में भी उन्होंने 75 मैचों में अंपायरिंग की है। आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 12 अंपायरों और 3 मैच रेफरी की लिस्ट जारी की मेनन के इंकार करने के बाद आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अंपायरों की लिस्ट जारी कर दी। इस लिस्ट में 12 अंपायर और 3 मैच रेफरी के नाम का ऐलान किया है। जिसमें कोई भी भारतीय शामिल नहीं है। हालांकि, आईसीसी ने मेनन पर कोई टिप्पणी नहीं की। आईसीसी ने अपने बयान में कहा, 12 अंपायरों का एक पैनल आठ टीम के इस टूर्नामेंट में अंपायरिंग करेगा जिसमें से छह अंपायर 2017 में शामिल थे।

# इधर काव्या मारन ने 1000 करोड़ किए खर्च, उधर मिल गई गजब गुड न्यूज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** काव्या मारन के लिए 5 फरवरी 2025 लाजवाब गुजरा. क्योंकि, इस दिन एक नहीं बल्कि दो गुड न्यूज उनकी झोली में गिरी. एक तरफ जहां उन्होंने 1000 करोड़ रुपये खर्च कर इंग्लैंड की लीग 'द हण्ड्रेड' में टीम खरीदी. वहीं दूसरी ओर साउथ अफ्रीका की टी-20 लीग में हिचकोले खा रही उनकी टीम को फाइनल में पहुंचने का रास्ता मिल गया है.

उसने 5 फरवरी को एलिमिनेटर मुकाबला जीतकर अपने फाइनल खेलने और तीसरी बार चैंपियन बनने की उम्मीदों को जिंदा रखा है. एसए-20 में काव्या मारन की टीम सनराइजर्स ईस्टर्न कैप ने एलिमिनेटर मैच में जोबर्ग सुपरकिंग्स को शिकस्त दी.

**चले कप्तान, काव्या मारन की टीम की बढ़ी शान**

एलिमिनेटर मुकाबले में सनराइजर्स ईस्टर्न कैप ने पहले बल्लेबाजी की थी. उसने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 184 रन बनाए थे. सनराइजर्स की ओर से उसके कप्तान एडन मारक्रम ने कमाल की नाबाद पारी खेली और सबसे ज्यादा 40 गेंदों पर 62 रन बनाए. कप्तान मारक्रम की इनिंग में 6 चौके और 2 छक्के शामिल रहे. सनराइजर्स की बल्लेबाजी की खूबी ये रही कि उसके हरेक बल्लेबाज ने डबल डिजीट



में स्कोर किया. अब जोबर्ग सुपरकिंग्स के सामने जीत के लिए 185 रन बनाने का लक्ष्य था. मगर वो इस लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 152 रन ही बना सके और 32 रन से मुकाबला हार गए.

अब जैसा कि मुकाबला ही एलिमिनेटर था तो इसमें हार के साथ ही जोबर्ग सुपर किंग्स खिताब की रेस से बाहर हो गई. वहीं जीत के साथ सनराइजर्स ईस्टर्न कैप को क्वालिफायर 2 खेलने का लाइसेंस मिल गया, जिसे जीतकर उसके पास फाइनल में जाने का मौका होगा. सनराइजर्स को एलिमिनेटर में मिली जीत के हीरो खुद उसके कप्तान एडन मारक्रम बने.

### नॉर्दन सुपरचार्जर्स में 100 फीसद हिस्सेदारी खरीदी

काव्या मारन की एसए-20 में सनराइजर्स ईस्टर्न कैप का एलिमिनेटर जीतना दोहरी खुशी जैसा रहा. इसी तरह की खुशी उन्हें इंग्लैंड की द हण्ड्रेड लीग में टीम खरीदकर मिली है. उन्होंने 100 गेंदों वाली लीग में नॉर्दर्न सुपर चार्जर्स की 100 फीसद हिस्सेदारी करीब 1000 रुपये खर्च कर खरीदी है. काव्या मारन आईपीएल से जुड़ी तीसरी ऑनर हैं, जिन्होंने द हण्ड्रेड में टीम खरीदी हैं.

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड के विधायकों, मंत्रियों के साथ राहुल गांधी व खरगे की मुलाकात अब 7 को

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के विधायकों और मंत्रियों के साथ राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे की मुलाकात अब सात फरवरी को होगी। पहले यह मुलाकात छह फरवरी को होनी थी। कांग्रेस प्रवक्ता सोनल शांति ने बताया कि बैठक के दौरान विभिन्न मुद्दों, विशेषकर आगामी बजट, नगर निकाय चुनाव और अपने मंत्रियों के प्रदर्शन पर चर्चा की जाएगी। चुनाव के दौरान झारखंड की जनता से किये वादों और गारंटी के कार्यान्वयन के बारे में राष्ट्रीय नेतृत्व को जानकारी दी जायेगी। साथ ही आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए रणनीतियों पर चर्चा भी होगी।

### बोकारो पुलिस लाइन के पास महिला का शव बरामद, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो पुलिस लाइन के पास स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय के पीछे एक महिला का शव बरामद हुआ है। उक्त मृत महिला का शव कीचड़ से सना हुआ है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उस महिला का दोनों हाथ की कलाई कटा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच में जुटी है। मौके पर सेक्टर 12 के थाना प्रभारी के साथ साथ सार्जेंट मेजर भी मौजूद हैं।

### कहीं भी अफीम खेती होते पायी गयी तो वहां के अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

**पलामू, एजेंसी।** पलामू पुलिस ने अफीम की खेती को रोकने के लिए कड़ा रूख अपनाया है। आईजी सुनील भास्कर ने सपष्ट कर दिया है कि जिस क्षेत्र में अफीम की खेती होते पायी जाती है वहां के रेंजर, फॉरेस्टर और मुखिया पर कार्रवाई होगी। ज्ञात हो कि डीजीपी अनुराग गुप्ता ने भी अफीम की खेती पर रोक लगाने के लिए पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है। इसके लिए विभिन्न जिलों की पुलिस भी ऑपरेशन चॉकलेट के नाम से अभियान चला रही है। पुलिस ने जनवरी तक पलामू और लातेहार जिले में 188 एकड़ में लगे अफीम की खेती को नष्ट किया है। अब तक इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा गया है। इसके अलावा ऐसे करीब 10 लोगों को चिन्हित भी किया गया है, जो अफीम की खेती करने में लोगों की मदद कर रहे हैं। पुलिस इनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। झारखंड के पुलिस महानिदेशक का भी इस दिशा में पूरा फोकस है। उन्होंने कहा आगे कहा कि अफीम की खेती को रोकने के लिए पुलिस ने प्रमंडल के विभिन्न क्षेत्रों के वन विभाग के रेंजर, फॉरेस्टर, संबंधित क्षेत्र के मुखिया व चौकीदार को नोटिस दिया है। आईजी सुनील भास्कर ने कहा कि पुलिस ने नोटिस के माध्यम से उन्हें सूचित किया है कि यदि उनके क्षेत्र में कहीं अफीम या पोस्ते की खेती हो रही है, तो इसकी तुरंत सूचना दें। ताकि उसे नष्ट किया जा सके। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि कहीं भी अफीम और पोस्ते की खेती नहीं हो। लेकिन इसके बाद यदि उनके क्षेत्र में अफीम और पोस्ते की खेती पायी जाती है, तो संबंधित क्षेत्र के रेंजर, फॉरेस्टर, मुखिया व चौकीदार पर प्राथमिकी दर्ज की जायेगी।

### गैंगस्टर प्रिंस खान के चार गुर्गे अरेस्ट, बड़ी वारदात को अंजाम देने की थी साजिश, बम और गोलियां बरामद

**धनबाद, एजेंसी।** वासेपुर के फरार गैंगस्टर प्रिंस खान के गुर्गे चार फरवरी को किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने वाले थे। इस दिन मुख्यमंत्री समेत राज्य के कई मंत्री धनबाद में ही थे। इसी दौरान वे अपराध की योजना बना रहे थे। इसी बीच एसएसपी को इसकी सूचना मिली और बैंकमोड़ पुलिस की मदद से मटकुरिया पावर हाउस तथा रेलवे लाइन के बीच एक बाउंड्री वॉल के पास से चारों अपराधियों को पकड़ा गया। पुलिस ने वासेपुर मदीना नगर निवासी आजाद आलम उर्फ आजाद खान, मटकुरिया घुरनी जोड़िया निवासी सोनू कुमार नायक, करकेंद बाजार निवासी सचिन यादव व मटकुरिया चेक पोस्ट निवासी गोलू कुमार रवानी उर्फ बुम्बा को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम ने बैंक मोड़ थाना में दी। डीएसपी नौशाद आलम ने बताया कि पकड़े गये सभी आरोपी प्रिंस खान के लिए काम करते हैं। प्रिंस खान और उसके भाइयों के कहने पर आजाद की योजना चासनाला में चल रहे रेलवे के काम को बाधित करने की थी। यहां ठेकेदार को भी धमकी देकर रंगदारी वसूलना था। सभी चार फरवरी को ही घटना को अंजाम देने वाले थे।

# डेढ़ किलोमीटर तक गिट्टी पर दौड़ती रही ट्रेन, यात्रियों के बीच मची अफरातफरी, बाल-बाल बची रांची-सासाराम इंटरसिटी

**रांची, एजेंसी।** बुधवार को रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस एक बड़े हादसे से बाल-बाल बच गई। पिस्का से रांची स्टेशन के बीच करीब डेढ़ किलोमीटर तक बेतरतीब तरीके से पटरी पर बैलेस्ट (गिट्टी) को रखकर छोड़ दिया गया था।

शाम करीब 5¬30 बजे, जब ट्रेन एमिटी यूनिवर्सिटी के पास से गुजर रही थी, तो पटरी पर रखे बैलेस्ट के टुकड़े उड़ने लगे।

इससे कुछ समय के लिए ऐसा लगा कि ट्रेन का संतुलन बिगड़ सकता है और वह पटरी से उतर जाएगी। इस दौरान डस्ट कोच में धूल का गुबार फैल गया और घर्षण के कारण पहियों से चिंगारी निकलने लगी। यात्री डर गए और वे समझ नहीं पा रहे थे कि यह क्या हो रहा है।

लगभग डेढ़ किलोमीटर की इस अप्रत्याशित यात्रा के बाद, लोको पायलट ने ट्रेन को रोका और लगभग दस मिनट तक रुकी रही।

इसके बाद उन्होंने कोच के नीचे जाकर स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि ट्रेन में कोई भी नुकसान नहीं हुआ है।




सभी सुरक्षा उपायों को चेक करने के बाद ट्रेन को आगे बढ़ने की अनुमति दी गई। इस घटना के कारण जिससे ट्रेन के यात्री घबराए हुए थे।

पटरियों पर गिट्टी को छोड़ दिया गया था, जो कि पूरी तरह से लापरवाही दर्शाता है। रेलवे द्वारा बैलेस्ट का गलत तरीके से पटरी पर छोड़ना एक बड़ी चूक है। ट्रेन उस वक्त 1200 से अधिक यात्री यात्रा कर रहे थे।

ऐसी जानकारी नहीं मिली है। पूरे सेक्शन में गिट्टी डालने का काम चल रहा है। इसमें ऐसी परेशानी की कोई बात नहीं है। गिट्टी को पटरी के किनारे गिराने का काम चल रहा है।-निशांत कुमार, सीनियर डीसीएम, रांची रेल मंडल

आरपीएफ की टीम ने शराब की तस्करी कर रहे एक व्यक्ति को रांची स्टेशन से पकड़ा गया। लगेज स्कैनर एफओबी (उत्तर दिशा) पर ड्यूटी के दौरान एलसी एसपी किरो की ओर से सूचित किया गया कि एक व्यक्ति संदिग्ध तरीके से स्टेशन पर अपनी सामान की जांच कराए बिना भागने की कोशिश कर रहा था।

इसके बाद, एसआइ सोहनलाल और फ्लाइंग टीम ने मौके पर पहुंचकर उस व्यक्ति की ट्राली बैग की जांच की। जांच के दौरान बैग में 12 बोतलें रम बरामद हुई।

पूछताछ करने पर आरोपी ने अपनी पहचान अजित कुमार (28 वर्ष), निवासी शरण सिंह टोला, नाघरही बड़ीयापुर, जिला मुंगेर, बिहार के रूप में दी। जब उससे शराब के बारे में सवाल किया गया, तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया और न ही उसके पास शराब के वैध दस्तावेज थे।

फिर एसआइ सोहनलाल ने आरोपी को गवाहों की उपस्थिति में शराब की बोतलें जब्त कर लीं और आरोपी को आरपीएफ पोस्ट रांची लाया गया।

सभी कानूनी औपचारिकताओं के बाद आरोपी को हाजत में रखा गया और इसके बाद शराब को एक्साइज कार्यालय रांची के हवाले किया गया।

### केंद्र के पास बकाया 1।36 लाख करोड़ हासिल करने को होगा एक और हूल : कल्पना

**दुमका, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड में एक और हूल होगा। यह हूल केंद्र सरकार के पास बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए हासिल करने के लिए होगा। इसके लिए कार्यकर्ताओं को तैयार रहने की जरूरत है। कल्पना सोरेन ने यह बातें दुमका के गांधी मैदान में सोमवार को आयोजित झामुमो के झारखंड दिवस समारोह में कहीं। अपने करीब 33 मिनट के भाषण में उन्होंने कई मुद्दों पर चर्चा की।

पार्टी कार्यकर्ताओं व आम जनता को भावनात्मक रूप से जोड़ा। विधानसभा चुनाव में झामुमो का साथ देने के लिए जनता के प्रति आभार जताया। लोग उनके एक-एक शब्द से प्रभावित नजर आ रहे थे।

पूरे भाषण के दौरान नगाड़ा बजता रहा। लोगों ने तालियां भी खूब बजाई।अपने ससुर व झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन का जिक्र करते हुए उन्होंने उनके संघर्ष की गाथा सुनाई। कहा कि झारखंड अलग राज्य का गठन गुरुजी के संघर्षों की बदौलत हुआ। गुरुजी ने झारखंड के लिए अपना पूरा जीवन न्योछावर कर दिया। राज्य सरकार के विकास कार्यों की चर्चा करते हुए उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन के दाढ़ी वाले लुक का भी जिक्र किया। कहा कि जब भी मीडिया में हेमंत सोरेन की तस्वीर आती है और गुरुजी उसे देखते हैं, तो कहते हैं कि यह तो मेरा प्रतिबिंब है।

## मध्याह्न भोजन के बाद बच्चों को खिलाई जाएगी फाइलेरिया से बचाव की दवा ! 10 फरवरी से राज्य के 14 जिलों में चलाया जाएगा अभियान



**रांची, एजेंसी।** झारखंड से वर्ष 2027 तक फाइलेरिया को समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। लिहाजा राज्य में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा मिशन मोड में वर्ष में दो बार 10 फरवरी और 10 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (ह्रष्ठ) के साथ मिलकर मॉस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान चलाया जाएगा है। इस क्रम में अब शहरी क्षेत्र के स्कूलों में एमडीए गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए स्कूली बच्चों के बीच व्यापक जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी अभियान की निगरानी रखेंगे। स्कूली बच्चों में फाइलेरिया को लेकर जागरुकता और समझ विकसित करने के लिए विद्यालयों में निबंध लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

**प्रथम चरण में 10 फरवरी को 14 जिलों में अभियान :** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम चरण में 10 फरवरी 2025 से राज्य के 14 जिलों में फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी। प्रथम चरण में जिन जिलों में एमडीए कार्यक्रम चलेगा उसमें पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, देवघर, धनबाद, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, कोडरमा, लोहरदगा, पाकुड़, रामगढ़, साहिबगंज, सिमडेगा और रांची जिला शामिल है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों को इस संबंध में पत्र भेजकर अभियान के सफल क्रियान्वयन का निर्देश दिए गए हैं।एमडीए और लिम्फेटिक फाइलेरियासिस के व्यापक जागरुकता हेतु राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में जागरुकता अभियान चलाया जाएगा।

**एमडीएम के बाद खिलाई जाएगी फाइलेरियारोधी दवा :** प्रदेश मुख्यालय से सभी जिले के शिक्षा पदाधिकारियों को भेजे गए पत्र में निर्देशित किया गया है कि सरकारी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के बाद ही बच्चों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाएं। साथ ही एमडीए कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी नोडल पदाधिकारी के रूप में जिला टास्क फोर्स की बैठक में भी अनिवार्य रूप से शामिल होंगे। जिससे शहरी क्षेत्रों के स्कूलों में एमडीए गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए विस्तृत निर्देश जारी किए जा सकें।

**लिम्फेटिक फाइलेरियासिस के बारे में किया जाएगा जागरूक :** जिला समन्वय समिति की बैठक में भी नोडल पदाधिकारी को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान भी विद्यार्थियों को लिम्फेटिक फाइलेरियासिस के बारे में जागरूक करने का आदेश दिया गया है। मास ड्रग्स एडमिस्ट्रेशन( एमडीए) गतिविधियों से पहले बच्चों में जागरुकता के लिए निबंध लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता भी कराने को कहा गया है।

## डीसी ने की राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियों की समीक्षा, दिए निर्देश



**रांची, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 14-15 फरवरी को प्रस्तावित रांची आगमन की तैयारियों को लेकर डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने बैठक की। बैठक में डीसी ने राष्ट्रपति के परिभ्रमण कार्यक्रम की तैयारी एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि प्रोटोकॉल के अनुसार समय पर सारी तैयारियां सुनिश्चित करें। एयरपोर्ट, राजभवन एवं कार्यक्रम स्थल के लिए नोडल पदाधिकारियों एवं सहायक नोडल पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया गया।

राष्ट्रपति के परिभ्रमण कार्यक्रम के प्रस्तावित मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने, अव्यवस्थित बिजली के खंभों एवं तार को व्यवस्थित करने, गड्ढों को भरने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। सभी ऊंचे भवनों एवं संवेदनशील स्थानों की पहचान कर सुरक्षा मुहैया कराने के लिए निर्देशित किया गया।

## मनरेगा के तहत मजदूरों को नहीं मिला काम, तीन बीडीओ और बीपीओ पर कार्रवाई



**पलामू, एजेंसी।** मनरेगा के तहत लक्ष्य के अनुरूप मजदूरों को काम नहीं देने पर तीन प्रखंड विकास पदाधिकारी और तीन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पर कार्रवाई की गयी है। पलामू के उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने मजदूरों को काम नहीं देने पर सभी पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने बुधवार को मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, पीएम जन्म और अबुआ आवास योजना की ऑनलाइन समीक्षा की। इस समीक्षा में पाया गया कि पलामू के कई प्रखंडों में मनरेगा के तहत लक्ष्य के अनुरूप मजदूरों को रोजगार नहीं दिया गया है। मेदिनीनगर, पाटन, मोहम्मदगंज, बिश्रामपुर, हुसैनाबाद और शेष पलामू में 65।78 प्रतिशत से भी कम रोजगार दिवस सृजित किये गये हैं, जिसके कारण मनरेगा मजदूरों को काम नहीं मिल पाया है।

पलामू के पाटन में 61।25, मेदिनीनगर में 60।11 और विश्रामपुर में 58।21 प्रतिशत ही मानव दिवस सृजित हो पाया है। पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए उप विकास आयुक्त ने तीनों प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

समीक्षा में पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 से पूर्व की मनरेगा के तहत 14681 योजनाएं लंबित हैं। मनरेगा सॉफ्ट में लंबे समय से लंबित योजनाओं को बंद करने का निर्देश दिया गया है। उप विकास आयुक्त ने आवास योजना का लाभ जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इस दौरान विकास आयुक्त ने कई बिंदुओं पर विभिन्न अधिकारियों को निर्देश दिया है।

## हिंदुओं के धार्मिक स्थलों और मंदिरों के साथ शुरू से हो रहा भेदभाव- गोविंद देव

**धनबाद, एजेंसी।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट अयोध्या के कोषाध्यक्ष व श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के उपाध्यक्ष प्रसिद्ध कथावाचक गोविंद देव गिरि महाराज ने बुधवार को कहा कि हिंदुओं के धार्मिक स्थलों और मंदिरों के साथ भेदभाव होता रहा है। मंदिरों से होने वाली आय को सरकार अपने खजाने में ले लेती है और कुछ हिस्सा ही विकास के लिए देती है। जबकि दूसरे धर्मों के स्थलों से प्राप्त आय को सरकार छूती भी नहीं। उन्होंने संत समाज की सनातन बोर्ड गठित करने की मांग को जायज ठहराया। सरकार द्वारा धर्म के प्रति किए जा रहे भेदभाव के कारण ही इस तरह की मांगें उठ रही हैं। गोविंद देव गिरि श्रीहरि वनवासी फाउंडेशन धनबाद चैप्टर के अध्यक्ष बलराम अग्रवाल के गोविंदपुर स्थित आवास पर प्रवास के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जिस आंदोलन के लिए श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट की स्थापना की गई थी, वह सफल रहा। हालांकि अब भी कई कार्य बाकी हैं। मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट की भूमिका का जिक्र करते हुए कहा कि यद्यपि यह मामला अदालत में है, फिर भी ट्रस्ट श्रीकृष्ण



जन्मभूमि को ईदगाह से मुक्ति तक आंदोलन जारी रखेगा। मौनी अमावस्या के दिन महाकुंभ में हुई भगदड़ के मद्देनजर ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य जगदुरु अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस्तीफा मांगे जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह स्वयंभू जगदुरु हैं। इन्हें किसी ने यह पद नहीं सौंपा है। वह राजनीति कर रहे हैं। स्वामी गोविंद देव ने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद छात्र जीवन में कांग्रेस से संबद्ध छात्र संघ के नेता रह चुके हैं। इस अवसर पर कथावाचक प्रदीप कौशिक, समाजसेवी शंभूनाथ अग्रवाल, युवा उद्योगपति नंदलाल अग्रवाल व बलराम अग्रवाल, डॉ। यूएल विश्वकर्मा, राजेंद्र बंसल आदि मौजूद थे।

### गावां में भ्रष्टाचार के खिलाफ झामुमो का बेमियादी धरना शुरू

**गिरिडीह, एजेंसी।** भ्रष्टाचार के विरोध व लोगों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर झामुमो कार्यकर्ताओं ने गावां प्रखंड कार्यालय के सामने बुधवार को अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि प्रखंड के सभी विभागों में भ्रष्टाचार हावी है। मनरेगा, अबुआ आवास, जल नल योजना आदि की स्थिति बहुत ही खराब है। अबुआ आवास योजना में बगैर बिचौलिए का कोई काम नहीं हो रहा है। इसमें गरीब लोग आवास से वंचित हो रहे हैं। वहीं, सक्षम लोगो को इसका लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक सभी योजनाओं की जांच का आश्वासन वरीय अधिकारी नहीं देते हैं, तब तक धरना जारी रहेगा। मौके पर शिव यादव, शिवनारायण राउत, सोनू कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

# झारखंड में 26 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश का प्रस्ताव, 15 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार

**रांची/कोलकाता, एजेंसी।** झारखंड इन्वेस्टर्स हब बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हेमंत सरकार के मुताबिक उद्यमियों/निवेशकों ने झारखंड में 26 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इससे 15 हजार से ज्यादा रोजगार सृजित होगा। बिस्वा बांग्ला मेला प्रांगण, कोलकाता में शुरू हुए दो दिवसीय बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट- 2025 के तहत आयोजित एडवांटेज झारखंड में उद्यमियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उद्यम स्थापित करने की योजना की विस्तार से जानकारी दी। इन निवेशकों में से कई ने नए उद्यम लगाने तो कुछ उद्यमियों ने यहां पहले से स्थापित अपने उद्योगों के विस्तार के प्लान से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

निवेशकों ने निवेश को लेकर जमीन अधिग्रहण के साथ आ रही अन्य परेशानियों और समस्याओं को रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राज्य में उद्यम स्थापित करने की दिशा में आपने जो इश्यूज रखे हैं, उसे सरकार संज्ञान में लेकर उसका निराकरण करेगी। सरकार राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक ऐसी नीति और योजना के साथ आगे बढ़ रही है, जिसमें निवेशकों के साथ आम लोगों को भी फायदा होगा।




हमारा प्रयास वैसे उद्योगों को बढ़ावा देना है, जिससे ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन हो। इस राज्य में निवेश करने के लिए आगे बढ़ें, हमारी सरकार आपको सहयोग करेगी।

**दोनों को एक दूसरे का साथ चाहिए - सीएम**

मुख्यमंत्री ने निवेशकों से कहा कि झारखंड में खनिज संसाधनों की प्रचुरता के साथ कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां निवेश किया जा सकता है। इसके लिए जिस तरह आपको हमारा साथ चाहिए, वैसे ही हमें आपका साथ चाहिए। सभी के सहयोग से झारखंड में विकास को गति दे सकते हैं।

**इन उद्यमियों ने निवेश का दिया प्रस्ताव**

एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड से आयरन एंड स्टील उद्योग के लिए 8485 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव मिल चुका है। इससे 1400 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और 3000 से ज्यादा लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

द इंडियन स्टील एंड वायर प्रोडक्ट लिमिटेड ने स्टील और वायर उद्योग लगाने के लिए 1270 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इससे 600 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। गजानन फेरो प्राइवेट लिमिटेड ने 1050 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव रखा है। इससे 900 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

एस एम स्टील एंड पावर लिमिटेड ने पावर जेनरेशन के क्षेत्र में 2800 करोड़ रुपए के निवेश करने का प्रस्ताव दिया है। इससे 1600 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।

वॉल्टेक्स रेल प्राइवेट लिमिटेड ने विशेष स्टील प्लांट लगाने के लिए लगभग 4000 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इस प्लांट के लगने से 2000 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।

रामकृष्णा फोरगिन्स लिमिटेड में फेब्रिकेशन, ग्रे, एसजी और एडीआई कास्टिंग प्लांट के लिए लगभग 313 करोड़ रुपए से अधिक निवेश का प्रस्ताव है। इससे 500 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

बीएमडब्ल्यू इंडस्टरीज लिमिटेड ने कोल्ड रोलिंग मिल प्लांट के लिए लगभग 1100 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इस निवेश से 1500 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।

रश्मि मेटलिक्स लिमिटेड ने इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट के लिए 3800 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इससे 3000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

सुप्रीम मेटल एक्सपोर्ट लिमिटेड ने रोल्ड स्टील प्लांट लगाने के लिए 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा का प्रस्ताव दिया है। इससे 1500 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।

एसकेवाई कॉर्प ने मुख्यमंत्री को झारखंड में लेदर से जुड़े उत्पादों के निर्माण के लिए 400 करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश का प्रस्ताव दिया। इस निवेश से 1000 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। इससे झारखंड के लेदर उद्योग में एक नई क्रांति आएगी।